सुप्रभात
रांची, रविवार
11.08.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | सावन, शुक्ल पक्ष, सप्तमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 33



12 राष्ट्रपति को मिला तिमोर-लेस्ते का सर्वोच्च पुरस्कार

## न्यूज डायरी

### कैबिनेट सचिव गौबा की जगह लेंगे टीवी सोमनाथ

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने वरिष्ठ आइएएस अधिकारी टीवी सोमनाथन को कैबिनेट सचिव नियुक्त करने का निर्णय लिया है। वे राजीव गौबा की जगह लेंगे। झारखंड कैडर के अधिकारी राजीव गौबा 30 अगस्त 2019 से कैबिनेट सचिव के पद पर कार्यरत हैं। सोमनाथ का कार्यकाल 30 अगस्त से दो साल तक का होगा।

### प. सिंहभूम से 5 किलो का आइडी बरामद

**पश्चिमी सिंहभूम।** प. सिंहभूम पुलिस ने शनिवार को नक्सलियों की साजिश नाकाम कर जराईकेला थाना क्षेत्र के तिरिलपोसी जंगल से एक पांच किलो का आईईडी बरामद किया। आइडी को वहीं डिफ्यूज कर दिया गया। यह जानकारी एसपी आशुतोष शेखर ने दी।

### वज्रपात से एक की मौत पांच महिलाएं घायल

**दुमका।** हंसडीहा थाना क्षेत्र के बभनखेता गांव निवासी श्रवण मिर्धा की मौत शनिवार को वज्रपात की चपेट में आने से हो गई जबकि खेत में काम कर रहीं पांच महिलाएं घायल हो गयीं। श्रवण हंसडीहा रेलवे स्टेशन के समीप खेत में धान की रोपाई करने गया था। इसी बीच बिना बारिश के ही वज्रपात हो गई और श्रवण की मौत हो गई।

### झारखंड की बालिका टीम सेमिफाइनल में पहुंची

**रांची।** 63वीं राष्ट्रीय सुब्रतो कप अंडर 17 बालिका वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता में आज झारखंड की बालिका टीम ने त्रिपुरा की टीम को पराजित कर सेमीफाइनल में अपनी जगह बना ली है। टीम की बबिता कुमारी ने दो गोल करके झारखंड को यह जीत दिलाई।

### शेखर कुशवाहा सहित तीन पर चार्जशीट दायर

**रांची।** जमीन घोटाले मामले में ईडी ने जमीन माफिया शेखर कुशवाहा सहित तीन पर पीएमएलए की विशेष अदालत में चार्जशीट दायर किया। घोटाला मामले के अनुसंधानकर्ता इडी के डिप्टी डायरेक्टर देवव्रत झा ने चार्जशीट दायर की। जिन तीन लोगों पर चार्जशीट दायर किया गया है उनमें मात्र शेखर कुशवाहा को गिरफ्तार किया गया है जबकि अन्य दो आरोपियों को एजेंसी ने चार्जशीट की है उनकी गिरफ्तारी अब तक नहीं हो सकी है। आरोप पत्र दायर होने के बाद अदालत तीनों चार्जशीटेड आरोपियों पर संज्ञान लेगी।

### साहिबगंज में गंगा लाल निशान से पार, अलर्ट जारी

**साहिबगंज।** गंगा नदी यहां खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। इसको लेकर एडवाइजरी जारी की गयी है। लोगों से नदी से दूर रहने की अपील की गयी है। सीडब्ल्यूसी के अनुसार शनिवार सुबह छह बजे तक गंगा का जलस्तर 27.31 मीटर पर पहुंच गया है, जबकि जिले में गंगा का खतरे का निशान 27.25 मीटर है। बक्सर से लेकर फरक्का तक गंगा का जलस्तर बढ़ गया है। साहिबगंज में गंगा के बेकाबू होने से दियारा इलाका डूबने लगा है। गंगा पार और गंगा से सटे गांवों में हड़कंप है। नाले के जरिए पानी शहर में प्रवेश करने लगा है।

## गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 65800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 84000 रु./प्रति किलो |




## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन @ 49



# यह सिर्फ मेरा निशान नहीं, बल्कि लोकतंत्र की चुनौतियों का भी प्रतीक

### इमोशनल पोस्ट

अपने जन्मदिन पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जेल से रिहा होते वक्त हाथ पर लगाये गये निशान के साथ सोशल मीडिया में एक पोस्ट डाली और लिखा कि आज अपने जन्मदिन पर बीते एक साल की स्मृति मेरे मन में अंकित है। वह है यह कैदी का निशान, जो जेल से रिहा होते वक्त मुझे लगाया गया...



**रांची।** झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष सह झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को अपना 49वां जन्मदिन मनाया। मौके पर उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ केक काटा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने पिता शिबू सोरेन का आशीर्वाद भी लिया। उनके जन्मदिन पर पीएम मोदी, कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे और सोनिया और राहुल गांधी ने बधाई दी है।

इधर अपने जन्मदिन पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर उनके जेल से रिहा होते वक्त हाथ पर लगाए गए निशान के साथ एक पोस्ट डाली है। हेमंत सोरेन ने लिखा है कि आज अपने जन्मदिन पर बीते एक साल की स्मृति मेरे मन में अंकित है। वह है यह कैदी का निशान, जो जेल से रिहा होते वक्त मुझे लगाया गया। उन्होंने कहा कि यह निशान केवल मेरा नहीं बल्कि हमारे लोकतंत्र की वर्तमान चुनौतियों का प्रतीक है। उन्होंने कहा, जब एक चुने हुए मुख्यमंत्री को बिना किसी सबूत, बिना कोई शिकायत, बिना कोई अपराध जेल में 150 दिनों तक डाल सकते हैं तो फिर ये आम आदिवासियों, दलितों और शोषितों के साथ क्या करेंगे यह कहने की आवश्यकता नहीं है। श्री सोरेन ने कहा कि आज के दिन मैं हर शोषित, वंचित, दलित, पिछड़ा, आदिवासी, मूलवासी के पक्ष में लड़ने के अपने संकल्प को और मजबूत करता हूं और आवाज उठाता रहूंगा।

## बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान में झारखंड आदिवासी महोत्सव-2024 संपन्न

# झारखंडी कलाकारों के लिए सरकार बनायेगी स्पेशल पॉलिसी: हेमंत सोरेन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान में आयोजित दो दिवसीय झारखंड आदिवासी महोत्सव 2024 संपन्न हो गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने घोषणा की कि वर्ष 2025 में राज्य सरकार झारखंड के कलाकारों के लिए विशेष पॉलिसी लेकर आयेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के कलाकार झारखंड की कला-संस्कृति को निरंतर आगे बढ़ने का प्रयास कर रहे हैं। राज्य सरकार करेगी आने वाले दिनों में एक बेहतर नीति और कार्ययोजना बनाकर कलाकारों को आगे बढ़ायेगी ताकि ये दुनिया में हुनर से राज्य का नाम रोशन कर सकें।



मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल और कला, संस्कृति के क्षेत्र में झारखंड की पूरे विश्व में अलग पहचान है। श्री सोरेन ने कहा कि खेल के क्षेत्र में बात करें तो हॉकी इंडिया में झारखंड के खिलाड़ियों का अहम योगदान रहा है। देश की महिला हॉकी टीम में इस राज्य की महिला खिलाड़ियों ने एक अलग मुकाम हासिल किया है।

**गीत-नृत्य झारखंड की कला-संस्कृति का अहम हिस्सा :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड आदिवासी बहुल राज्य है। यहां का आदिवासी समाज अपनी कला-संस्कृति, रहन-सहन और पहचान को संरक्षित करने में पीछे नहीं हटते। मुख्यमंत्री ने कहा कि गीत-नृत्य यहां की कला-संस्कृति हिस्सा है, जो अनवरत चलता रहता है।

### हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं आदिवासी लोग

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब आदिवासी समाज के नौजवान युवक-युवतियां एवं छात्र-छात्राएं अलग-अलग क्षेत्र में अपनी पहचान बना रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड सिर्फ नदी, पहाड़, पर्वत या खनिज संपदा के लिए ही नहीं जाना जाता है बल्कि यहां एक समृद्ध मानव बल के लिए भी जाना जाता है।

### झारखंड समेत अन्य राज्यों ने दी प्रस्तुति

समापन समारोह की पूर्व संध्या पर झारखंड समेत कई राज्यों को कलाकारों ने समां बांधा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सहित सभी अतिथियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का लुत्फ उठाया तथा झारखंड एवं अन्य राज्यों से पहुंचे कलाकारों का मनोबल भी बढ़ाया। समापन समारोह पर नगर विकास मंत्री हफीजुल हसन, सांसद राज्यसभा महुआ माजी, विधायक कल्पना सोरेन, विधायक अनूप सिंह, मंगल कालिंदी, अंबा प्रसाद, भूषण तिर्की, मुख्य सचिव एल खियांग्ते, प्रधान सचिव वंदना दादेल, सचिव कृपानंद झा, आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा, आईजी अखिलेश झा, डीआईजी अनूप बिरथरे आदि थे।

# आतंकियों से मुठभेड़ में दो जवान शहीद, तीन घायल

**एजेंसी**

**श्रीनगर।** दक्षिण कश्मीर के गंगरमुंड-कोकरनाग में शनिवार को आतंकियों के साथ मुठभेड़ में दो जवान शहीद हो गए जबकि तीन सैनिक घायल हो गए। घायल जवानों की हालत नाजुक है। समाचार लिखे जाने तक दोनों तरफ से रुक-रुक कर गोलीबारी जारी थी।

**जवानों पर फेंका ग्रेनेड, स्वचालित हथियारों से फायरिंग**

पुलिस ने सूचना मिलते ही सेना और सीआरपीएफ के जवानों के साथ मिलकर आतंकियों को पकड़ने के लिए एक अभियान चलाया। दोपहर दो बजे के करीब जब जवान तलाशी लेते हुए गगरमुंड इलाके में पहुंचे तो वहां छिपे आतंकियों ने उन्हें देख लिया। आतंकियों ने जवानों पर पहले ग्रेनेड फेंका और उसके बाद उन्होंने अपने स्वचालित हथियारों से फायरिंग की। इसमें दो जवान शहीद हो गए। तीन जवान घायल हो गए।

**आतंकियों के बच निकलने के सभी रास्ते बंद :** सेना के अधिकारियों ने बताया कि जिस इलाके में मुठभेड़ हो रही है, वहां शाम को मौसम में बिगड़ गया था, इसलिए आतंकियों को मार गिराने में समय लग रहा है। आतंकियों के बच निकलने के सभी रास्तों को बंद कर दिया गया है।

इस बीच, पुलिस ने जिला कठुआ की उच्च पर्वतीय इलाकों में सक्रिय चार विदेशी आतंकियों के स्कैच जारी कर, प्रत्येक पर पांच लाख का इनाम घोषित किया है। पुलिस के अनुसार ये आतंकी बीते कुछ दिनों से मच्छेड़ी, लोई मल्हार, बनी और सरथल के इलाके में घूम रहे हैं। इन आतंकियों को बदनौटा हमले में शामिल बताया जा रहा है। कठुआ के बदनौटा में आठ जुलाई को आतंकी हमले में सेना के पांच जवान शहीद हुए थे।

जानकारी के अनुसार, पुलिस को सूचना मिली थी कि आतंकियों का एक दल कोकरनाग में गडोल आहलन के ऊपरी हिस्से में है।

## पीएम ने भू-स्खलन प्रभावित क्षेत्र का किया दौरा, पीड़ितों से मिले

# वायनाड आपदा सामान्य नहीं, हजारों परिवारों के सपने टूट गये : प्रधानमंत्री

**एजेंसी**

**केरल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को केरल के वायनाड में भू-स्खलन प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान प्रधानमंत्री और केरल के सीएम पिनाराई विजयन वायनाड में भू-स्खलन के पीड़ितों और बचे हुए लोगों से मिलने और बातचीत करने के लिए अस्पताल पहुंचे। मोदी ने पीड़ितों के बच्चों से बात भी की और उन्हें गोद में उठाकर प्यार भी किया।

इधर, प्रधानमंत्री श्री मोदी प्रभावित क्षेत्र चूरलमाला में सेना द्वारा राहत एवं बचाव कार्यों में मदद के लिए बनाये गये 190 फुट लंबे बेली ब्रिज से पैदल गुजरे और नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने बचाव कर्मियों, मुख्य सचिव वी वेणु और जिलाधिकारियों से बातचीत की, फिर पैदल ही पत्थरों और मलबे से भरे क्षेत्र का सर्वेक्षण किया। श्री मोदी ने भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर से भ-स्खलन प्रभावित मुंडक्कई और पुंचिरीमट्टम का हवाई सर्वेक्षण भी किया।





### अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के साथ वायनाड भू-स्खलन घटना और चल रहे राहत प्रयासों पर समीक्षा बैठक की। अधिकारियों ने प्रधानमंत्री को राहत और बचाव कार्यों की जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, जब से मुझे इस घटना के बारे में पता चला है, तब से मैं भू-स्खलन के बारे में जानकारी ले रहा हूं। केंद्र सरकार की सभी एजेंसियां जो इस आपदा में मदद कर सकती थीं, तुरंत काम पर लग गयीं।

इस दौरान प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि वायनाड आपदा सामान्य नहीं है, हजारों परिवारों के सपने चकनाचूर हो गए हैं। बता दें कि केरल के वायनाड जिले में 30 जुलाई को बड़े पैमाने पर हुई भू-स्खलन की घटनाओं में कम से कम 226 लोगों की मौत हो गई थी, और अब भी कई लोगों के लापता होने की सूचना है।

**वायनाड त्रासदी का जायजा लेने के लिए धन्यवाद : राहुल गांधी**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वायनाड दौरे को लेकर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक्स हैंडल पर लिखा कि वायनाड में त्रासदी का व्यक्तिगत रूप से जायजा लेने के लिए धन्यवाद मोदी जी। यह एक अच्छा फैसला है। उन्होंने पीएम से इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की उम्मीद जतायी है।

## 15 अगस्त तक कुछ जिलों में भारी बारिश का अनुमान

### डेंजर लेवल पर जा सकता है प्रमुख नदियों का जलस्तर

**रांची।** झारखंड में पिछले कुछ दिनों के दौरान अच्छी बारिश हुई है। मानसून के सक्रिय रहने से किसानों को भी राहत मिली है। इधर स्वर्णरेखा और खरकई जैसी नदियों समेत राज्य की प्रमुख नदियों के जलस्तर में भी वृद्धि दर्ज की जा रही है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार आज से 15 अगस्त तक राज्य के आठ जिलों में भारी बारिश की प्रबल संभावना है। ऐसे में नदियों पर भी असर देखा जायेगा। संभावना कि इन नदियों का पानी डेंजर लेवल को पार कर सकता है।

बता दें कि मौसम विभाग के अनुसार 11 से 15 अगस्त तक उत्तर पूर्वी व उत्तरी भागों में कहीं-कहीं भारी बारिश का अनुमान है। कुछ हिस्सों में वज्रपात की भी संभावना है। झारखंड के आठ जिलों धनबाद, देवघर, दुमका, चतरा, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा और साहेबगंज में भारी बारिश हो सकती है। लोगों से बेवजह बाहर नहीं निकलने की अपील की गयी है। इसके अलावा चक्रवात बनने की भी संभावना है।

# अवैध रूप से बर्खास्त कर्मी भी लाभ के हकदार : कोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा है कि जिस कर्मचारी को अवैध रूप से नौकरी से निकाल दिया गया हो, उसे उन लाभों से वंचित नहीं किया जाना चाहिए, जो उसे उस नौकरी से नहीं निकाले जाने की स्थिति में मिलता।

दरससल प्रार्थी उमेश कुमार सिंह की नियुक्ति वर्ष 1989 में धनबाद के चिरकुंडा स्थित जे.के.आर.आर. हाई स्कूल में क्लर्क में हुई थी। तीन वर्ष बाद 23 जुलाई 1992 को उनकी सेवा यह करकर समाप्त कर दी गयी कि उनकी नियुक्ति के लिए मंजूरी नहीं मिली थी। उन्होंने श्रम न्यायालय में बर्खास्तगी को चुनौती दी। श्रम न्यायालय ने याचिकाकर्ता के पक्ष में फैसला सुनाया। इस फैसले के बाद उमेश सिंह ने अपनी सेवा फिर शुरू की लेकिन 23 जुलाई 1992 से 30 नवंबर 2009 तक की कार्य अवधि के लिए उन्हें वेतन समेत अन्य लाभ नहीं दिया गया। इसके बाद उमेश कुमार सिंह ने अपने हक के लिए हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर की।





## सुब्रमण्यम स्वामी ने फिर फोड़ा राजनीतिक बम, लगाया आरोप

# राहुल ब्रिटिश नागरिक, सोनिया कर रहीं ब्लैकमेल

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** सुब्रमण्यम स्वामी ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को ब्रिटिश नागरिक बताया है और सोशल मीडिया में उनके द्वारा दाखिल वार्षिक रिटर्न की कॉपी शेयर की। इसके साथ ही उन्होंने राहुल गांधी की मां और राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी पर भी हमला बोला। उन्होंने पूछा कि क्या राहुल गांधी पर कार्रवाई न करने के लिए सोनिया गांधी केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को ब्लैकमेल कर रही हैं। सुब्रमण्यम स्वामी ने राहुल गांधी की नागरिकता को लेकर एक के बाद एक कई ट्विट किए, जिसमें उन्होंने, ब्रिटिश सरकार को दाखिल किया गया एक वार्षिक रिटर्न का दस्तावेज शेयर किया। उसमें कंपनी का नाम व पता भी लिखा गया है।


363a

राहुल गांधी का वार्षिक रिर्टन

### पीएम और गृह मंत्री पर भी बोला हमला

राहुल गांधी की नागरिकता को लेकर सुब्रमण्यम स्वामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर भी हमला बोला। उन्होंने एक्स हैंडल पर लिखा- मोदी और शाह राहुल गांधी को क्यों बचा रहे हैं, जबकि वे विदेशी नागरिक हैं, जिन्होंने 2003 में ब्रिटिश नागरिकता हासिल की है और लंदन में बैक ऑप्स नाम की कंपनी शुरू की है। उनकी भारतीय नागरिकता अमान्य है। स्वामी ने आगे लिखा, अगर मोदी उन्हें बचाना जारी रखते हैं, तो मुझे उनके और शाह के खिलाफ केस दर्ज करना पड़ेगा।

### भारत में दोहरी नागरिकता मान्य नहीं

सुब्रमण्यम स्वामी पहली बार राहुल गांधी की नागरिकता को लेकर सवाल नहीं उठाया है, बल्कि उन्होंने 2015 में भी इस मुद्दे पर आवाज बुलंद की थी। बता दें कि भारत में दोहरी नागरिकता मान्य नहीं है। कोई भी नागरिक केवल एक देश का नागरिकता रख सकता है। भारत का नागरिक किसी अन्य देश की नागरिकता नहीं ले सकता है।

# झारखंड में घुसपैठिया समर्थक व झूठे वादों की सरकार 23 को राज्य का एजेंडा युवा तय करेंगे : हिमंता सरमा

## मंइयां योजना भी है धोखा, झारखंड का आदिवासी युवा रो रहा, सरकार उन्हें बना रही नक्सली

### युवा आक्रोश रैली योजना सम्मेलन में सरकार पर बरसे भाजपायी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा युवा मोर्चा की ओर से शनिवार को युवा आक्रोश रैली योजना सम्मेलन का आयोजन हुआ। इसमें आगामी 23 अगस्त को होने वाले रैली की तैयारी पर विस्तृत चर्चा की गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए असम के सीएम व झारखंड विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्व सरमा ने मोर्चा कार्यकर्ताओं में जोश भरा। उन्होने कहा कि इतना झूठ बोलने वाला मुख्यमंत्री कहीं नहीं है। ऐसा लगता है हेमंत सोरेन रात को सपना देखते हैं और सुबह में वादा कर देते हैं।, जो कभी पूरा ही नहीं होता। सभी वादे झूठे निकलते हैं। जनता जानना चाहती है कि वह सच कब बोलते हैं। वह न तो वादा निभाते हैं न जनता से माफी मांगते हैं। उनका बोलने का तरीका डेमोक्रेटिक नहीं है।

श्री सरमा ने कहा कि सीएम जनता को धोखा भी दे रहे हैं। 5 लाख नौकरी, बेरोजगारी भत्ता, बांग्लादेशी घुसपैठ पर बोलने को तैयार नहीं। हिमंता ने कहा कि ऐसी सरकार अगर आगे चली तो राज्य के युवाओं का कोई भविष्य नहीं बचेगा।

मंइयां योजना भी धोखा है। दो महीने तक दो हजार देने की बात कर रहे। लेकिन बेटी-बहनों से दलाल -बिचौलिए फार्म भरने में ही एक हजार लूट ले रहे हैं। हेमंत सरकार को कंप्यूटर ने भी रिजेक्ट कर दिया है। कहा कि राज्य की माताओं बहनों को 2हजार रुपया नहीं बल्कि उनके भाई और बेटे को नौकरी चाहिये। हेमंत सोरेन के पास राज्य के बेरोजगार युवाओं का पिछले 60 महीने का 3 लाख बकाया है, जिसे ब्याज सहित मांगने केलिए राज्य का युवा हकदार है। युवाओं का उधार पैसा हेमंत सोरेन के घर में फंसा है।

**20 फीसदी से ज्यादा घुसपैठिए बढ़े :** हिमंता ने कहा कि घुसपैठियों के कारण राज्य की डेमोग्राफी बदल चुकी है। 19 विधानसभा क्षेत्र में 20 फीसदी से ज्यादा घुसपैठिए बढ़े हैं। चाहे तारानगर हो, गोपीनाथपुर हो या गायबथान यहां आदिवासी मुख्यमंत्री का नहीं घुसपैठियों का शासन चल रहा। हॉस्टल में आदिवासी बेटा रो रहा और सरकार उन्हें नक्सली बताकर मुकदमा दर्ज करा रही है। ममता बनर्जी धमकाती है और हेमंत सोरेन चुप रहते हैं। क्या यही अस्मिता की रक्षा है। युवाओं, महिलाओं, किसानों गरीबों, आदिवासियो, दलितों को ठगना क्या यही अस्मिता की रक्षा है? युवा आक्रोश रैली नये झारखंड का निर्माण करेगी। इस हुंकार से भविष्य में कोई भी सरकार युवाओं को फिर से ठगने की हिम्मत नहीं करेगी। उन्हें आगामी 23 अगस्त को गद्दी छोड़ने के लिए राज्य की युवा शक्ति बाध्य कर देगी।

**23 को रैली नहीं, रैला होगा: कर्मवीर :** प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि आगामी 23अगस्त को युवाओं की रैली नहीं रैला होगा। युवाओं का जन सैलाब हेमंत सरकार को गद्दी छोड़ने को मजबूर कर देगा। युवा मोर्चा अध्यक्ष शशांक राज ने कहा कि युवा मोर्चा के कार्यकर्ता सेवा और संघर्ष केलिए हमेशा तैयार रहता है। राज्य की युवाओं की आवाज आज युवा मोर्चा है। राष्ट्रीय प्रवक्ता गुरु प्रकाश पासवान ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री रूपेश सिन्हा ने और धन्यवाद ज्ञापन मनीष दुबे ने किया। सम्मेलन में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी,युवा मोर्चा प्रभारी विनय जायसवाल सहित सांसद दीपक प्रकाश,प्रदेश महामंत्री व सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, नीलकंठ सिंह मुंडा, राकेश प्रसाद, बाल मुकुंद सहाय, विकास प्रीतम, लुइस मरांडी, आरती कुजूर, विकास प्रीतम, भानु प्रताप शाही, मुन्ना मिश्र, सहित सांसद, विधायक, प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, मोर्चों के अध्यक्ष, युवा मोर्चा के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### किसानों की ऋण माफी की बात धोखा

हिमंता ने कहा कि किसानों की ऋण माफी की बात भी धोखा है। जबतक राज्य सरकार बैंक को पैसा नहीं देगी, तब तक बैंक एनओसी नहीं देता है। ये वादा करने में माहिर सरकार है लेकिन निभाती तो भाजपा की सरकार है। भाजपा की सरकार जो वादा करके आती है उसे निभाती है। चाहे केंद्र की हो या फिर प्रदेशों की। 23 अगस्त को राज्य का एजेंडा अब राज्य का युवा तय करेगा। आज राज्य में दो ही प्रमुख मुद्दा है। एक तरफ राज्य सरकार की वादा खिलाफी पर जनता में आक्रोश, दूसरी तरफ घुसपैठियों से राज्य को बचाना। हमे मिलकर घुसपैठियों से लड़ना है.घुसपैठिए जाति देखकर हमला नहीं कर रहे, बल्कि हिंदुओं को मार रहे हैं।

### राज्य की कानून व्यवस्था ध्वस्त : बाबूलाल

सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आज राज्य में आम जनता परेशान है। कानून व्यवस्था ध्वस्त है। राज्य के युवाओं को ठगा,किसानों को ठगा ,बहन बेटियों की इज्जत लुटवाई,जल जंगल जमीन को लूटा और लुटवाया। ऐसी सरकार को राज्यहित में एक क्षण भी बने रहने का अधिकार नहीं है। 5साल में विकास का एक उदाहरण भी हेमंत सरकार नहीं दे सकती। अब जनता का भरोसा इस सरकार पर से उठ चुका है। हेमंत सरकार के झूठ को चौक चौराहों पर बार बार दोहराएं। ये सरकार मोदी सरकार की नकल करने को चली, वह भी नहीं कर सकी। हेमंत सोरेन अब खुद संन्यास नहीं ले रहे तो 23अगस्त को युवा शक्ति उन्हें सन्यास लेने के लिए बाध्य कर देगी।

### नये उलगुलान और हूल करने के लिए तैयार: बाउरी

नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि झारखंड की युवा शक्ति राज्य को लुटेरों, भ्रष्टाचारियों से बचाने के लिए नया उलगुलान और हुल करने के लिए तैयार है। हेमंत सरकार ने ठगकर जनादेश लिया.लेकिन न रोजगार दिया, न बेरोजगारी भत्ता दिया। यही मुख्यमंत्री हैं, जिन्होंने कहा था कि मेरी सरकार में कोई संविदा कर्मी जैसा शब्द नही होगा। लेकिन आज संविदा कर्मी, पारा शिक्षक,दर की ठोकरें खा रहे हैं। लाठियां खा रहे 23 अगस्त को राज्य के युवा हेमंत सरकार का जड़ हिला देंगे।

# हिमंता के आंखों पर चढ़ा है गलत चश्मा : गुलाम अहमद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

### राहुल एवं प्रियंका में उन्हे सबकुछ गलत ही नजर आता है



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने शनिवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा द्वारा रांची एयरपोर्ट पर मुस्लिम तुष्टीकरण को लेकर राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी पर लगाये गये आरोप पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि असम के मुख्यमंत्री के आंखों पर गलत किस्म का चश्मा लगा हुआ है, जिससे उनको पार्शियलिटी ही नजर आता है लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं। राहुल और प्रियंका के संज्ञान में सभी मामले रहते हैं। दरअसल हिमंता विस्वा सरमा ने शनिवार को रांची एयरपोर्ट पर कहा था कि जहां-जहां मुसलमान खतरे में होता है वहां-वहां राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ट्वीट करते हैं और जहां हिंदू खतरे में होता है वहां ये चुप रहते हैं।

गुलाम अहमद मीर ने कहा कि देश में जहां भी कोई घटना या प्रतिघटना होती है उनके नेता राहुल गांधी खुद सहानुभूति व्यक्त करने वहां पहुंच जाते हैं। जहां वे खुद नहीं जा पाते वहां भी पार्टी के लोगों को भेज कर आपदा में मदद करते हैं। ऐसे में हिमंता बिस्वा सरमा वही बोल रहे हैं जो उनके गलत चश्मे से दिख रहा है, उन्हें बोलने दीजिये जो बोलना है।

### हिमंता के किस बयान पर मचा बवाल

ज्ञात हो कि झारखंड दौरे पर आए असम सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने बांग्लादेश में उपजे हालात पर चिंता जताई। उन्होंने राहुल गांधी, प्रियंका गांधी समेत पूरे कांग्रेस पर सवाल खड़े किए. हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि कांग्रेस ने साबित कर दिया कि विश्व में कहीं भी अगर मुसलमान तकलीफ में होते हैं तो कांग्रेस कहती है हम हैं, लेकिन जब हिंदू तकलीफ में होते हैं तो कांग्रेस कहती है हम नहीं हैं। उन्होंने कहा कि फिलिस्तीन-गाजा मामले में प्रियंका गांधी कई बार ट्वीट कर चुकी है। कांग्रेस पार्टी धरना भी दे चुकी है जबकि वहां टेररिस्ट अटैक की वजह से टेररिस्ट के खिलाफ कार्रवाई चल रही है। लेकिन बांग्लादेश में ऐसा कुछ नहीं है। फिर भी वहां के हिंदू अल्पसंख्यक को लेकर कांग्रेस चुप है। कांग्रेस सिर्फ हिंदुओं को जाति के नाम पर बांटना चाहती है।

# पूर्व उपायुक्त दिलीप टोप्पो, पूर्व आदिवासी कल्याण आयुक्त बिरसा उरांव ने कांग्रेस का दामन थामा



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में शनिवार को कांग्रेस भवन में मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर एवं राजेश ठाकुर ने लोहरदगा के पूर्व उपायुक्त दिलीप टोप्पो, पूर्व आदिवासी कल्याण आयुक्त बिरसा उरांव, राजद की प्रदेश महासचिव, अधिवक्ता पूनम यादव को माला एवं कांग्रेस का अंग पप्तिका पहनाकर कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। उनके साथ सैकड़ो लोगों ने भी कांग्रेस के नीतियों सिद्धांतों में विश्वास व्यक्त करते हुए सदस्यता ग्रहण की। समारोह में गुलाम अहमद मीर ने कहा कि केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों से लोगों में भारी आक्रोश है। सदस्यता ग्रहण करने वाले लोग राज्य के वरीय अधिकारी रहे हैं। यह कोइ छोटा कार्यक्रम नहीं बल्कि एक सोच है जो आगे आगे बढ़ रहा है। कांग्रेस ने पिछड़े और कमजोर तबके के लोगों की आवाज को लोकसभा चुनाव में जोरदार तरीके से उठाया था जिसे लोग समझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों से संविधान को बदलने की सोच के साथ देश की संस्थाओं को चलाया जा रहा है। उसके खिलाफ कांग्रेस देश की 140 करोड़ जनता के आशाओं के अनुसार लड़ाई लड़ रही है। राजेश ठाकुर ने कहा कि समाज का अभिजात्य वर्ग जब राजनीति में आता है तो नि?ित रूप से एक नई सोच एक नई ऊर्जा के साथ काम करता है। भाजपा की कार्यशैली और झारखंड के प्रति उनके नेताओं की सोच के कारण आज बौद्धिक रूप से मजबूत वर्ग उनका प्रतिकार कर रहा है। झारखंड के चुनावी बिसात को हर हाल में जितने की होड़ में भाजपा झारखंडी जनता से धोखा करने में भी पीछे नहीं है। कांग्रेस इस देश में मजलूमो की आवाज है।

# रिंग रोड, भारत माला प्रोजेक्ट की सड़क पुलिस-मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में बनेगी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची जिले में विभिन्न परियोजनाओं के लिए अधिग्रहित हो चुकी जमीनों के रैयतों को मुआवजा देकर काम शुरू करने का निर्देश दिया गया। शनिवार को समाहरणालय में उपायुक्त ने रांची रिंग रोड प्रोजेक्ट के तहत तुरूप, हेसल, बेड़वारी में सड़क बनाने में बाधा नहीं हो इसके लिए पुलिस बल और दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त करने के निर्देश दिए। वहीं, भारत माला परियोजना के तहत तापे में सड़क बनाने में आ रही बाधा के समाधान के लिए पुलिस बल और मजिस्ट्रेट की नियुक्त का निर्देश अधिकारी को दिया गया। सरकारी पप्ता प्राप्त रैयतों के पप्ते का अभिलेख से जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने को भी कहा। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से कुटियातू मोड़ तक सड़क निर्माण (रिंग रोड़ कोचबोंग तक वाया हुंडरू हेतु, चंदाघासी, मरियातू, इटे) की समीक्षा करते हुए जरूरी प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने को कहा। अंचल अधिकारियों को आवेदकों के राजस्व कागजात और वंशावली की जांच प्रतिवेदन शीघ्र भेजने को कहा।

पलमा-गुमला सेक्शन परियोजना पर कहा कि अंचल निरीक्षक का सीओ पद पर पदस्थापित हो जाने से किसी योग्य सेवानिवृत्त कानूनगो को नियुक्त कर इस परियोजना के शेष रैयतों का मुआवजा देने के निर्देश दिए। अरगोड़ा से कटहल मोड़ वाया पुंदाग सड़क चौड़ीकरण में आ रही समस्या को भी शीघ्र दूर करने को कहा। बैठक में अपर समाहर्ता रामनारायण सिंह, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी सुनील चंद्र, रांची जिले के सभी अंचल अधिकारी, पथ निर्माण के कार्यपालक अभियंता, रेलवे के कार्यपालक अभियंता, एनएचएआई के सभी परियोजना निदेशक, कानूनगो आदि मौजूद थे।

# केंद्र सरकार ने झारखंड को दी सौगात, 1639 करोड़ की बुरामारा-चाकुलिया रेल परियोजना को दी मंजूरी

### केंद्र सरकार ने आठ नई रेलवे परियोजनाओं को दी मंजूरी, इन परियोजनाओं में 24,657 करोड़ होंगे खर्च

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/ दिल्ली।** पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में झारखंड के बुरामारा-चाकुलिया रेल परियोजना को मंजूरी दी गयी है। इस रेल परियोजना पर 1639 करोड़ खर्च होंगे। 59.96 किमी लंबी रेल लाइन पूर्वी सिंहभूम, झाड़ग्राम और मयूरबनंज (झारखंड, पप्रिम बंगाल और ओडिशा) को जोडेंगी। साथ ही यात्रियों को आवागमन में सहूलियत होगी। रेल लाइन तैयार होने से रेलवे की ढुलाई क्षमता भी बढ़ेगी।



**केंद्र सरकार ने आठ नई रेल परियोजनाओं को दी है मंजूरी :** आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने बुरामारा-चाकुलिया रेल परियोजना समेत आठ नई रेल परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन आठ रेल परियोजनाओं पर 24,657 करोड़ खर्च होंगे। इसके तहत सात राज्यों में रेल परियोजनाओं से जुड़े निर्माण कार्य किये जायेंगे। झारखंड, बिहार, ओडिशा, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और पप्रिम बंगाल को कवर करने वाली आठ परियोजनाएं भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क को 900 किलोमीटर तक बढ़ा देंगी। इससे 14 जिलों, 64 नये स्टेशनों और लगभग 40 लाख लोगों को लाभ होगा। इसे 2030-31 तक पूरा किया जायेगा।

### इन आठ परियोजनाओं में शामिल रेलवे नेटवर्क

बुरामारा चाकुलिया 59.96 किमी पूर्वी सिंहभूम, झाड़ग्राम और मयूरबनंज (झारखंड, पप्रिम बंगाल और ओडिशा)। गुनुपुर-थेरुबली (नई लाइन) 73.62 किमी रायगड़ा, ओडिशा। जूनागढ़-नबरंगपुर 116.21 किमी कालाहांडी और नबरंगपुर ओडिशा बादामपहाड़ कंदुझारगढ़ 82.06 किमी क्योंझर और मयूरभंज ओडिशा। बंग्रिपोसी गोरुमहिसानी 85.60 किमी मयूरभंज ओडिशा। मलकानगिरी पांडुरंगपुरम (भद्राचलम से होते हुए) 173.61 किमी मलकानगिरि, पूर्वी गोदावरी और भद्राद्री कोठागुडेम ओडिशा, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना। बिक्रमशिला कटारेह 26.23 किमी भागलपुर बिहार। जालना - जलगांव 174 किमी औरंगाबाद महाराष्ट्र इसमें यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल, अजंता गुफाओं को भारतीय रेलवे नेटवर्क से जोड़ना शामिल है।

# शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर कार्य किया


**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांमची।** झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश महासचिव रविंद्र प्रसाद सिंह के आह्वान पर जिले के सरकारी माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के साथ साथ अल्पसंख्यक विद्यालयों के शिक्षकों ने सरकार के उदासीन रवैया के खिलाफ अपने अपने विद्यालय में शनिवार को काला बिल्ला लगाकर सांकेतिक विरोध दर्ज करते हुए विद्यालय में पठन पाठन करते हुए कार्य किया। मालूम हो कि पूर्व में संघ की राज्य स्तरीय बैठक, जिसकी अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष यशवंत विजय ने किया था, उस बैठक में संघ के पदाधिकारियों ने निर्णय लिया कि अगर सरकार विद्यालय और शिक्षक हित में उनकी तीन प्रमुख मांगों, राज्य के अन्य कर्मियों की भांति सरकारी शिक्षकों को भी एमएसीपी लागू नहीं करने, राज्य में माध्यमिक विद्यालय में वर्षों से रिक्त पड़े प्रधानाध्यापक पदों को सीधी और वर्तमान में कार्यरत शिक्षकों के वरीयता के आधार पर भरने और सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस और प्रखंड स्तरीय आदर्श विद्यालय में पदस्थापन के लिए चल रही अव्यवहारिक प्रक्रिया को बंद करने तथा माध्यमिक संवर्ग में वर्षों से लंबित समस्याओं के निराकरण को लेकर सरकार निर्णय नहीं लेती हैं तो शिक्षक आंदोलन को मजबूर होंगे। इसके लिए संघ ने ज्ञापन के जरिए सरकार को ध्यान आकृष्ट किया था। इसके तहत आज जिले के तमाम माध्यमिक शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर कार्य करते हुए सरकार और विभाग के खिलाफ आंदोलन की शुरूआत की। अगर सरकार इन प्रमुख मांगो पर उचित निर्णय नहीं लेती हैं तो आनेवाले समय में शिक्षक धरना प्रदर्शन और आमरण अनशन का रुख अख्तियार करेंगे। संघ के प्रमंडलीय सचिव कुर्बान अली ने रांची, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, खूंटी जिलों के अध्यक्ष और सचिव को इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विशेष धन्यवाद दिया।

# 9 जिलों में चलाया जायेगा एमडीए प्लान : बन्ना

### 14 हजार से अधिक गांवों में ट्रेंड हेल्थ वर्कर देंगे फाइलेरिया से मुक्ति की दवा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्य में 10 अगस्त से फाइलेरिया मुक्त अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता ने केंद्रीय स्वतंत्र राज्य स्वास्थ्य मंत्री प्रताप राव जाधव के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से झारखंड राज्य में की जा रही तैयारियों की जानकारी दी। बन्ना गुप्ता ने तय समय पर और निर्धारित लक्ष्य हासिल करने तक राज्य से फाइलेरिया के उन्मूलन तक अभियान जारी रखने की बात कही। उन्होंने टऊअ प्लान 2024 की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि झारखंड के कुल 9 जिलों चतरा, दुमका, गोड्डा, हजारीबाग, जामताड़ा, लातेहार, पलामू, सरायकेला एवं पप्रिम सिंहभूम में इस प्लान को चलाया जायेगा। इसमें कुल 1 करोड़, 41 लाख, 37 हजार, 228 लोगों की कुल आबादी है। इनमें से हमने 1 करोड़, 24 लाख, 40 हजार 760 लोगों तक पहुंचने का लक्ष्य प्लान के तहत तय किया गया है। कुल 1 हजार 777 स्वास्थ्य केंद्र बनाया गया है। इसके तहत 14 हजार 95 गांव को चि?ित कर प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों के माध्यम से 3 करोड़ 11 लाख दवा देने की योजना बनाई गयी है। मंत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि यह रोग आमतौर पर गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों को होता है। ऐसे में वे केंद्र सरकार से मांग करते हैं कि प्रभावित जिलों में जल्द से जल्द प्रधानमंत्री आवास बनाने का लक्ष्य पूर्ण करें।

साथ ही बरसात का मौसम चल रहा है, इसलिए प्रत्येक राज्य में खासकर झारखंड में मच्छरदानी का आवंटन जल्द किया जाए। इस अवसर पर एसीएमओ जोगेश्वर प्रसाद और जिला फायलेरिया अधिकारी ए मित्रा भी उपस्थित थे।

## खेलो इंडिया स्कीम पर सीएम ने केंद्र से राज्यों को मिलने वाली मदद पर उठाये सवाल

# खिलाड़ियों की भूमि झारखंड के साथ सरासर अन्याय : सीएम हेमंत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खेलो इंडिया स्कीम के तहत केंद्र सरकार से राज्यों को मिलने वाली धनराशि पर सवाल उठाया है। उन्होंने शुक्रवार की रात करीब 10.40 बजे अपने सोशल मीडिया एकाउंट्स (फेसबुक व एक्स) पर पोस्ट कर कहा कि झारखंड को सिर्फ नौ करोड़ रुपये मिलना सरासर अन्याय है। झारखंड को गोवा के बाद सबसे कम राशि मिली है। गोवा को 4।24 करोड़, जबकि झारखंड को 9।63 करोड़ रुपये मिले हैं। हालांकि लिस्ट देखकर स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि यह किस वित्तीय वर्ष का है। हेमंत सोरेन ने इस योजना के तहत राज्यों को मिलने वाली राशि की लिस्ट भी शेयर की है। लिस्ट में राज्यों के सामने आवंटित राशि अंकित है। लिस्ट में एक जगह पर हॉकी का चिन्ह है। वहां 426।13 करोड़ रुपये दर्ज है। यह राशि गुजरात सरकार को दी गयी है। यह राशि उत्तर प्रदेश को आवंटित राशि 438।27 करोड़ से 12 करोड़ कम है। इन दो राज्यों के अलावा किसी भी राज्य की राशि इतनी अधिक नहीं है।

**अच्छा प्रदर्शन करनेवाले राज्य को मिली कम राशि :** उल्लेखनीय है कि खेलो इंडिया स्कीम के तहत राज्यों को मिलने वाली राशि पर सवाल उठ रहे हैं। सोशल मीडिया पर कहा जा रहा है कि गुजरात सरकार को इतनी अधिक राशि दी जाती है, जबकि शायद ही वहां का कोई खिलाड़ी ओलंपिक में उल्लेखनीय प्रदर्शन कर पा रहा है। जबकि हरियाणा और मणिपुर जैसे राज्य, जहां के कई खिलाड़ी अच्छे प्रदर्शन करते हैं, उन राज्यों को सिर्फ क्रमशः 66.59 करोड़ और 46.71 करोड़ मिले हैं।

### कीर्ति आजाद ने राज्यों को आवंटित पर उठाया था सवाल

जानकारी के मुताबिक, पप्रिम बंगाल के दुगार्पुर से सांसद कीर्ति आजाद ने भी शुक्रवार की सुबह में सोशल मीडिया एक्स पर इस आवंटन लिस्ट को जारी किया था। उन्होंने सवाल उठाया था कि मणिपुर व हरियाणा राज्य, जहां के ओलंपियंस सबसे अधिक मेडल देश के लिए लाते हैं, उन्हें कितनी कम राशि मिलती है और गुजरात को कितनी अधिक, जहां से कोई भी खिलाड़ी कभी उल्लेखनीय प्रदर्शन नहीं करता (क्रिकेट को छोड़ कर)। उल्लेखनीय है कि खेलो इंडिया स्कीम के तहत केंद्र सरकार राज्यों में खेल की आधारभूत संरचना के विकास के लिए सालाना दो हजार करोड़ से अधिक रुपए खर्च करती है।

# शिकारी आयेगा,जाल बिछायेगा,दाना डालेगा पर लोभ में आकर फंसना नहीं : अमर बाउरी

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर हमला बोला है। ट्वीट कर कहा है कि शिकारी आयेगा,जाल बिछायेगा,दाना डालेगा,पर लोभ में आकर फंसना नहीं। उन्होंने सीएम से सवाल करते हुए पूछा है कि 2019 से 2024 इन 5 सालों का हिसाब और आपने जो वादा किया था, उसका जवाब कौन देगा मुख्यमंत्री जी। पूरे राज्य को याद है कि 2019 चुनाव से पूर्व अमर शहीद निर्मल महतो जी के शहादत दिवस पर मुख्यमंत्री जी ने जो वादा किया था कि युवाओं को 5 लाख सरकारी नौकरियां दी जायेगी, नहीं तो राजनीति से संन्यास ले लेंगे ! उसका क्या हुआ?

**बेरोजगारी भत्ते का क्या हुआ :** बाउरी ने आगे ट्वीट में लिखा है कि अगर नौकरी नहीं तो बेरोजगारों को महीने का 5000 से 7000 का बेरोजगारी भत्ता! उसका क्या हुआ। इन्होंने गरीब परिवारों से यह वादा किया था कि सरकार बनते ही गरीबों के खातों में सालाना 72 हजार हजार रुपए दिये जाएंगे, उसका क्या हुआ? सरकार बनते ही संविदा कर्मियों को नियोजित किया जाएगा और स्थायी समाधान यथाशीघ्र निकाला जाएगा! उसका क्या हुआ? मुख्यमंत्री जी ध्यान रहे, काठ की हांडी एक बार ही चढ़ती है। 2019 का चुनाव ये ठगबंधन ने झूठे वादों पर लड़ा, इस बार यह चुनाव प्रलोभन के सहारे लोगों को ठग कर लड़ने की तैयारी है।

सुप्रभात

रविवार 11.08.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 114

epaper.khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ

# राजकमल में पुलिस की पाठशाला, बच्चों को पढ़ाया गया अनुशासन का पाठ

## समाज को सुरक्षित बनाने के लिए छात्रों का जागरूक होना जरूरी : एसएसपी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** पुलिस की पाठशाला अभियान के तहत शनिवार को राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर में जागरुकता शिविर लगाया गया। स्कूल के छात्र छात्राओं के साथ यातायात नियमों, साइबर सुरक्षा, महिला एवं बाल सुरक्षा, नशे से बचाव एवं घरेलु हिंसा से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन ने कहा समाज को सुरक्षित बनाने के लिए छात्रों से जागरूक होना जरूरी है।

अनुशासित रहकर पढ़ाई करने के साथ खेलकूद भी जरूरी है। जब शरीर स्वस्थ्य रहेगा, तभी पढ़ाई में भी मन लगेगा और सफलता मिलेगी।

उन्होंने छात्रों के बीच अपने छात्र जीवन व निजी अनुभवों को साझा किया। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं को जिस तरह की शिक्षा दी जाएगी उनका भविष्य निर्माण उसी प्रकार होगा। यही वजह है कि साइबर अपराध से बचाव, नशे से दूरी, यातायात नियमों की जानकारी समेत आत्मरक्षा के गुर सिखाने के लिए धनबाद पुलिस ने विशेष पहल करते हुए पुलिस की पाठशाला अभियान के लिए स्कूलों और कॉलेजों को चुना है। कार्यक्रम में बैंक मोड़ थाना प्रभारी लव कुमार, राजकमल के प्रिंसिपल एसके मिश्रा समेत कई शिक्षक और सैकड़ो की संख्या में स्कूल के बच्चे मौजूद थे।



### मोबाईल व इंटरनेट के इस्तेमाल से बचने की दी गई सलाह

पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) संदीप गुप्ता ने साइबर अपराध के बढ़ते खतरे को देखते हुए छात्रों को मोबाइल व इंटरनेट के अनावश्यक इस्तेमाल से बचने की अपील की। बच्चों को यथासंभव मोबाइल के कम उपयोग की बात कही। सभी बच्चे अपने सोशल मीडिया ऐप को सुरक्षित रखें और पासवर्ड समय समय पर बदलते रहें। उन्होंने मनोरंजन के लिए सोशल मीडिया के कम उपयोग करने और किसी अनजान शख्स से वर्चुअल दोस्ती न करने की सलाह भी दी। मौजूदा वक़्त में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के बढ़ते खतरे को देखते हुए उन्होने बच्चों को बेहद सतर्क रहने को कहा, साथ ही अपनी निजी गतिविधियों की जानकारी सोशल मीडिया पर अपडेट न करने की अपील की।

### विपरीत परस्थितियों से निपटने के उपाये बताये

एसएसपी ने छात्रों की सुरक्षा की गारंटी देते हुए कहा कि कभी किसी तरह की समस्या पर वे सीधे पुलिस से डायल 112 के जरिए सम्पर्क कर सकते हैं, पुलिस की टीम ससमय मदद को पहुंचेगी। साइबर अपराध के शिकार होने पर उन्होंने 1930 डायल कर शिकायत दर्ज कराने को कहा। एसएसपी ने कहा इस उम्र में भटकाव से बचने के लिए छात्र-छात्राओं में कानून और नियमों की जानकारी अति आवश्यक है। सकारात्मक एवं रचनात्मक कार्यों से छात्र-छात्राओं को जोड़ दिया जाए तो इसके दूरगामी परिणाम देखने को मिलेंगे। इंटरनेट व मोबाइल द्वारा दिए हुए किसी लालच में न आएं और कोई अनजान वेबसाइट व अन्य लिंक पर क्लिक न करें। इस दौरान बच्चों ने कई सवाल जवाब भी किये।

### यातायात नियमो की दी गई जानकारी

पुलिस उपाधीक्षक यातायात श्री अरविंद सिंह ने छात्र छात्राओं को यातायात नियमों से जुड़ी जानकारी देते हुए सुरक्षा से जुड़े तमाम पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने वहां मौजूद बच्चों से सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों के सख्ती से पालन करने की अपील की। ट्रैफिक डीएसपी ने बालिग छात्रों से वाहन चलाते वक्त हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, गाड़ी को सुरक्षित पार्क करने, ड्राइविंग लाइसेंस समेत सभी जरुरी कागजात को साथ रखने की बात कही। इसके अलावा नाबालिग बच्चों को गाड़ी न चलाने की अपील भी की।

## स्पीड न्यूज

### विधायक ने रखी 30 योजनाओं की आधारशिला



गिरिडीह। नगर निगम क्षेत्र में सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने 30 योजनाओं की आधारशिला रखी। करीब एक करोड़ की राशि से प्रस्तावित कलवर्ट, पीसीसी रोड के साथ कई छोटे पुलिया का भी शिलान्यास किया गया। शिलान्यास के दौरान सदर विधायक सोनू ने निगम के ठेकेदारों को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि किसी भी सूरत में योजनाओं में गड़बड़ी बर्दाश्त नही की जायेगी। शिकायत आने पर वैसे ठेकेदारों पर कारवाई भी तय है। साथ ही उन्होंने संवेदकों को समय पर काम पूरा करने का निर्देश दिया। मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष संजय सिंह, नगर अध्यक्ष रॉकी सिंह, अभय सिंह समेत कई कार्यकर्ता, समर्थक व पूर्व वार्ड पार्षद मौजूद थे।

### डीसी ने प्रवर्तन एजेंसियों के साथ की बैठक



**गिरिडीह।** आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए शनिवार को डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने समाहरणालय में प्रवर्तन एजेंसियों के साथ महत्पूर्ण बैठक की। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी रंथू महतो के साथ कई और एजेंसियों के पदाधिकारी शामिल हुए। इस दौरान उपायुक्त श्री लकड़ा ने सभी प्रवर्तन एजेंसियों को अवैध पदार्थो की तस्करी पर रोक लगाने का निर्देश दिया और आपतिजनक वस्तुओं को लेकर छापेमारी व जब्ती की प्रकिया शुरू करने की बात कही। उड़न दस्ता के साथ स्टेथिक निगरानी दल में शामिल पदाधिकारियों को भी अवैध शराब के साथ नगद रुपए के लेन-देन को लेकर सक्रिय रहने का निर्देश दिया। इस दौरान सीमावर्ती क्षेत्रों में चौकसी बढ़ाने का निर्देश देते हुए कहा कि हर असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें।

### सीआइएसएफ ने कोयला चोरों का जब्त की बाइक

**लोयाबाद।** सिजुआ क्षेत्रीय सीआइएसएफ गश्ती दल ने शनिवार को बांसजोड़ा से तीन बाइक जब्त कर लोयाबाद पुलिस के हवाले कर दिया। साथ ही एक आवेदन देकर सनहा दर्ज करने की मांग की है। सीआईएसएफ की मानें तो सुबह सात बजे के करीब तीन बाइक सवार असमाजिक तत्व बांसजोड़ा, निचितपुर माइंस में कोयला चोरी के लिए घुस रहे थे, जब सीआइएसएफ गश्ती दल नजर पड़ी तो तीनों बाइक छोड़कर भाग निकले। दो बाइक पर नंबर नही है, जबकि तीसरी बाइक पर जेएच 10 एएफ 2432 अंकित है।

# लोयाबाद रेलवे साइडिंग निर्माण के विरोध में ग्रामीणों ने दिया धरना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** लोयाबाद रेलवे स्टेशन के पास ग्रामीण संघर्ष मोर्चा द्वारा साइडिंग निर्माण के विरोध में शनिवार को एक दिवसीय धरना दिया गया। धरना में ग्रामीण महिलाएं भी शामिल हुई।

मोर्चा के संयोजक बिट्टू राय व अध्यक्ष अनिता देवी के नेतृत्व मे आयोजित इस धरना मे ग्रामीणो ने बीसीसीएल व रेलवे प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मोर्चा के बिट्टू राय, अनीता देवी व पुनम प्रसाद ने बताया कि यहां रेलवे साइडिंग निर्माण से समस्या उत्पन्न हो रही है। प्रदूषण से लोगो का जीना दूभर है। साइडिंग चालू हुआ तो लोग जीते जी मर जायेंगे। हाइवा का परिचालन बढ़ेगा, धूल व धूलकण से लोग बीमार पड़ेंगे। पास मे दो स्कुल है। छोटे बच्चे स्कूल जाते हैं, खतरा बना रहेगा। रेलवे तो अपना स्टाफ यहां से हटा रहा है। लेकिन हमारे बारे में कोई नही सोच रहा है। हमलोग को यहां धुल,गर्दा खाने को छोड़ रहा है। हमलोग चाहते हैं, पहले यहां के ग्रामीण से प्रबंधन वार्ता कर समस्याओं का समाधान निकालें, फिर साइडिंग चालू करे। मामले में हमने रेलवे प्रबंधन, डीआरएम आद्रा से मिलकर अपनी समस्याओं से अवगत भी कराया है। मांग पत्र भी लिखा गया लेकिन कोई सुनवाई नही हो रही है। आज धरना के माध्यम से चेतावनी दी गई है। अगर इसके बावजूद भी पहल नही हुआ तो बड़ा आंदोलन होगा। धरना में बिट्टू राय, पुनम प्रसाद, अनीता देवी, गायत्री देवी, गुड़िया देवी, किरण खातुन, गुंजरी देवी, जोसना देवी, सुनीता देवी, सोनी देवी, उषा देवी, गीता देवी, विजय यादव, विशाल चौधरी, सुबोध यादव, जीतन बाउरी, आकाश बाउरी आदि दर्जनो ग्रामीण उपस्थित थे।



## मासस का भाकपा माले में विधिवत विलय

▶▶ रांची में हुई विलय की औपचारिक घोषणा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मैथन।** मार्क्सवादी चिंतक पूर्व सांसद एके राय की पार्टी मासस के भाकपा माले में विलय की औपचारिक घोषणा शनिवार को विधिवत रांची में हो गयी। यह ऐलान भाकपा (माले) के सांसद राजाराम सिंह एवं मार्क्सवादी समन्वय समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अरूप चटर्जी ने किया। कहा गया कि यह एकीकरण जनता के संघर्ष को दावेदारी में तब्दील करने के लिए कृत संकल्प है। इसी उद्देश्य से 9 सितंबर को धनबाद में बड़ी रैली का आयोजन होगा। रैली में भाकपा (माले) के पार्टी महासचिव सहित एकीकृत पार्टी के केंद्रीय स्तर के सभी नेता मौजूद रहेंगे। रैली का नाम एकता रैली होगा और इसका मुख्य नारा- बीजेपी भगाओ, लूट मिटाओ, बिरसा के सपनों का झारखंड बनाओ होगा। कहा गया है कि दोनों संगठनों के केंद्रीय स्तर से ग्रास रूट पर एकीकरण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। एक महीने के भीतर यह प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। एकीकृत पार्टी ने विधानसभा सीटों की एक सूची तैयार की है। एकीकृत पार्टी भाजपा के खिलाफ मजबूत गठबंधन के पक्ष में है और विधानसभा क्षेत्र में अपने-अपने आधारों से पूरी ताकत से चुनावी तैयारी को तेज करेगी। बताते हैं कि 2021 से ही विलय की बातचीत चल रही थी। आज झारखंड में सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा के गठन में भी एके राय की बड़ी भूमिका थी। झारखंड मुक्ति मोर्चा का जन्म तो धनबाद में ही हुआ था। शिबू सोरेन, एके राय और विनोद बिहारी महतो ने मिलकर झारखंड मुक्ति मोर्चा का गठन किया था। उस समय तीनों नेता बड़े नेता माने जाते थे। यह अलग बात है कि उस समय झारखण्ड अलग नहीं हुआ था। वैचारिक मतभेद होने पर एके राय धीरे-धीरे अलग हो गए और मार्क्सवादी समन्वय समिति के नाम से अपनी पार्टी बनाई और पार्टी चलाने लगे। जो भी हो, एके राय की राजनीतिक हनक कोयलांचल ने महसूस किया था। तीन बार के सांसद और तीन बार के विधायक रहे एके राय ने अपना जीवन ही कोयला मजदूरों के नाम कर दिया था। लेकिन आज उनकी पार्टी का अस्तित्व ही मिट गया।

## मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने पेश की नई मिसाल

# कार्यकर्ता को सड़क से उठाकर अस्पताल ले जाकर कराया इलाज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जामताड़ा।** झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने शनिवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान मानवता और कर्तव्यनिष्ठा का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। नारायणपुर के पबिया चौक पर मंत्री का काफिला जैसे ही पहुंचा, उन्होंने अचानक अपनी गाड़ी रोक दी। उन्होंने अपने करीबी कार्यकर्ता बाबुमनी सिंह की गंभीर स्थिति को देखते हुए उठाया, जो एक सड़क दुर्घटना में घायल होकर सड़क पर गिरे पड़े थे।



बिना देरी किये डॉ अंसारी ने उसे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया और अपने डॉक्टर होने का कर्तव्य निभाते हुए स्वयं प्रारंभिक उपचार में लग गए। चोट इतनी गंभीर थी कि खून रुकने का नाम नहीं ले रहा था, लेकिन मंत्री ने अपने चिकित्सा कौशल का उपयोग कर स्थिति को संभाला। प्राथमिक उपचार के बाद उन्होंने बाबुमनी सिंह को अपनी गाड़ी से जामताड़ा के लिए रवाना किया, ताकि बेहतर चिकित्सा सहायता मिल सके।

## राष्ट्रीय व्यापार मेला का पूर्व सांसद ने किया उद्घाटन




**धनबाद।** शहर के हीरापुर स्थित जिला परिषद मैदान में आयोजित राष्ट्रीय व्यापार मेला का पूर्व सांसद पीएन सिंह ने आज उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देने के लिए यह मेला लगाया गया है। स्थानीय लोगों को देश के विभिन्न राज्यों में निर्मित वस्तुओं को खरीदने और समझने का अवसर मिलेगा। यह अच्छी पहल है, इस तरह के आयोजन होते रहना चाहिए। आयोजकों ने बताया कि मेले में केरल हल्वा, पंजाबी जूती, पंजाबी फुलकारी, लखनऊ चिकन, बंगाल का काथा वर्क, भागलपुरी सिल्क खादी के वस्त्र, गाड़ी धोने का यंत्र, भदोही का कालीन, खुर्जा क्रोकरी साथ ही खाने पीने के स्टॉल एवं बच्चों के मनोरंजन के लिए जंपिंग, मिक्की माउस आदि की भी व्यवस्था की गई है। धनबाद में पहली बार इस मेले में हेंगर लगाया गया है। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष सुनील उरांव व पूर्व छात्र नेता मुकेश सिंह उपस्थिति रहे।

## एक नजर में

### स्कूली बच्चों ने पेंटिंग बनाकर क्लीन एयर का दिया संदेश



**धनबाद।** पर्यावरण महोत्सव कार्यक्रम के तहत नगर निगम ने शनिवार को गोल्फ ग्राउंड में स्कूली बच्चों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने 200 फीट के कैनवास पर पेंटिंग बनाकर क्लीन एयर का संदेश दिया। पेंटिंग के जरिये बच्चों ने पेड़ लगाओ हरियाली लाओ का भी संदेश दिया। वहीं पर्यावरण मित्र संस्था द्वारा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत कल्पतरु का पौधा लगाया गया। नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने बताया कि बच्चों ने क्लीन एयर को लेकर कैनवास पर शानदार कला को प्रदर्शित किया है। आज कल्पतरु का पौधा भी लगाया गया है जो काफी दुर्लभ माना जाता है। यह भारत में गिनेचुने स्थानों पर ही पाया जाता है। यह पौधा अपनी विशालकाय संरचना के साथ ये अपने पौराणिक महत्वों और औषधीय गुणों के लिए जाना जाता है। उन्होंने सभी शहर वासियों से पर्यावरण संरक्षण कि दिशा में उठाए जा रहे कदम में सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में कवियित्री सुधा मिश्रा, नगर मिशन प्रबंधक सुमित विवेक तिग्गा सहित निगम के कई कर्मी उपस्थित थे।

### कुमारधुबी ओवर ब्रिज के नीचे ट्रेन से कटी महिला

**मैथन।** कुमारधुबी ओवर ब्रिज के नीचे रेलवे पटरी से जीआरपी ने शनिवार की सुबह एक अज्ञात महिला (45) का शव बरामद किया है। महिला का कटा एक पैर ब्रिज के नीचे मिला है। इस संबंध में जीआरपी पुलिस ने बताया कि सुबह साढ़े छह बजे सूचना मिली कि पोल संख्या 232/19 के पास एक महिला का शव पड़ा है। महिला की पहचान के लिये प्रयास किया जा रहा है।

### सहयोग फाउंडेशन और विप्र सेना 24 को मनाएगी श्री कृष्ण जन्मोत्सव



**धनबाद।** सहयोग फाउंडेशन के सदस्यों की बैठक शनिवार को बस स्टैंड स्थित होटल द वेन्यू में नीतू तिवारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन विस्तार पर चर्चा के बाद निर्णय लिया गया कि आगामी 24 अगस्त को धैया स्थित आमंत्रण में श्री कृष्ण जन्मोत्सव सह खाटू श्याम महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए अध्यक्ष नीतू तिवारी ने बताया कितैयारी शुरू हो गई है। बच्चों का रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है। इसमें नन्हे शिशु सहित 12 साल के बच्चे श्री कृष्ण और राधा का वेश धारण कर आयेंगे। बैठक में प्रीति रॉय, लक्ष्मी श्रीवास्तव, किरण, नीलम शरण, बबिता सिन्हा, रंजना सिंह, अर्चना सिन्हा, रजनी, तनुश्री, खुशबू, सीमा सिंह, अंजू, पूनम, रूबी शाही, संगीता दुबे, मनीषा आदि मौजूद थी।

### बाघमारा अंचल के रैयतों का दूसरे दिन भी धरना जारी

**कतरास।** बाघमारा अंचल कार्यालय के समक्ष रैयतों ने अपनी मांगों को लेकर दूसरे दिन भी धरना दिया। धरना के दैरान उपस्थितजनों ने नारे बाजी कर रोष व्यक्त किया। मौके पर ग्राम स्वराज अभियान के जगत महतो, कमल महतो, दिलीप कुमार महतो, विकास कुमार रजवार, प्रदीप रजवार, दिलीप कुमार महतो, बिनोद कुम्हार, मणिलाल साव, देवांति देवी, रीता कुमारी, मुजीब अख्तर खान, शंकर महतो, अजय महतो, विकास महतो, सुरेश रजक, सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### बीआईटी सिंदरी में विद्युत उत्पादन के कार्यों और तकनीक पर कार्यक्रम संपन्न



**सिंदरी।** बीआईटी सिंदरी के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में विद्युत उत्पादन में नये रुझान को लेकर एआईसीटीई ट्रेनिंग एंड लर्निंग अकादमी द्वारा फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम का समापन शनिवार को हुआ। कार्यक्रम में संकाय सदस्यों और शोधकर्ताओं ने भागीदारी निभाई। समापन समारोह में बीआईटी मेसरा के प्रोफेसर डॉ पंकज मिश्रा ने नवीकरणीय ऊर्जा के लिए माइक्रोग्रिड योजना और ऊर्जा प्रबंधन पर बल दिया। समापन भाषण में निदेशक प्रो पंकज राय ने वैश्विक जलवायु संकट में नवीकरणीय ऊर्जा के महत्व पर जोर दिया। निदेशक ने संस्थान के कार्यों को बढ़ावा देने और स्वच्छ ऊर्जा के महत्व पर भावी पीढ़ियों को शिक्षित करने की प्रतिबद्धता पर भी प्रकाश डाला। प्रतिभागियों ने पाठ्यक्रम और व्यावहारिक अंतर्दृष्टि की प्रशंसा की। इससे उनके शिक्षण और शोध क्षमताओं को बढ़ाने में सहायक साबित होगा। इस कार्यक्रम का समन्वय डॉ योगेश कुमार प्रजापति और डॉ दिनेश कुमार ने किया। समापन सत्र में प्रो मनोज कुमार, प्रो बी डी यादव, प्रो मानस कुमार दुबे, प्रो कुलदीप कुमार, प्रो प्रभाकर, प्रो संजय उरांव और डॉ ओम प्रकाश सहित विशिष्ट संकाय सदस्यों की एक प्रतिष्ठित पैनल ने भाग लिया।

# शहर के मशहूर रेस्टोरेंट बांबे स्वीट्स के खाने में मिली गड़बड़ी

## एक्सपायर ब्रेड एवं अन्य सामग्री जब्त, 25,000 रुपये जुर्माना वसूला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी राजा कुमार ने 8 लेन सड़क मार्ग स्थित न्यू बांबे स्वीट्स रेस्टोरेंट में एक्सपायरी ब्रेड, स्लाइस, पिज्जा आइटम, कुकीज एवं अन्य सामग्री बरामद की है। कई सामग्री का सैंपल लिया गया।

खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने बताया कि एक दंपति को खाना खाने के दौरान पनीर की सब्जी में कीड़ा मिला था। शनिवार को इस दुकान के बारे में शिकायत मिली। फूड सेफ्टी कमिश्नर एवं सिविल सर्जन के निर्देश पर छापेमारी की गई। प्रीतम नामक एक शख्स ने आरोप लगाया था कि स्पेशल थाली के खाने में कीड़ा मिला था। जांच में गड़बड़ी की पुष्टि हुई है। इसके अलावा दुकान से कुछ सेंपल भी लिये हैं, जिसे जांच के लिए रांची भेजा जाएगा। हाइजीन का ख्याल नहीं रखने के कारण दुकान संचालक पर 25,000 (पच्चीस हजार रुपये) का जुर्माना भी लगाया गया है। अगर रेस्टोरेंट की कार्यप्रणाली में सुधार नहीं हुआ तो उसे सील कर दिया जाएगा।



शिकायतकर्ता ने बताया कि ऐसे रेस्टोरेंट ग्राहकों की सेहत के साथ खिलवाड़ करते हैं। हाइजीन का ख्याल नहीं रखते पर कार्रवाई होनी चाहिए और इसीलिए विभागीय पदाधिकारियों से शिकायत की थी। 6 अगस्त को वह अपनी पत्नी के साथ डिनर करने आये थे। उन्हें पनीर की सब्जी में कीड़ा मिला था। वहां से निकले तो उन्हें पेट में दर्द हुआ, उल्टी भी हुई।

न्यू बांबे स्वीट्स के मैनेजर लालदेव यादव ने बताया कि प्रतिष्ठान के मालिक विकास बजानिया हैं। पहली दफा उनके स्टाफ से गलती हुई है। भविष्य में ख्याल रखा जाएगा और किसी ग्राहक को शिकायत का मौका नहीं मिलेगा।

## स्पीड न्यूज

### भवनाथपुर विधायक ने नवनियुक्त भाजपा मंडल विजय को मिठाई खिलाकर दी बधाई



सतबरवा पलामू। सतबरवा के नवनियुक्त भाजपा मंडल विजय शर्मा को भवनाथपुर के विधायक भानु प्रताप शाही तथा डालटनगंज भंडरिया विधायक आलोक चौरसिया ने अंगवस्त्र तथा मिठाई खिलाकर सतबरवा में बधाई दी। विधायक भानु ने कहा कि नवनियुक्त सतबरवा मंडल के अध्यक्ष विजय शर्मा काफी अनुभवी तथा पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता हैं। भाजपा ने विजय पर दूसरी बार भरोसा जताया है। जिस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। वहीं विधायक चौरसिया ने कहा कि पूर्व के कार्यकाल को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने दोबारा विजय शर्मा को भाजपा मंडल अध्यक्ष बनाया है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, महेश यादव, रविंद्र सिंह, मनोज सिंह, मुकेश प्रजापति, अरविंद सिंह, मुधीर साव, बलदेव मेहता आदि थे।

### अच्छी सेहत के बिना जीवन का कोई महत्व नहीं, यह सबसे बड़ा धन : रामानंद पाठक



मेदिनीनगर। जमुने पंचायत में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में स्वास्थ्य विभाग ने फाइलेरिया की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाया। कार्यक्रम का उद्घाटन 20 सूत्री उपाध्यक्ष रामानंद पाठक, स्वास्थ्य चिकित्सा प्रभारी रिद्धि मैडम, बीपीएम तदासा करमाली, 20 सूत्री सदस्य प्रेम प्रकाश ठाकुर विद्यालय की प्राचार्य अचिता सिंह ने किया। 20 सूत्री उपाध्यक्ष ने सभी बालिकाओं के समक्ष फाइलेरिया बीमारी के रोकथाम के लिए आईडीए दवा की खुराक ली। कहा कि अच्छी सेहत के बिना जीवन का कोई महत्व नहीं है। सेहत ठीक नहीं होगी तो व्यक्ति दुखी और रोगी बना रहता है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से सुबोध सिंह, ज्योत्सना तिर्की, एवं अन्य पूरे स्वास्थ्य कर्मी, सैकड़ों की संख्या में बालिकाएं-शिक्षिका मौजूद थे।

### रेडक्रॉस सोसाइटी ने किया पौधरोपण



मेदिनीनगर। स्थानीय बाईपास रोड गोशाला मेदिनीनगर में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी पलामू ने पौधरोपण कार्यक्रम किया। जिसमें 15 पौधे लगाये गये। मौके पर रेड क्रॉस के सचिव डॉ सत्यजीत गुप्ता सचिव, कोषाध्यक्ष सुधीर सिंह, संयोजक सुधीर अग्रवाल, गिरधारी गर्ग, मुख्य परियोजना निदेशक,कमल जैन, उदय शंकर दुबे, कृष्णा प्रसाद अग्रवाल, विश्वजीत गुप्ता, बृजेश शुक्ला, राकेश कुमार सिंह उर्फ मंगल सिंह, महेंद्र राय, प्रसेनजीत दास गुप्ता, अनुपम तुलसयान, किशोर शर्मा, अरविंद तुलस्यान भी थे।

### डीसी लापरवाह पदाधिकारी पर कार्रवाई करें नहीं तो उग्र आंदोलन : बिट्टू पाठक



मेदिनीनगर। पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि आये दिन ग्रामीण क्षेत्र से लोगों की शिकायत आ रही है कि आदिवासी बहुल क्षेत्रों में 3 महीने से खाद्य आपूर्ति बंद है इससे उपभोक्ता में रोष है। कहा कि भाजपा मानसिकता वाले पदाधिकारी झारखंड सरकार की छवि धूमिल करने का षड्यंत्र रच रहे हैं। प्राप्त आवेदनों के आलोक में उपायुक्त कड़ी कानूनी कार्रवाई करें अन्यथा उग्र आंदोलन किया जायेगा।

### कस्तूरबा उच्च विद्यालय से फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की हुई शुरुआत



नीलांबर पितांबरपुर। प्रखंड के कस्तूरबा गांधी उच्च विद्यालय से फालेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय सभागार में प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजीव रंजन ने फाइलेरिया रोधी दवा खाकर व अन्य को खिलाकर की। चिकित्सा प्रभारी ने कहा कि फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन हर स्वस्थ व्यक्ति को स्वास्थ्यकर्मी या इससे जुड़े लोगों के समक्ष ही करने की जरूरत है ताकि प्रखंड को फाइलेरिया जैसी बीमारी से दूर रखा जा सके। फाइलेरिया मुक्त समाज से ही हमारा भविष्य सुरक्षित होगा। मौके पर जेएसएलपीएस बीपीएम सत्यप्रिय तिवारी, बीपीएम राजकुमार सिंह, बीडीएम निलेश पांडे, एमएसटी विजय पांडे, बीटीटी अनिल गिरी, एसएस सुनिता देवी, कस्तूरबा की वार्डन राकी मुक्ता भी थे।

### कस्तूरबा में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम



पाटन पलामू। प्रखंड के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम किया गया। जिसमें पाटन प्रमुख शोभा देवी, पाटन बीडीओ अमित झा, कस्तूरबा की वार्डन सुषमा कुमारी, डॉ कृष्ण कुमार, डॉ रामाश्रय यादव, डॉ सोमनाथ चक्रधर, बीपीएल शशिकांत कुमार, एमटीएस उदय चौधरी, बैम जितेंद्र कुमार, बालविकास विभाग के सुपरवाइजर सुषमा कुमारी सहित कस्तूरबा विद्यालय के सभी शिक्षिका एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम में पाटन बीडीओ ने कहा कि सरकार बड़े पैमाने पर लोगों को जागरूक कर रही है ताकि इस बीमारी से लोगों को बचाया जा सके। इसका सभी विद्यालयों एवं संस्थानों में प्रचार प्रसार किया जा रहा है आप लोग भी इसकी जानकारी प्राप्त करें एवं और लोगों को दवा खाने के लिए प्रेरित करें।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला में मनी गोस्वामी तुलसीदास की जयंती



हुसैनाबाद पलामू। शहर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला में शनिवार को संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य मृत्युंजय प्रसाद, संजय सिन्हा, शशि कुमार, राजेश्वर सिंह यादव, अभिषेक पाठक ने मां सरस्वती व गोस्वामी तुलसीदास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। प्रभारी प्रधानाचार्य ने भैया-बहनों को प्रोत्साहित किया एवं तुलसी जी का जीवन पर अभूतपूर्व जानकारियां दी।

# उपचार और फाइलेरिया के प्रति लोगों को जागरूक करना जरूरी : डॉ ईश्वर सागर

- विश्रामपुर सीएचसी में राष्ट्रीय फलेरिया उन्मूलन पखवाड़ा कार्यक्रम शुरू, 25 अगस्त तक चलेगा कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता

विश्रामपुर (पलामू)। विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को फलेरिया पखवाड़ा कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी,जिला पार्षद विजय रविदास व प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर मुन्ना चंद्रवंशी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा फलेरिया मरीजों तक सुलभता के साथ दवा और उपचार पहुंचाया जा रहा है लेकिन फ्लेरिया से बचाव हेतु लोगों को जागरूक करना भी बेहद जरूरी है। श्री चंद्रवंशी ने लोगों से इस अभियान में जुड़कर स्वास्थ्य लाभ लेने का अपील किया। मौके पर जिला पार्षद विजय रविदास ने कहा कि फ्लेरिया से बचाव ही सबसे कारगर उपाय है। चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार ने बताया कि फ्लेरिया उन्मूलन पखवाड़ा 25 अगस्त तक मनाया जायेगा। इसके तहत आज सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर बूथ स्थापित किया गया है। बूथों पर लोगों को आईडीएसी दावा खिलाई जा रही है। रविवार से घर घर जाकर लोगों को दवा दी जायेगी।



कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि।

# जेजेएमपी के पूर्व एरिया कमांडर समेत दो गिरफ्तार एक देसी पिस्टल व पांच जिंदा गोली,बाइक बरामद

- ज्वेलरी लूटरा अपराधी नक्सली से मिलकर घटना को दे रहे अंजाम
- लूटकांड का मास्टर माइंड मोनू सोनी जल्द होगा गिरफ्तार : एसपी

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिला समेत झारखंड के विभिन्न जिलों एवं राज्य के बाहर जिलों में ज्वेलरी दुकान में लूटकांड की घटना को अंजाम मोनू सोनू व इसके सहयोगियों के द्वारा लगातार दिया जा रहा है। इस मामले में पलामू पुलिस अनुसंधान के क्रम में लूटकांड की घटना में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज रही है। इसी सिलसिले में लूट की योजना बनाते समय जेजेएमपी के पूर्व एरिया कमांडर व कुख्यात अपराधकर्मी ललन भुइयां उर्फ अर्जुन जी व इसके सहयोगी विरेंद्र भुइयां को चैनपुर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन लोगों के पास से एक देसी पिस्टल व पांच जिंदा गोली बाइक बरामद किया गया है।



पत्रकार वार्ता में जानकारी देते पलामू एसपी व अन्य।

**खास बातें :** इस संबंध में पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने प्रेस वार्ता कर बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त था कि चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बरांव चढ़नवा मोड़ के पास जेजेएमपी के पूव एरिया कमांडर ललन भुइयां अपने सहयोगी विरेंद्र भुइयां के साथ किसी घटना को अंजाम देनेवाले थे। इस पर त्वरित कार्रवाई करने के लिए सदर एसडीपीओ के नेतृत्व में चैनपुर थाना पुलिस के सहयोग से दोनों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि ललन भुइयां के विरूद्ध पांकी, गारू, चैनपुर, रामगढ़ में कई अपराधिक मामले दर्ज हैं। जबकि विरेंद्र भुइयां के विरूद्ध डालटनगंज, सतबरवा थाने में कई अपराधिक मामला दर्ज है। उन्होंने बताया कि गुमला जिला में 30 जुलाई को एक ज्वेलरी दुकान में लूटकांड की घटना को अंजाम दिया गया था।

# इंजीनियरिंग कॉलेज में परीक्षा के दौरान मारपीट, उत्तर पुस्तिकाएं फटी

खबर मन्त्र संवाददाता

नीलांबर पीतांबरपुर। प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बसौरा में स्थित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय पलामू में बीटेक चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा 2024 के हो परीक्षा के दौरान छात्रो एवं शिक्षकों के बीच हुए परीक्षा कक्षा में जमकर हंगामा हुआ। तथा परीक्षा की उत्तर पुस्तिका फाडने तथा कुछ छात्रों द्वारा खिड़की का शीशा तोड़कर भागने की घटना हुई है। घटना के संबंध में पूछने पर एग्जाम ऑब्जर्वर अमित कुमार ने बताया कि प्रथम पाली में बीटेक चतुर्थ सेमेस्टर में बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा नोक झोक की घटना हुई है जिस कारण सेकंड पाली में सिक्स सेमेस्टर के एग्जाम अपने निर्धारित समय से एक घंटा विलंब से शुरू किया गया है। जबकि परीक्षा ले रहे शिक्षकों ने नाम नही छापने के शर्त पर बताया कि हम लोगों के साथ छात्रों द्वारा रूम में धक्का मुक्की एवं मारपीट की गई है। ज्ञात हो कि इस इंजीनियरिंग कॉलेज में डी ए भी इंजीनियरिंग कॉलेज डाल्टनगंज का परीक्षा केंद्र बनाया गया है। साथ ही इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य ने बताया कि मामला काफी गंभीर हैं। कहा कि मामले में जो भी दोषी हैउन्होंने जांच कर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। तो दूसरी तरफ कानूनी पचड़े में कोई निर्दोष और अनुशासन में रहने वाला छात्र नहीं फंसे इसका सदैव ध्यान रखा जायेगा। फिलहाल कॉलेज में द्वितीय पाली की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से ली जा रही हैं।



कॉलेज के बाहर जुटे विद्यार्थी और फटी उत्तर पुस्तिका (इनसेट)।



### पर्यावरणविद ने किया वर्ष 2024 का नि:शुल्क पौधा वितरण शिविर का उद्घाटन

# अकाल से मुक्ति व किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करेगा पौधरोपण : कौशल-पूनम

खबर मन्त्र संवाददाता

छतरपुर पलामू। छतरपुर अनुमंडल के ग्राम पंचायत डाली बाजार के कौशल नगर में मोहनलाल खुर्जा पार्वती देवी पार्क जैविक उद्यान प्रांगण में विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनरखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल और पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के पश्चात पौधा दान कर पौधा वितरण शिविर का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलायी। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी व प्रदूषण से जान बचाना है तो दुनिया के तमाम लोगों को अपना धर्म के साथ-साथ पर्यावरण धर्म को अपनाना होगा। पर्यावरण धर्मगुरु डॉ कौशल ने कहा इसी जन्म भूमि से उन्होंने निशुल्क पौधा वितरण व रोपन की शुरुआत की थी। यदि अकाल से मुक्ति पाना है और किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करना है, तो पौधा लगाकर उसे बचायें। पौधरोपण का आज 58 वर्ष और पर्यावरण धर्म व बनराखी मूवमेंट के 48 वर्ष पूरा हो गया। उसी क्रम में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पौधों का निशुल्क वितरण किया जा रहा है। कहा कि जो व्यक्ति आज शिविर में उपस्थित नहीं हुए हैं वह दूसरे दिन भी डाली के कौशल नगर बाजार और डाल्टनगंज के बाईपास रोड केपीजे कॉम्प्लेक्स के पीछे पर्यावरण भवन से निशुल्क पौधा पाया जा सकता है।



पौधा वितरण करते डॉ कौशल व मुखिया पूनम जायसवाल।

### हरिकिशोर दुबे करेंगे सोमवारी पर रूद्राभिषेक



मेदिनीनगर। सावन सोमवारी के उपलक्ष में चैनपुर प्रखंड के पंचायत पूर्वडीहा, दतवनिया स्थित केकतूआ बाबा भोलेनाथ मंदिर में समाजसेवी हरीकिशोर दुबे रुद्र महा अभिषेक सुनिश्चित किया है। पंडित गोपाल मिश्रा पूजा कार्यक्रम संपन्न करायेंगे। रूद्राभिषेक में महाप्रसाद भी बंटेगा। जन कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष अजीत दुबे ने सभी ग्रामीणों से अपील की है कि सावन सोमवारी के इस महापर्व में अपनी उपस्थिति बाबा भोलेनाथ के प्रांगण में दर्ज कराकर पुण्य के भागी बने। सोमवारी को शिव पूजा से भक्तों की सभी मनोकमना पूर्ण होती हैं।

### दादी के निधन से रूद्र शुक्ला के शोकाकुल परिवार के दुःख से हैं आहत : डॉ रामेश्वर उरांव



नीलांबर पीतांबरपुर पलामू। पांकी के पूर्व विधायक प्रत्याशी सह युवा कांग्रेस नेता रुद्र शुक्ला की दादी सूर्यमुखी देवी (85) का निधन होने पर झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव रूद्र शुक्ला के पैतृक ग्राम कमलकेड़िया जाकर शोक व्यक्त किये। श्री उरांव ने शोकाकुल परिवार को ढाढ़स बंधाकर मृतक की आत्मा की शांति के लिए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने युवा नेता के दादा राधा शुक्ला से मिलकर इस दु:ख की घड़ी में धैर्य से काम लेने का आग्रह किया। कहा कि हम आपके सुख दुख में हमेशा साथ हैं। मौके पर मंत्री के आप्त सचिव संजय दुबे व गणमान्य भी थे।

### आदिवासी धर्म, संस्कृति झारखंड के लिए धरोहर



मेदिनीनगर। विश्व आदिवासी दिवस पर राष्ट्रीय जनजाति महासंघ, अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम पंचायत सुआ कौड़िया गोदाम चौक परिसर में समारोह किया गया। जिसमें काफी संख्या में आदिवासी समाज के महिला, पुरुष व बच्चे शामिल हुए। कार्यक्रम के उद्घाटन के पूर्व उप प्रमुख शीतल सिंह व अन्य ने सुआ गांव स्थित धरती अहरा पर विधिवत पूजा अर्चना की। समारोह में आदिवासी गीत नृत्य प्रस्तुत किये गये। मौके पर पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा कि आदिवासी धर्म व संस्कृति झारखंड की पहचान है। यह एक धरोहर है इसे बचाने के लिए हमसभी को मिलकर प्रयास करने की जरूरत है। साथ ही इस संस्कृति को बढ़ावा देने की जरूरत है। राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन सिंह चेरो ने कहा कि आदिवासी राज्य में आदिवासी ही घोर उपेक्षा के शिकार हो रहे हैं। इनके संरक्षण के लिए सरकार कोई कारगर पहल नहीं कर रही है।

## चैनपुर प्रखंड के ताली चौक से सुकरी मोड़ तक सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ

प्रेमरंजन तिवारी

- निर्माणाधीन सड़क से कई गांव के लोगों को आने जाने में हो रही परेशानी
- निर्माणाधीन सड़क पर बने गड्ढे दुर्घटना को दे रहा अंजाम

चैनपुर पलामू। वर्षा के समय में पक्की व कच्ची सड़क पर जलजमाव होना आम बात है। लेकिन निर्माणाधीन सड़क पर बने गड्ढे से लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। ऐसी घटना को उजागर कर रहा है चैनपुर प्रखंड के ताली चौक से सुकरी मोड़ तक आरसीडी विभाग से सड़क निर्माण कराया जा रहा है। सड़क अभिकर्ता जो निर्माण कार्य करा रहा है उसकी गुणवत्ता को ध्यान में नहीं रखा जा रहा है। साथ ही इस मार्ग से गुजरनेवाले लोगों की कठिनाइयों को नजरअंदाज किया जा रहा है। जिससे सड़क में कई जगह गड्ढे बने हैं जिसमें जलजमाव से लोगों को गड्ढे का अंदाज नहीं मिल पाता है। जिस कारण वे दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। इस पथ में उच्च विद्यालय, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, राजकीय कन्या मवि सभी नरसिंहपुर पथरा में ही पड़ता है।



## चांदनी ने चतरा लोकसभा सहित पूरे राज्य को गौरवान्वित किया है: सांसद कालीचरण

खबर मन्त्र संवाददाता

- पांकी की बेटी और मजदूर किसान कॉलेज डंडार कला की छात्रा सह एन एस एस स्वयंसेविका चांदनी कुमारी 78वें स्वतंत्रता दिवस पर नई दिल्ली में झंडोत्तोलन व आयोजित होने वाले कार्यक्रम की बनेगी साक्षी : प्राचार्य डॉ दिलीप



पांकी पलामू। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय पटना एवं नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय मेदिनीनगर पलामू के राष्ट्रीय सेवा योजना के इकाई द्वारा मजदूर किसान डिग्री महाविद्यालय डंडारकला पांकी में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविका चांदनी कुमारी ढूब, पांकी, पलामू निवासी का चयन 78 में स्वतंत्रता दिवस समारोह लाल किला परिसर नई दिल्ली में झंडोतोलन एवं इस अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की साक्षी बनेंगी। उक्त जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ दिलीप राम ने प्रेस को दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य समन्वयक डॉक्टर ब्रजेश कुमार ने भी चांदनी के चयन को लेकर प्रसन्नता जाहिर किया है। राज्य के लिए यह बहुत बड़े गौरव का क्षण है।

## सम्मेलन में भाजपा, कांग्रेस के अलावे कई लोग झामुमो में शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता

- सतबरवा प्रखंड में झामुमो का हुआ कार्यकर्ता सम्मेलन
- भाजपा के विधायक सांसद पांच काम भी नहीं गिना पा रहे हैं : राजेंद्र सिन्हा

सतबरवा पलामू। झामूमो द्वारा बलवंत सिंह नामधारी कॉलेज में कार्यकर्ता सम्मेलन प्रखंड अध्यक्ष श्रवण गुप्ता की अध्यक्षता में की गयी। सम्मेलन में भाजपा, कांग्रेस के अलावे कई लोगों को जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने पार्टी का पट्टा भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत सुरेश प्रसाद एवं उर्मिला देवी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। सम्मेलन को संबोधित कर श्री सिन्हा ने झारखंड सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि झामूमो गरीबों एवं माटी से जुड़ा हुआ पार्टी है। राज्य के मुखिया हेमंत सोरेन गरीबों की कठिनाई को देख दो सौ यूनिट बिजली फ्री किया।



## किसान मित्र कृष्णा बैठा ने सरकार से की फसल बीमा कराने की मांग

हुसैनाबाद पलामू। व्यापार मंडल अध्यक्ष सह पलामू जिला पैक्स अध्यक्ष संघ के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने कहा कि पलामू के किसान लगातार तीन वर्ष बाद धान की रोपाई कर रहे। एक सप्ताह लगातार बारिश से करीब 50 प्रतिशत धान की रोपाई हो गयी है लेकिन किसानों को फिर भी समय से वर्षा नहीं होने व धान में संक्रमण लगने से फसल बर्बाद होने व अन्य कई बीमारी का डर सता रही हैं। उन्होंने सरकार से मांग की है कि किसानों सरकार किसानों की फसल की बीमा करवाये।

## सावन के महीने में मेहंदी का है पारंपरिक महत्व : डॉ एके सिंह

- ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में अंतर सदन मेंहदी कला प्रतियोगिता



खबर मन्त्र संवाददाता

चैनपुर पलामू। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के सभाकक्ष में छात्राओं ने अंतर सदन मेंहदी कला प्रतियोगिता की, जिसमें विद्यालय के छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। सभी सदन बायरन, इलियट, शेक्सपीयर एवं कीट्स के छात्राओं ने निर्धारित विषय पर आधारित मेंहदी कला कौशल का हाथ पर प्रदर्शन किया। कक्षा छठा से बारहवीं तक के छात्रों को दो समूहों में विभाजित किया गया। समूह ए में कक्षा छठवीं से आठवीं तक तथा समूह बी में कक्षा नवीं से बारहवीं तक की छात्राएं थी।

### झामुमो नेता सह समाजसेवी ने नगर निगम आयुक्त से की मुलाकात

# पदाधिकारी और प्रतिनिधि के सामंजस्य से ही होगा मेदिनीनगर का विकास : दीपक तिवारी

- पांच सूत्री मांगपत्र पर नगर आयुक्त ने दिया अधीनस्थ अधिकारियों को तत्काल निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर नगरनिगम को स्वच्छ, सुंदर एवं समृद्ध बनाना हम सबों की जिम्मेदारी है। साथ ही विकसित नगर निर्माण एवं जनसुविधा बहाल करने के लिए जनता के प्रतिनिधि को पदाधिकारियों के साथ सामंजस्य बैठाकर सहयोग करना चाहिए।



निगम आयुक्त को पुष्पगुच्छ देते दीपक तिवारी व अन्य।

मेदिनीनगर की जनता को युवा नगर आयुक्त आईएएस मोहम्मद जावेद हुसैन से उम्मीद बढ़ी है। ये बातें झामुमो नेता सह समाजसेवी दीपक तिवारी ने कही। श्री तिवारी ने नगर आयुक्त से मिलकर पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा।

उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से नगर आयुक्त से कहा कि निगम क्षेत्र में आवश्यक सुविधा बहाल कराने, बरसात के समय में नारकीय हालात से निजात दिलाने समेत कई मांगों पर विचार करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा जलाशयों की सुदृढ़ीकरण, सरकारी संपत्ति के संरक्षण, पीने का साफ पानी, डीडीटी छिड़काव, दवा युक्त फॉगिंग मशीन, स्ट्रीट लाइट को दुरुस्त करने के विषय में नगर आयुक्त ने संतोषजनक जानकारी उपलब्ध करायी है। उन्होंने कहा कि निगम आयुक्त ने जनहित के गंभीर विषयों पर तत्काल अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिया है। नगर निगम क्षेत्र में वार्ड स्तर तक सुविधा देने के लिए आवश्यक कदम उठाने का भरोसा दिया गया है। साथ ही बताया कि बारिश के चलते कमोबेश समय लगेगा, लेकिन सभी मांगों पर कारवाई की जा रही है।

# विधायक पुष्पा देवी ने किया पीसीसी पथ निर्माण कार्य का ऑनलाइन शिलान्यास

- इस पथ के निर्माण हो जाने पर लोगों को आने जाने में होगी सहूलियत : मनोज कुमार, पूर्व सांसद

खबर मन्त्र संवाददाता

पाटन पलामू। दुलही से कजरमा ग्राम तक कालीकरण एवं पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा ने ऑन लाईन शिलान्यास किया। यह पथ लगभग तीन किलोमीटर लंबाई में ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा पथ का निर्माण किया जायेगा जिसकी लागत दो करोड़ निन्यानवे लाख है। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के विकास व आवागमन सुलभ बनाने के लिए बेहतर पथ का होना आवश्यक है। मौके पर पूर्व सांसद मनोज कुमार उपस्थित थे।



निर्माण कार्य का उद्घाटन करते विधायक के प्रतिनिधि व अन्य।

**ये थे उपस्थित :** कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह, भाजपा नेता अशोक तिवारी, नवलेज सिंह, प्रमोद सिंह, गुडु सिंह, विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह, कामता सिंह, अखिलेश सिंह, अभिजीत सिंह, रणजीत सिंह, अंजय सिंह, निरंजन सिंह, नवल सिंह, कामख्या सिंह, जगरनाथ सिंह, राकेश पाण्डेय सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कार्यक्रम में पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा कि इस पथ के निर्माण हो जाने पर लोगों को आने जाने में सहूलियत होगी।

# बिरसा मुंडा निःशुल्क विद्यालय का 30वां स्थापना दिवस धूमधाम से संपन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** नगर के सेक्टर-12ए स्थित बिरसा मुंडा निःशुल्क विद्यालय के स्थापना दिवस समारोह में बड़ी संख्या में शामिल समाजसेवियों ने विद्यालय के संस्थापक 70 वर्षीय परशुराम के कार्यों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की तथा अपनी ओर से यथासंभव सहायता भी की। पिछले तीन दशक से उनकी ओर से स्थापित बिरसा मुंडा निशुल्क विद्यालय स्लम एरिया के उन बच्चों के लिए वरदान साबित हो रहा है जिनके माता पिता दिहाड़ी मजदूर दाई ठेला या रिक्शा चलाने का काम करते हैं। गरीब बच्चों के लिए यह विद्यालय विगत 30 वर्ष से शिक्षा का अलख जगा रहा है। जनकल्याण सामाजिक संस्था की ओर से संचालित इस विद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर एसबीआई की प्रबंधक वंदना कुमारी ने स्कूल को एक सेट कंप्यूटर प्रदान किया। उद्घाटन वरिष्ठ समाजसेवी कुमार अमरदीप विनोद चोपड़ा अध्यक्ष रोटरी चास एवं मुकेश अग्रवाल सचिव रोटरी चास)ने संयुक्त रूप से किया। वंदना ने कहा कि बच्चे मेहनत से पढ़ेंगे तो गरीबी बाधक नहीं बनेगी। बोकारो ओल्ड जेवियर्स अलुमिनि ट्रस्ट के अरविंद चोपड़ा ने दो शौचालय बनाने की घोषणा की। विनोद चोपड़ा, मुकेश अग्रवाल ने बच्चों को लेखन सामग्री दी। बोकारो होटल के विक्रम ने बच्चों को भोजन कराया। कुमार अमरदीप का आयोजन में अहम योगदान रहा। मौके पर ममता सिंह गुड़िया देवी बबीता कुमारी, विजय कुमार हरिशंकर प्रसाद सोनी शंकर रजक चंदेश्वर ठाकुर सीआर दास रामजी ठाकुर प्रकाश गोराई कपिल देव मंडल आदि मौजूद रहे।

# दुमका : झामुमों ने सीएम हेमंत सोरेन का मनाया जन्मदिन



सीएम हेमंत सोरेन का जन्मदिन मनाते कार्यकर्त्ता।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** खिजुरिया स्तिथ गुरुजी आवास में जिला समिति द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का 49वां जन्मदिन मनाया गया। जिला सचिव शिव कुमार बास्की के नेतृत्व में झामुमो कार्यकताओं ने हेमंत सोरेन की तस्वीर के समक्ष केक काटकर उनके दीघार्यु व स्वस्थ्य जीवन की कामना की। मौके पर कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को केक व लड्डू खिला कर खुशियां मनाई। कार्यक्रम में नगर प्रभारी रवि यादव, प्रखंड अध्यक्ष सिराजुद्दीन अंसारी, अशोक चौधरी, दिलीप बेसरा, सुमंत यादव, पराक्रम शर्मा, इनायत करीम, मनोज रजक, आदित्य श्रीवास्तव, सविता टुडू, इंदु चौबे, मैरी किरण हांसदा, गीता देवी, पियूष कुमार, रब्बानी निप्पू, महबुब सरकार, सुरज सिंह, सोनू शेख, राजेश कुमार, मदन मंडल, मो सोहैल समेत कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# करगली मे फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** बेरमो कोयलांचल के करगली गेट स्थित बिनोद बिहारी महतो फुटबॉल ग्राउंड में शनिवार को समुत्कर्ष फाउंडेशन की ओर से छह दिवसीय ग्रामीण फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उदघाटन बेरमो थाना के सब इंस्पेक्टर मो शाहिद, ओमशंकर सिंह, मंचू सिंह, चंदन चौहान, सुब्रतो गांगुली आदि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। यहां उद्घाटन मैच मां मनसा क्लब कुरपनिया बनाम एफसी क्लब मकोली के बीच खेला गया। जिसमें मां मनसा क्लब के खिलाड़ियों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए 2-0 से जीत दर्ज किया। सब इंस्पेक्टर शाहिद ने कहा कि खेल से शारीरिक व मानसिक क्षमता का विकास होता है। खेल को हमेशा खेल की भावना से खेलने व अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने में आगे आने की जरूरत है। आयोजन समिति के ओमशंकर सिंह, चंदन चौहान, मंचू सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता का फाइनल मैच 15 अगस्त को खेला जाएगा। विजेता टीम को 21000 व पुरस्कार एवं उपविजेता टीम को 11000 एवं तृतीय व चतुर्थ स्थान पर आने वाले टीम को पांच-पांच हजार रुपये दिया जाएगा। रेफरी की भूमिका ए एल चक्रवर्ती उर्फ बुकु दा, सुबीर मुखर्जी, संतोष कुमार आदि निभा रहे है। प्रतियोगिता का संचालन विनोद चौहान ने किया। मौके पर अभिमन्यु पासवान, विवेक पाठक, आनंद कुमार, शुभम वर्मा, मिथलेश सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### एसडीपीओ ने अपराध गोष्ठी का किया आयोजन



बेरमो/तेनुघाट कोर्ट। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण की अध्यक्षता में अनुमंडल अंतर्गत सभी अंचल निरीक्षक, थानाप्रभारी एवं ओपी प्रभारी की उपस्थिति में अपराध गोष्ठी की गई। जिसमें अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने सभी प्रभारी को निर्देश दिया है की पेंडिंग केशो का निष्पादन यथा शीघ्र तीव्र गति से करें। तथा स्पष्ट निर्देश दिया है की अपराधों पर नियंत्रण करने एवं अपराधिक गति विधियों पर नियंत्रण रखें। 15 अगस्त को देखते क्षेत्र में गश्ती बढ़ाने का तथा अपने-अपने क्षेत्र में उपस्थित रहने का भी निर्देश दिया है। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था बनाने का भी निर्देश दिया।

### दिनेश यादव दूसरी बार बने भाजपा के फुसरो नगर मंडल अध्यक्ष



बेरमो। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देश पर जिला अध्यक्ष जयदेव राय द्वारा दिनेश यादव को दूसरी बार फुसरो नगर मंडल अध्यक्ष मनोनित किया गया। नगर मंडल अध्यक्ष मनोनित होने पर पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडेय, बेरमो के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल, जिला उपाध्यक्ष अर्चना सिंह, बेरमो प्रमुख गिरजा देवी सहित भाजपा कार्यकर्ताओ ने मंडल अध्यक्ष दिनेश यादव को बधाई दी। बधाई देने वालो में पूर्व जिलाध्यक्ष बिनोद महतो व जगरनाथ राम, फुसरो नगर महामंत्री टुनटुन तिवारी व रमेश स्वर्णकार सहित श्रीकांत सिंह यादव,अनिल गुप्ता, दिनेश सिंह, वैभव चौरिया,बीरेंद्र ठाकुर,जितेंद्र सिंह, नवल किशोर सिंह, शनि सिंह,शंकर सिंहा,भरत वर्मा, लालमोहन महतो, वीणा देवी, चंदन राम, नरेश रजक, मनोज कुमार आदि शामिल है।

### आसमानी बिजली से एक की मौत, पांच महिला घायल



हंसडीहा। दुमका जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र के बभनखेता गांव निवासी 30 वर्षीय श्रवण मिर्धा की मौत शनिवार को वज्रपात की चपेट में आने से हो गई। हादसें के बाद घटना स्थल पर चीख पुकार मच गई। जानकारी के अनुसार श्रवण हंसडीहा रेलवे स्टेशन के समीप खेत में धान की रोपाई करने गया था इसी बीच बिना बारिश के ही वज्रपात हो गई और घटना स्थल पर ही श्रवण की मौत हो गई। वहीं धान की रोपाई करने पहुँची तेतरी देवी शिला देवी अमृता देवी लखी देवी और निशा मरांडी वज्रपात के झटके से झुलस कर घायल हो गई। जिसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा घटना की सूचना मृतक व घायलों के परिजनों सहित पुलिस को दी गई सूचना मिलने के तुरंत बाद मृतक व घायलों के परिजन घटना स्थल पर पहुँचे। कुछ देर बाद हंसडीहा थाना के एसआई शिव जी सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँच शव का पंचनावा कर पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया। इधर वज्रपात से झुलसे पांच महिला में से तेतरी देवी की हालत गम्भीर है जिसे उसके परिजन द्वारा इलाज के लिए बाहर ले जाया गया है। मृतक श्रवण कुमार अपने पीछे पत्नी सीलन देवी सहित दो पुत्र व एक पुत्री को छोड़ गया।

### दुमका : राष्ट्रीय एसटी आयोग की सदस्य डॉ आशा लकड़ा ने की जिला प्रशासन संग बैठक, कहा

# थाना पीड़ितों के सहयोग के लिए है, आम जनों को निराश होकर वापस न लौटना पड़े



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** समाहरणालय सभागार में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ आशा लकड़ा की अध्यक्षता में उपायुक्त सहित जिले के वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में डॉ आशा लकड़ा ने सर्वप्रथम राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के नियमों के बारे में जानकारी दी। इसके बाद समीक्षा के क्रम में उन्होंने अनुसूचित जनजातियों के लिए जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली। साथ ही अनुसूचित जाति की सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में उन्नति के लिए विभागीय पदाधिकारियों को कई निर्देश दिए। पुलिस विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने पूरे जिले में दर्ज प्राथमिकी की जानकारी ली। कहा कि थाना पीड़ितों के सहयोग के लिए है, किसी भी परिस्थिति में आम जनों को निराश होकर वापस न लौटना न पड़े। एक स्पेशल टीम बना ले ताकि आकस्मिक परिस्थिति में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखा जा सके। सभी थाना में महिला सुरक्षा बल रहे इसे सुनिश्चित कर ले। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जनजाति वर्ग के संरक्षण, सुरक्षा और न्याय दिलाने के उद्देश्य से आयोग लगातार मॉनिटरिंग कर रहा है। प्रशासन के साथ-साथ पुलिस को भी अनुसूचित जनजातियों के उत्थान के लिए आगे बढ़कर कार्य करना होगा। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए डॉ आशा लकड़ा ने जिले भर में अवस्थित अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी, एचएचसी, एंबुलेंस, चिकित्सकों की संख्या इत्यादि की जानकारी ली। कहा कि अस्पताल में चिकित्सकों की उपलब्धता 24-7 रहे। मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए चिकित्सकों की रोस्टर वाइस ड्यूटी की जानकारी डिस्प्ले करे। ओपीडी का व्यापक प्रचार प्रसार करें ताकि मरीज समय अनुसार अपना इलाज करवा सकते है। सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि स्वास्थ्य विभाग में उपकरणों, मोर्चरी इत्यादि किसी चीज की कमी है तो उसकी जानकारी अपने विभाग को दें। इसी क्रम में उन्होंने शिक्षा एवं कल्याण विभाग की समीक्षा की। शिक्षा विभाग से संचालित सभी विद्यालय में पढ़ने वाले अनुसूचित जनजाति समुदाय के विद्यार्थियों की संख्या, शिक्षकों की संख्या, नियुक्ति और उपलब्ध शिक्षकों से संबंधित प्रतिवेदन की जानकारी ली। आवासीय विद्यालय में बच्चों को बेड, मच्छरदानी, पेयजल की उपलब्धता एक बार जांच लें।

# बोकारो के सभी प्रखंडों व वार्डों में लगा मईया सम्मान योजना का आवेदन केंद्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत जिले की महिलाओं को योजना से आच्छादित करने के लिए सभी पंचायत सचिवालय वार्डों आंगनबाड़ी केंद्रों पर आवेदन संग्रहण केन्द्र/शिविर का आयोजन किया गया। सुबह से ही महिलाओं की भीड़ केंद्र/शिविरों में जुटने लगी थी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर योजना का आवेदन करना अब और आसान होने को लेकर महिलाओं ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद एवं आभार जताया। अब तक योजना के तहत जिले में कुल 0205003 आवेदन (ऑनलाइन/ऑफलाइन) प्राप्त हुआ है। वहीं आवेदनों को ऑनलाइन करने का कार्य जारी है। उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर सभी प्रखंडों के वरीय पदाधिकारियों ने अपने अपने आवंटित प्रखंड का दौरा कर झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का विभिन्न पंचायतों/वार्डों में आयोजित शिविरों का निरीक्षण किया। शिविर में पहुंचने वाले आवेदकों को कोई परेशानी नहीं हो उसे सुनिश्चित करने को कहा। इन केंद्र/शिविर का निरीक्षण निदेशक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण मेनका ने जरीडीह प्रखंड अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी ने चास प्रखंड अपर नगर आयुक्त अनंत कुमार ने चास नगर निगम क्षेत्र क्षेत्र डीटीओ वंदना शेजवलकर ने पेटरवार प्रखंड भूमि सुधार उप समाहर्ता बेरमो सदानंद महतो ने चंद्रपुरा प्रखंड एसडीओ बेरमो अशोक कुमार ने नावाडीह प्रखंड भूमि सुधार उप समाहर्ता चास प्रभाष दत्ता ने कसमार प्रखंड समेत सभी बीडीओ सीओ ने अपने अपने प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में आयोजित केंद्र/शिविर का निरीक्षण किया।

उपायुक्त ने आमजनों से भी अपील किया है कि अगर कोई योजना के फार्म के बदले राशि की मांग करता है तो उसकी शिकायत संबंधित प्रखंड के पदाधिकारी को करें। संबंधित के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

# गोड्डा : झारोटेफ के बसंतराय प्रखंड कार्यकरिणी का पुर्नगठन

## सुभाष रविदास बने प्रखंड अध्यक्ष, प्रणव सचिव



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एंड एम्प्लॉई फेडरेशन (झारोटेफ) के गोड्डा जिला इकाई द्वारा शनिवार को +2 उच्च विद्यालय, बसंतराय में हर कर्मचारी जागेगा अपना अधिकार मांगेगा' थीम के तहत कर्मचारी चेतना जागरण सह प्रखंड कार्यकारिणी पुनर्गठन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त बैठक की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य चन्द्र शेखर पंडित के द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष डॉ सुमन कुमार एवं जिला सचिव सुभाष चंद्र द्वारा उपस्थित शिक्षकों एवं अन्य विभाग के कर्मियों को संबोधित करते हुए अधिक से अधिक संख्या में गूगल फॉर्म भरते हुए झारोटेफ का वार्षिक सदस्यता ग्रहण करने का निर्देश दिया गया। जिला मीडिया प्रभारी राजीव साह ने बताया कि मो अब्दुल मन्नान हाशमी तथा जाहिदा खातुन के पर्यवेक्षण में सर्वसम्मति से सुभाष +2 उच्च विद्यालय बसंतराय के सहायक शिक्षक सुभाष रविदास प्रखंड अध्यक्ष निर्वाचित हुए जबकि प्रणव कुमार सचिव चुने गए। कोषाध्यक्ष कुंज बिहारी यादव निर्वाचित हुए। जबकि मो फारुक, बीबी अफरोजा खातून, सुनीता हांसदा प्रखंड उपाध्यक्ष मनोनीत किए गए।

# साहिबगंज : 300 साल पुरानी अष्टधातु की मूर्ति चोरी, ग्रामीणों ने किया सड़क जाम



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**साहिबगंज।** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत सोतीचौकी खुटहरी मे शनिवार अहले सुबह श्री राम भगवान मंदिर से बजरंग बली की मूर्ति (जो अष्टधातु का बताया जा रहा है जिसका वजन करीब बीस से पच्चीस किलो बताया जा रहा है।)चोरी का मामला सामने आया है। चोर बड़े नाटकीय ढंग से चोरी की घटना को अंजाम दिया गया लेकिन पुजारी भरत लाल मंडल को जैसे इसकी खबर लगी उन्होंने फौरन शोर शराबा किया जिससे ग्रामीण इकट्ठे हुए चोर का पीछा किया। जहां तीनों चोर मौके से फरार होने में कामयाब हो गए. ग्रामीणों ने चोर का पीछा भी किया। बताया जा रहा है कि पीछा करने के क्रम में बांसकोला के निकट मोटर साइकिल दुर्घटना मे एक ग्रामीण घायल हो गए। दूसरी तरफ ग्रामीणों ने में इसकी सूचना जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी अनिश पांडे को दिया। सूचना पाते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंच जानकारी लेकर युवक को पकड़ने का जाल बिछाया. बताया गया है कि तीन पहाड़ में एक चोर को ग्रामीण पकड़ कर बंधक बना लियाएवं दूसरा चोर राधानगर से गिरफ्तार किया। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच चोर को हिरासत में ले लिया है। एक चोर की पहचान नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत एलसी रोड निवासी समर अली पिता स्व अख्तर अली के रूप में हुई है। युवक से पूछताछ की गई है पुलिस को कई अहम सुराग मिले है। जिसकी अनुसंधान की जा रही है। इसे लेकर ग्रामीणों ने साहिबगंज राजमहल मेन रोड को टायर जलाकर जाम किया है। ग्रामीणों ने बताया कि यह राम मंदिर तीन सौ सालपहले का है और यहां राम सीता एवं लक्ष्मन भी मूर्ति है पर चोर ने सिर्फ बजरंग बली का ही मूर्ति लेकर भागा है। पुजारी का कहना है कि चोर पूजा के बहाने मंदिर में प्रवेश किया था।उस हम मंदिर प्रांगण में फूल तोड़ने गये थे। पुलिस पदाधिकारी को घंटों लग गया जाम हटाने में। बाद जाम को हटा दीया गया।

# शिकारीपाड़ा : पशुओं से लदा ट्रक जब्त तीन गिरफ्तार

**शिकारीपाड़ा।** दुमका शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने पशु तस्करी की अवैध कारोबार पर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस थाना क्षेत्र के दुमका रामपुरहाट उच्च पद पर चाय पानी गांव के पास से शनिवार सुबह करीब 3 बजे पशुओं से लदा एक ट्रक जप्त कर थाना लाया है,। मौके से तीन व्यक्तियों को भी गिरफ्तार किया गया है। मामले में गश्ती दल के अवर निरीक्षक आशीष कुमार भारद्वाज ने बताया की गस्ती के दौरान चाय पानी गांव के निकट सड़क किनारे खड़े एक ट्रक की जांच की गई। जांच के दौरान पाया गया कि उक्त ट्रक में पशु लदे हुए हैं। इस दौरान ट्रक के समीप तीन व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। जिसमें एक व्यक्ति नाम राकेश ट्रक मालिक एवं दो पशुओं के खरीद बिक्री के सहयोगी विवेक कुमार यादव एवं श्रवण कुमार को गिरफ्तार किया गया है।


## कार्यालय उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, राँची (जिला सामान्य शाखा)

**विज्ञापन संख्या–01/2024**

**(राँची जिला अन्तर्गत विभिन्न अंचलों में चौकीदार के रिक्त पद के विरूद्ध सीधी नियुक्ति के लिए)**

मननीय उच्च न्यायालय झारखण्ड के द्वारा याचित W.P.(S) No.-960/2016, सलन चम्पिया एवं अन्य बनाम झारखण्ड राज्य एवं अन्य के साथ W.P.(S) No.- 516/2016, W.P.(S) No.- 1653/2016, W.P.(S) No.- 980/2016, W.P.(S) No.- 1597/2016, W.P.(S) No.- 6366/2016, W.P.(S) No.- 6365/2016 एवं W.P.(S) No.- 1148/2016 में दिनांक 23.07.2018 को पारित आदेश तथा गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के अधिसूचना संख्या 2032 दिनांक 07.04.2015 द्वारा निर्गत चौकीदार नियुक्ति नियमावली, विभागीय अधिसूचना संख्या 4998 दिनांक 19.09.2019 एवं सरकार के अवर सचिव, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड राँची का पत्रांक 3469 दिनांक 01.09.2022 के द्वारा प्राप्त निदेश के अनुपालन में ग्रामीण चौकीदार के पद पर सीधी भर्ती हेतु आवेदन विहित प्रपत्र में आमंत्रित किये जाते है।

**पद का नाम : चौकीदार**

**रिक्त पदों की संख्या : 311**

| कोटि | अनारक्षित | अ०ज०जा० | अ०जा० | अ०पि०व० | पि०व० | आ०क०व० | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कुल रिक्त पद | 181 | 99 | 00 | 00 | 00 | 31 | 311 |
| अनुकम्पा हेतु सुरक्षित | 9 | 5 | 00 | 00 | 00 | 02 | 16 |
| वास्तविक रिक्त जिसपर आवेदन आमंत्रितकी जा रही है। | 72 | 94 | 00 | 00 | 00 | 29 | 295 |

नोट 1 : न्यायालीय/विभागीय आदेश के आलोक में आवश्यकता अनुसार विज्ञापन में आंशिक/पूर्ण संशोधन अथवा विज्ञापन को रद्द किया जा सकता है।

नोट 2 : कोटिवार रिक्त पदों की विवरणी बीट संख्या एवं नाम सहित परिशिष्ट–1 में संलग्न है।

नोट 3 : आरक्षण– झारखण्ड सरकार के द्वारा जिला स्तरीय मुफ्फसिल स्थापना के लिए लागू आदर्श आरक्षण।

नोट 4 : उक्त रिक्त पदों में 16 अनुकम्पा आधारित नियुक्ति से की जानी है जिसके कारण रिक्त पदों की संख्या प्रभावित होगी।

**क्षैतिज आरक्षण**

1. पर्यटन कला संस्कृति खेल–कूद एवं युवा कार्य विभाग के संकल्प संख्या–1709, दिनांक 12/09/2007 के आलोक में निर्धारित खेल कूद कोटा से खिलाड़ियों के लिए 2% पद क्षैतिज रूप से आरक्षित होगा।
2. कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के संकल्प संख्या–2249, दिनांक 03/04/2018 के अनुसार निःशक्त जनों हेतु 4% क्षैतिज आरक्षण अनुमान्य होगा। चौकीदार नियुक्ति नियमावली 2015 के कंडिका 9 के आलोक में निःशक्त को आरक्षण की अनुमान्यता पर संशय है। चौकीदार ग्रामीण पुलिस माने जाते है इस कारण भर्ती में निःशक्त को आरक्षण अनुमान्य होगा अथवा नहीं तत्संबंधी सरकार से मार्गदर्शन की मांग की जा रही है, मार्गदर्शन के अनुरूप इसके अनुमान्यता पर निर्णय प्रभावित होगा।
3. कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के संकल्प संख्या–5555, दिनांक 28/06/2016 के द्वारा अनुसूचित जनजाति के आरक्षित कोटे में से 2% पद क्षैतिज रूप से आदिम जनजाति को अनुमान्य होगा।
4. कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के संकल्प संख्या–8281, दिनांक 03/12/2021 के आलोक में महिलाओं के लिए 5% पद क्षैतिज आरक्षित होगा।

नोट 5 : शैक्षणिक योग्यता– चौकीदार के पद पर नियुक्ति हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता झारखण्ड राज्य के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों/बोर्ड से दसवीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है तथा अभ्यर्थी को स्थानीय रीति रिवाज, भाषा एवं परिवेश का ज्ञान होना अनिवार्य होगा।

**नोट 6 : उम्र सीमा**

क) न्यूनतम उम्र सीमा– 18 वर्ष    ख) अधिकतम उम्र सीमा–

1. अनारक्षित–35 वर्ष
2. पिछड़/अत्यन्य पिछड़ा वर्ग–37 वर्ष
3. महिला (अनारक्षित/पिछड़ा/अत्यन्त पिछड़ा वर्ग)– 38 वर्ष
4. अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति (पुरुष/महिला)– 40 वर्ष
5. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग – 35 वर्ष

(नोट : पूर्व में अवैतनिक रूप से चौकीदार के रूप में कार्य करने वाले सभी अभ्यर्थियों (माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायादेश से प्रभावित/अच्छादित) के लिये अधिकतम उम्र सीमा को एक बार की नियुक्ति प्रक्रिया के लिये शिथिल किया गया है। साथ ही सभी श्रेणी दिव्यांगजनों के लिए अधिकतम उम्र सीमा में 10 वर्ष की छूट अनुमान्य है।

(आयु की गणना की तिथि– 01/07/2024)

नोट 7 : अभ्यर्थियों को सम्बंधित बीट क्षेत्र का स्थायी निवासी होना अनिवार्य होगा, जिस बीट के रिक्ति के विरूद्ध वे आवेदन कर रहे हैं।

नोट 8 : अभ्यर्थी को साईकिल चलाने का ज्ञान आवश्यक होगा।

**नोट 9 : नियुक्ति प्रक्रिया (एक स्तरीय) :–**

(क) लिखित परीक्षा – लिखित परीक्षा 50 अंको की ली जायेगी। लिखित परीक्षा में जिला से सम्बंधित सामान्य ज्ञान एवं भाषा– हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, (जनजातीय भाषा– मुण्डारी, कुडुख, खड़िया, हो, संथाली, क्षेत्रीय भाषा– नागपुरी, पचपरगनीया, कुडमाली, बंगला, उर्दू) से सम्बंधित प्रश्न पूछे जायेंगे। उल्लेखित भाषाओं में से किसी एक भाषा की परीक्षा विकल्प के आधार पर अभ्यर्थी दे सकेंगे। लिखित परीक्षा में न्यूनतम 30 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। सफल उम्मीदवारो की सूची 1 : 3 की संख्या में तैयार की जायेगी।

(ख) शारीरिक माप– अभ्यर्थियों का न्यूनतम शारीरिक माप निम्नलिखित होगा।

**ऊँचाई (सामान्य)**

I. सामान्य श्रेणी/आ०क०वर्ग – 160 से०मी०
II. पिछड़ा वर्ग/अन्य पिछड़ा वर्ग – 160 से०मी०
III. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति – 155 से०मी०
IV. महिलाओं के लिए – 148 से०मी०

लिखित परीक्षा के पाठ्यक्रम सामान्य ज्ञान एवं स्थानीय भाषा से सम्बंधित 50 (पचास) बहुविकल्पीय प्रश्नों जिसके लिये डेढ़ घंटे का समय होगा। गलत उत्तर के लिये कोई अंक कटौती नहीं की जायेगी।

(ग) शारीरिक जाँच– लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण एवं शारीरिक माप में अंकित न्यूनतम शारीरिक मापधारी अभ्यर्थी शारीरिक जाँच में भाग लेंगे। सभी अभ्यर्थी एक मील के दौड़ में भाग लेंगे। शारीरिक जाँच में निम्न आधार पर अंक दिये जायेंगे :–

| (a) एक मील दौड़ | | समय | अंक |
|---|---|---|---|
| i. पुरुषों के लिये | – | 05 मिनट या पहले | 20 अंक |
| 05 मिनट के बाद 06 मिनट तक | | 10 अंक | |
| | | (अधिक समय लेने वाले निरर्हित समझे जायेंगे) | |
| ii. महिलाओं के लिये | – | 08 मिनट या पहले | 20 अंक |
| | | 08 मिनट के बाद 10 मिनट तक | 10 अंक |
| | | (अधिक समय लेने वाले निरर्हित समझे जायेंगे) | |

नोट 10 : माननीय उच्च न्यायालय झारखण्ड राँची के द्वारा याचिका W.P(S)960/2016 सलन चम्पिया एवं अन्य बनाम–झारखण्ड राज्य में दिनांक 23/07/2018 को पारित आदेश, W.P.(S)3040/2020 में दिनांक 19/01/2021 को पारित आदेश एवं W.P.(S)2302/2020 में दिनांक 23/11/2020 को पारित आदेश के आलोक में चौकीदार नियुक्ति नियमावली में संशोधन सम्बंधी विभागीय अधिसूचना संख्या–4998, दिनांक 19/09/2019 के तहत पूर्व से अवैतनिक रूप से चौकीदार के रूप में कार्य करने वाले अभ्यर्थियों को कार्यानुभव के लिए Weightage प्रदान की जायेगी। माननीय उच्च न्यायालय के न्यायादेश से उदभूत एवं प्रभावित/अच्छादित अभ्यर्थियों के संदर्भ में साक्ष्य आधारित सम्पुष्टि के उपरान्त, 02 अंक प्रत्येक पूर्ण 01 (एक) वर्ष की दर से अधिकतम 20 अंक देय होगा।

नोट 11 : मेधा सूची– लिखित परीक्षा में प्राप्त अंक, शारीरिक जाँच में प्राप्त अंक एवं कार्यानुभव में प्राप्त अंक के योग के आधार पर मेधा सूची तैयार की जायेगी।

नोट 12 : चिकित्सा परीक्षण:– नियुक्ति के पूर्व सफल अभ्यर्थियों के स्वास्थ्य की जाँच की जायेगी। सरकारी सेवक के रूप में अपने कर्त्तव्यों के निर्वहन हेतु आवश्यक शारीरिक एवं मानसिक स्वस्थता मापदण्ड के आधार पर अभ्यर्थियों को योग्य पाये जाने पर ही नियुक्ति किया जायेगा।

नोट 13 : परिवीक्षा :– चौकीदार के पद पर बहाली परिवीक्षा आधार पर की जाएगी। परिवीक्षा की अवधि दो वर्ष की होगी। अगर किसी चौकीदार की सेवा परिवीक्षा की अवधि में संतोषजनक नहीं पायी जाती है तो परिवीक्षा की अवधि एक वर्ष के लिए बढ़ायी जा सकती है। वर्णित अवधि के दरम्यान भी सेवा संतोषजनक नहीं पायी जाय, तो उस परिस्थिति में सेवा समाप्त की जा सकती है।

नोट 14 : वेतनमान – चौकीदार का षष्टम पुनरीक्षित वेतनमान – पी०बी०– I, 5200–20200, ग्रेड–वेतन–1800 के आधारित सप्तम पुनरीक्षित वेतनमान Schedule-1 के Pay Matrix Level-1, 18000-56900 के मूल वेतमान 18000.00 तथा समय–समय पर देय अन्य भत्ता।

नोट 15 : आवेदन करने की प्रक्रिया

a) उपरोक्त योग्यता सह अहर्त्ता रखने वाले उम्मीदवारों से विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र आवश्यक कागजात यथा– शैक्षणिक अंक पत्र/प्रमाण पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रति, आरक्षण के दावा हेतु सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत अद्यतन आवासीय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, जन्म तिथि से सम्बंधित शैक्षणिक प्रमाण पत्र तथा कार्यानुभव प्रमाण पत्र (न्यायादेश से अच्छादित अभ्यर्थियों के लिये) के साथ स्वअभिप्रमाणित दो पासपोर्ट साईज फोटो संलग्न करते हुये दिनांक 25/08/2024 तक प्रभारी उप समाहर्त्ता, जिला सामान्य शाखा, राँची समाहरणालय, राँची ब्लॉक "A" द्वितीय तल्ला, कमरा संख्या–209, राँची–834001 में आवेदन जमा कराया जा सकता है। दिनांक 25/08/2024 के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।
b) किसी अन्य कार्यालय में आवेदन जमा करने पर उनका आवेदन स्वतः निरस्त समझा जायेगा।
c) आवेदन को बन्द लिफाफे में निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट से भेजा जा सकता है।
d) अन्य विवरणी जिला के अधिकृत वेबसाईट www.ranchi.nic.in पर देखा जा सकता है एवं प्रपत्र को डाउनलोड किया जा सकता है।
e) परीक्षा शुल्क रूप में अनारक्षित/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/ पिछड़ा वर्ग/ अन्य पिछड़ा वर्ग 200/– रू० एवं अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जाति 100/– रू० का भारतीय पोस्टल ऑर्डर/ बैंक ड्राफ्ट जो उपायुक्त, राँची के नाम से भुगतेय होगा एवं दिव्यांग अभ्यर्थियों एवं महिला अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा निःशुल्क है।
f) परीक्षा की तिथि एवं प्रवेश पत्र निर्गत करने की सूचना दैनिक स्थानीय समाचार पत्रों के माध्यम से प्रकाशित की जाएगी।
g) आवेदन प्राप्त करने एवं आवेदन भेजने का पता निम्न है :– प्रभारी उप समाहर्त्ता, जिला सामान्य शाखा, राँची समाहरणालय, राँची ब्लॉक "A" द्वितीय तल्ला, कमरा संख्या–209, राँची–834001

प्रभारी पदाधिकारी, जिला सामान्य शाखा, राँची।    अपर समाहर्त्ता राँची।    उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, राँची।

PR.NO.332416 Ranchi(24-25):D

# स्वतंत्रता का अर्थ राष्ट्रभाषा का सम्मान भी

**समय संवाद**

2011 में मेरे कहने पर भोपाल में अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी वि.वि. इसी उद्देश्य के लिए बनवाया गया था लेकिन अब भी वह घुटनों के बल रेंग रहा है। अब से 55 साल पहले मैंने इंडियन स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज में जब अपना अंतरराष्ट्रीय राजनीति का शोधग्रंथ हिंदी में लिखने की मांग की थी तो मुझे स्कूल से निकाल बाहर किया गया था। देश की सभी पार्टियों के नेताओं ने, द्रमुक के अलावा, मेरा समर्थन किया था। संसद का काम-काज कई बार ठप्प हुआ लेकिन अंततोगत्वा मेरी विजय हुई लेकिन असली मुद्दा आज भी जहां का तहां खड़ा है, क्योंकि हमारी सभी सरकारें और शिक्षा शास्त्री अंग्रेजी की गुलामी में जुटे हुए हैं।

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

केन्द्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने उच्च शिक्षा में भारतीय भाषा के माध्यम को लाने की कोशिश करेगा। बच्चों की शिक्षा भारतीय भाषाओं या मातृभाषाओं के माध्यम से हो, यह तो नई शिक्षा नीति में कहा गया है और कोठारी आयोग की रपट में भी इस नीति पर जोर दिया गया था। 1967 में इंदिरा सरकार के शिक्षा मंत्रियों डॉ त्रिगुण सेन, श्री भागवत झा आजाद और प्रो शेरसिंह तथा बाद में डॉ मुरली मनोहर जोशी ने भी शिक्षा में भारतीय भाषाओं को बढ़ाने की भरपूर कोशिश की थी लेकिन हमारी सरकारें, चाहे वे भाजपा या कांग्रेस या जनता दल की हों, शिक्षा का भारतीय भाषाकरण करने में विफल क्यों रही हैं? इसलिए विफल रही हैं कि उन्हें बाल तो सिर पर उगाने थे लेकिन वे मालिश पांव पर करती रहीं। पांव पर मालिश याने बच्चों को मातृभाषा के माध्यम से पढ़ाना तो अच्छा है लेकिन वे ज्यों-ज्यों आगे बढ़ते हैं, अंग्रेजी की गुलामी करने लगते हैं। उन्हें देखकर समझदार और समर्थ लोग पांव की मालिश भी बंद कर देते हैं।



वे अपने बच्चों को भी अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में पढ़ाते हैं। यदि हम देश में शिक्षा और ज्ञान-विज्ञान का माध्यम स्वदेशी भाषाओं को बनाना चाहते हैं तो सबसे पहले उच्च-शिक्षा और पीएच.डी. के शोध-कार्यों को अपनी भाषाओं में करने को प्राथमिकता देनी चाहिए। यदि हमारी सरकारें ऐसी हिम्मत करें तो करोड़ों लोग अपने बच्चों को जानलेवा और जेबकाटू अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में क्यों पढ़ायेंगे? तब सरकारी नौकरियों से भी अंग्रेजी की अनिवार्यता हटानी पड़ेगी।

यह बात मैं पिछले साठ साल से कहता आ रहा हूं लेकिन निशंक-जैसे शिक्षा मंत्री के मुंह से यह बात पहली बार सुनी है। 2011 में मेरे कहने पर भोपाल में अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी वि.वि. इसी उद्देश्य के लिए बनवाया गया था लेकिन अब भी वह घुटनों के बल रेंग रहा है। अब से 55 साल पहले मैंने इंडियन स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज में जब अपना अंतरराष्ट्रीय राजनीति का शोधग्रंथ हिंदी में लिखने की मांग की थी तो मुझे स्कूल से निकाल बाहर किया गया था। देश की सभी पार्टियों के नेताओं ने, द्रमुक के अलावा, मेरा समर्थन किया था।

संसद का काम-काज कई बार ठप्प हुआ लेकिन अंततोगत्वा मेरी विजय हुई लेकिन असली मुद्दा आज भी जहां का तहां खड़ा है, क्योंकि हमारी सभी सरकारें और शिक्षाशास्त्री अंग्रेजी की गुलामी में जुटे हुए हैं। शायद डॉ. निशंक कुछ कर गुजरें। वे पढ़े-लिखे विद्वान व्यक्ति हैं। यदि वे अंग्रेजी की बपौती को खत्म करके अंग्रेजी समेत 5-7 विदेशी भाषाओं को देश में प्रचलित करें तो हमारा विदेश-व्यापार और राजनय कुलांचे भरने लगेगा और भारत दुनिया की एक सबल और संपन्न महाशक्ति हमारे देखते-देखते बन जायेगा।

# योग का बल

**स्वामी मुक्तरथ**

**योग** शरीर के लिए बहुत लाभदायक है। इससे शरीर को बल मिलता है और मानसिक एकाग्रता में भी मदद मिलती है। अगर आप योगा को अपनी जीवनशैली में शामिल करते हैं तो ये हाई बीपी, हृदय रोग, फेफड़े की बीमारी को ठीक करने के साथ पाचन क्रिया को मजबूत बनाता है। योगा से अनिद्रा की समस्या दूर करके अवसाद से भी निजात दिलाता है। महिलाओं में होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं, हार्मोनल समस्या, ब्रेस्ट कैंसर जैसी समस्याओं में राहत दिलाने के लिए योगा एक अहम भूमिका निभाता है। इसके लिए जरुरी है कि महिलाएं अपनी दिनचर्या में योगा को जरुर शामिल करें। आगे की स्लाइड्स में जानें योगा से महिलाओं को क्या फायदे हैं।



**हार्मोंस की समस्या से बचाव**

महिलाओं में हार्मोंस के बदलाव से होने वाली समस्याएं आम है लेकिन इसे हल्के में लेना भी उचित नहीं है। मासिक धर्म के समय होने वाली समस्याएं जैसे अनियमित चक्र, पेट में होने वाली ऐंठन या मरोड़ और शरीर में एनर्जी की समस्या को दूर करने में योगा से काफी मदद मिलती है। मासिक घर्म के समय महिलाओं के शरीर में होने वाले परिवर्तन से योगा निजात दिलाता है। नियमित योग के अभ्यास से अनिद्रा, चिंता, अवसाद और मूड स्विंग होने वाली परेशानियों से राहत मिलती है।

**वजन कम करने में मददगार**

योगा की मदद से वजन को भी कम किया जा सकता है। नियमित योगा अभ्यास से मांसपेशियां मजबूत होती हैं। ये आपके बॉडी पोश्चर को सही रखता है जिससे आपका आत्मविश्वास स्तर भी अच्छा रहता है। क लोगों पर हुए शोध में ये बात सामने आई कि वो लोग जो सप्ताह में एक बार भी योगा करते हैं उनमें चार साल में वजन बढ़ने की समस्या उन लोगों से कम है जो कभी नहीं या फिर बहुत कम योगा करते हैं।

**अवसाद और तनाव में राहत**

एक शोध के मुताबिक महिलाओं में पुरुषों की तुलना में ज्यादा अवसाद और तनाव देखा गया है। यह बात सामने आई है कि योगा मस्तिष्क में गुड केमिकल का स्त्राव करता है जिससे दिमाग को तनाव और अवसाद से राहत मिलती है। योगा करने से सांस की समस्या भी नहीं होती है।

शोध में ये भी साबित हुआ है कि लगातार योगासन का अभ्यास करने से ब्रेस्ट कैंसर से लड़ने में महिलाओं को मदद मिलती है।

# हमारा मेटॉबॉलिज्म ही हमारी जान



**हम** जब सोते हैं तब हमारे शरीर के भीतर कई सारी रसायनिक गतिविधियां होती हैं। हम जो भोजन खाते हैं , वो पचने के बाद ऊर्जा में परिवर्तित होता है। जिस माध्यम से यह प्रक्रिया होती है, वह मेटाबॉलिज्म है। मेटाबॉलिज्म के सुस्त पड़ने से शरीर में थकावट महसूस होने लगती है, डायबिटीज होने की संभावनाएं भी बढ़ जाती है। कई बार अचानक वजन बढ़ने या घटने लगता है। शरीर में चुस्ती-फुर्ती नहीं रहती है, समय-बेसमय शरीर में दर्द होने लगता है, मांसपेशियों में कमजोरी, हृदय गति का कम होना, अवसाद आदि समस्याएं इसी कारण से होने लगती है। इसलिए बहुत जरूरी है कि हमारा मेटाबॉलिज्म कम न रहे। यदि आपका भी मेटाबॉलिज्म कम है तो अगली स्लाइड्स से जानिए मेटाबॉलिज्म बढ़ाने के उपाय।

**नाश्ते को न करें नजरअंदाज**

पूरे दिन शरीर में ऊर्जा नियंत्रित रहे इसके लिए बहुत जरूरी है कि आप सुबह उठकर व्यवस्थित नाश्ता करें। जो लोग सुबह नाश्ता नहीं लेते और लंबे समय तक भूखे रहते हैं, उनका मेटाबॉलिज्म सुस्त रहता है। वे दिनभर आलस्य का शिकार रहते हैं।

**दही**

मेटाबॉलिज्म बढ़ाने के लिए दही का सेवन बहुत लाभकारी है। दही मतलब दही, ऐसा नहीं कि दही के साथ आप कोई तली-गली चीज का सेवन करें। कोशिश करें कि कम फैट वाला दही खाएं। दही में ऐसे पोषक तत्व होते हैं, जो कि शरीर का मेटाबॉलिज्म बढ़ाते हैं इसलिए दिन के भोजन के साथ एक कटोरी दही जरूर खाएं।

**डार्क चॉकलेट**

यदि आपको डार्क चॉकलेट पसंद है तब तो आपका मेटाबॉलिज्म कभी कमजोर नहीं हो सकता है। डार्क चॉकलेट में मौजूद कैफिन और एंटीऑक्सीडेंट मेटाबॉलिज्म बढ़ाते हैं। यदि मेटाबॉलिज्म के नाम पर आप सामान्य चॉकलेट खाएंगे तो नुकसान पहुंचाएगी क्योंकि उसमें शुगर बहुत अधिक होती है।

**गहरी सांस**

मेटाबॉलिज्म बढ़ाने के लिए बहुत जरूरी है कि दिनभर में आप थोड़ी देर के लिए खुली हवा में बैठकर लंबी गहरी सांसें लें। ऐसा करने से शरीर में प्राणवायु अच्छे से जाएगी जो कि अधिक से अधिक ऊर्जा खर्च करने में आपकी सहायता करेगी। जब शरीर की ऊर्जा अधिक से अधिक खर्च होगी तो शरीर में सुस्ती महसूस नहीं होगी।

**सोयाबीन का तेल**

सोयाबीन का तेल खाना भी बहुत जरूरी है। यह मेटाबॉलिज्म का विकास करता हैअधिक सेवन से बचें। सोयाबीन के तेल में ओमेगा-3 फैटी एसिड्स होते हैं जो कि मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने के लिए बहुत लाभदायक है।

# पर्यावरण के हित में



**सत्यवीर नाहड़िया**

**नई** पीढ़ी को पर्यावरण के प्रति संस्कारित करने के लिए बाल-साहित्य की विभिन्न विधाओं में पर्यावरण प्रमुख विषय रहा है। आलोच्य कृति गर्म पहाड़ और अन्य कहानियां भी ऐसा ही रचनात्मक प्रयास है। शहरीकरण तथा पर्यावरण पर शोध कर चूंकि लेखिका अनीता भटनागर जैन ने तीन रोचक बाल कहानियों के माध्यम से अनूठा संदेश दिया है।

शीर्षक कहानी गर्म पहाड़ में जहां पर्यावरण असंतुलन के चलते पहाड़ों की बदलती आबोहवा का मार्मिक चित्रण है, वहीं इसकी आदर्श पहाड़ी-यात्रा प्रेरक बन पड़ी है। दूसरी कहानी पॉलिथीन का प्रलय में बच्चा पार्टी द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक तथा पॉलिथीन के प्रति व्यावहारिक जागरूकता के टीम-वर्क को रेखांकित किया गया। संग्रह की तीसरी कहानी सोन चिरैया जल संरक्षण हेतु जंगल के जानवरों द्वारा तालाब की खुदाई व जीर्णोद्धार का अनूठा कथानक प्रभाव छोड़ता है, जिसमें कजरी हथिनी, श्वेता सारस, लंबू जिराफ, मिट्ठू तोता, चुन्नू बंदर, कल्लू भालू, यामा कोयल व सुनहरी हिरण के सामूहिक कार्य के सुखद परिणाम से एकता में बल है। के मूल मंत्र को सिखाया गया है।

संग्रह की भाषा बेहद सरल व सहज है। चित्रकार धीरज सामबोसी के रंगीन मनोहरी चित्र, सुंदर छपाई तथा प्रासंगिक कलात्मक आवरण इस बालकृति की अन्य खूबियां हैं।

# अकेलापन से भी अपनापन है मेरा

**अनू अंबालिका**

**अकेलेपन** का एहसास कुछ लोगों के लिए सजा जैसा है तो कुछ के लिए जिंदगी की जरूरत। ज्यादातर लोग अकेलेपन और बेचैनी से छुटकारा पाने के लिए भीड़ की तरफ भागते हैं और उनका रहा सहा सुकून भी कुछ पल की मस्ती के बाद गायब हो जाता है। वहीं अकेलापन भले भी शुरूआत में थोड़ा बोझिल लगे और काटने को दौड़े लेकिन ये आपको वास्तविकता से रूबरू कराता है। यही वजह है कि कुछ लोग बिलकुल अकेला रहना पसंद करते हैं। कुछ लोगों को ये इस कदर पसंद होता है कि वो कभी कोई रूममेट तक नहीं रखना चाहते।

## अकेले रहने के फायदे

-अकेलापन हमें रिश्तों को समझने की समझ देता है। जब हम लोगों के दूर खुद के साथ समय बिताते हैं तो उस दौरान हम खुद की जिंदगी का विश्लेषण कर पाते हैं। कौन हमारे लिए सही है और किसी वजह से हमारे जीवन में नकारात्मकता बढ़ रही है इस बात पर गहन विचार कर पाने की शक्ति और समय हमें अकेलेपन में ही मिल पाता है।

-अकेलेपन में समय बिताकर ही वास्तविकता में आप खुद के लिए जीना सीखते हैं। उस स्थिति में आप ये समझ पाते हैं कि हर हालात में आपको ही खुद को संभालना होगा, रोने के बाद खुद ही मुस्कुराना होगा, गैस की पाइप बदलने से लेकर बैंक और बाजार के सारे काम खुद से ही करने होंगे। अकेलापन आपको आत्म निर्भर बनाता है।

-अकेलापन आपको आपकी अहमियत से रूबरू कराता है। ये आपको खुद से प्यार करना भी सिखाता है। आप जीवन की इस सच्चाई को समझ पाते हैं कि अगर आप खुद के साथ नहीं खड़े हैं तो कोई और आप का साथ देने वाला नहीं है। आप खुद के लिए फैसले लेना और उन्हें अमल में लाना सीखते हैं।

-अकेले रहने पर आप अपने जीवन के उद्देश्य को तलाश पाते हैं। इस वक्त में आप ये चिंतन कर सकते हैं कि ऐसा क्या है जो आगे बढ़ने में आकी मदद करेगा। आप समझ पाते हैं कि ब्रह्मांड में आपका जन्म किसी विशेष उद्देश्य की पूर्ति के लिए हुआ है और आप अपने लक्ष्य को साधने का प्रयास करते हैं।

-अकेलापन दरअसल खुद को जानने और समझने के लिए काफी जरूरी है।

- हिंदू धर्म में तत्व ज्ञान के लिए एकांतवास अनिवार्य और

# पहली महिला वकील



**भारत** की पहली महिला वकील बनने का गौरव कॉर्नेलिया सोराबजी के पास है। जिन्होंने बॉम्बे यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन करने के बाद ऑक्सपोर्ड से वकालत की पढ़ाई की।

आजादी के पहले भारत में किसी भी महिला का उच्च शिक्षा में पढ़ना इतना आसान नहीं था। लेकिन कॉर्लेनिया ने वकालत की पढ़ाई कर सारे बंधनों को तोड़ा। परीक्षा में सबसे ज्यादा अंक पाने के बावजूद उन्हें महिला होने के नाते स्कॉलरशिप से दूर रखा गया। ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी करने के बाद उनके लिए ऑक्सफोर्ड जाकर पढ़ना मुश्किलों भरा था। तब कुछ अंग्रेज महिलाओं की मदद से उनके लिए फंड का इंतजाम किया गया और कॉर्नेलिया वकालत की पढाई के ऑक्सफोर्ड पहुंची। 1892 में कॉर्नेलिया ने बैचलर ऑफ सिविल लॉ की परीक्षा पास करने वाली पहली महिला बनीं। लेकिन कॉलेज ने उन्हें डिग्री देने से मना कर दिया। क्योंकि उस काल में महिलाओं को वकालत के लिए रजिस्टर करने और प्रेक्टिस की इजाजत नहीं थी।

लेकिन कॉर्नेलिया ने हार नही मानी।

भारत लौटकर वापस आने के बाद वो महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए मदद करने लगीं। काफी अथक परिश्रम के बाद कार्नेलिया को सफलता हाथ लगीं। वकालत के दौरान कार्नेलिया ने 600 से ज्यादा महिलाओं को कानूनी सलाह दी।

1922 में लंदन बार ने महिलाओं को कानून की प्रैक्टिस करने की आज्ञा दी। तब कार्नेलिया को कानून की डिग्री हासिल हुई। कार्नेलिया कलकत्ता हाईकोर्ट में बैरिस्टर बन कानून की प्रैक्टिस करने वाली पहली महिला बनीं।

# भारत आइटी में विश्व शक्ति बनकर उभरा है

**सीए रंजीत सिंह**

आज औसतन प्रत्येक मध्यवर्गीय भारतीय का फेसबुक और ह्वाट्एप अकाउंट है। और वह एक घंटे से लेकर कई घंटों तक इनमें समय व्यतीत करता है। विश्व में फेसबुक के सबेस ज्यादा उपयोगकर्ता 27 करोड़ भारतीय है। दुसरे नंबर पर अमेरिका (21 करोड़) है।भारत की एक आम गृहिणी भी ह्वाट्सएप्प पर जुड़ी हुई है। और मजदूरों से लेकर निम्न मध्य वर्ग तक के युवा सोश्ल साइट्स चलाते हैं।

किसी भी वर्ग का छात्र शिक्षा के लिये या उससे जुड़ी जानकारियों के लिये इंटरनेट चलाता है। वह अच्छे संस्थानों में नामांकन, फी, एंट्रेंस एग्जाम, पढाई की सामग्री और रिजल्ट के लिये इंटरनेट पर आश्रित है। भारतीयों के लिये इस इंटरनेट युग में गुगल शब्द का मतलब ही खोज है। यहां किसी जानकार व्यक्ति को भी गुगल बाबा नाम दे दिया जाता है।

वास्तव में 1995 से शुरू हुआ मंथर गति से चलने वाला इंटरनेट का यह सफर अब भारतीयों की जीवन शैली का एक हिस्सा है। अब हम यह मान कर चलते हैं कि, प्रत्येक इंटरनेट यूजर भारतीय का ह्वाटसएप्प और फेसबुक अकाउंट होगा ही, हम बिल का



भुगतान करने से लेकर, पढाई और संगीत सीखने तक का काम इंटश्रनेट पर करते हैं। और अब भारत साधुओं, मदारियों एवं सपेरो का देश नही रहा।

14 अगस्त 1995 में भारत में इंटरनेट का शुभारंभ हुआ। तब एक मात्र इंटरनेट र्सिवत प्रदाता बीएसएनएल थी। और अधिकतम 56 केबीपीएस की स्पीड पर इंटरनेट चलता था। इंटश्रनेट का यह शुरूआती दौर भारतीयों के लिये उपयोग से ज्यादा एक रहस्यमयी और कौतूहल की चीज थी। तब देश में आज की तरह हरेक के पास लैपटॉप नही था और डेस्क्टॉप कंप्यूटर भी आम भारतीयों के बजट की चीज नही थे। सेल्यूलर फोन का आगमन नहीं हुआ था स्मार्टफोन का आविष्कार नही हुआ था। पर 1995 में लांचिग के बाद भारतीयों ने इसकी शक्ति को पहचाना। ये संयोग और सौभाग्य की बात रही कि, देश युवा आबादी से परिपूर्ण था जो किसी भी तकनीक को समझने बूझने में सक्षम थी। यही कारण था कि, इंटरनेट को भारतीयों ने मथ डाला और सपेरो, साधुओं वाले इस देश ने इंटरनेट जैसी आधुनिक संचार व्यवस्था को तरक्की का हथियार बना लिया।इंटरनेट युग के बाद भारतीयों के रहन सहन , सोच और कार्यशैली तक में बड़े बदलाव हुये। जैसे ही स्मार्टफोन का आविष्कार हुआ और इंटरनेट की उपलब्धता कंप्यूटरों के अलावा स्मार्टफोन पर हो गयी भारतीयों की जीवनशैली ही एकाएक बदलती चली गयी। दर्जनो इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर बाजार में आये और 1995 में प्रारंभ हुआ इंटरनेट कौतूहल की चीज न होकर आम भारतीयों के जीवन का अभिन्नअंग बन गया। इंटश्रनेट में विभिन्न प्रकार के भाषायी एप्प ने अंग्रेजी की बाध्यता खत्म कर दी। एक कम पढा लिखा भारतीय भी स्मार्टफोन को एक खिलौने की भांति उपयोग करते हुये इंटरनेट पर अपने जरूरी सामग्री को खोज लेता है। उसे अंग्रेजी शब्दों की भले पहचान न हो, पर वह इंटरनेट के साथ कुछ इस तरह से परिचीत है कि, वह इंटरनेट पर सब कुछ खोज लेता है।

# आज दुनिया इंटरनेट से ही चलती है

**निधि सिंह**

आज का युग डिजिटल युग है। इंटरनेट और इससे जुड़े उपकरणों, स्मार्टफोन ने पूरे विश्व को आपस में कुछ इस तरह से जोड़ा है कि, विश्व अब ग्लोबल विलेज न होकर एक ग्लोबल क्लब सा हो गया है। इंटरनेट के शुरूआती तकनीक अर्पानेट जिसे अमेरिकन नेवी ने सिर्फ अपने विभागीय संचर के लिये विकसित किया था उन्हें भी यह अहसास नही रहा होगा कि, एक दिन उनकी यह संचारीय व्यवस्था पूरे विश्व को बदल देगी। आज की दुनिया इंटरनेट से ही चलती है और एक हद तक इंटरनेट पर ही आश्रित भी है। खरीददारी, मनोरंजन, सूचना, आवेदन, बैंकिग, परीक्षा, रिजल्ट पढाई, सीखना, सीखाना सब कुछ इंटरनेट से संभव हो रहा है।

दशकों पहले देश के सबसे बड़ी पत्रिका ने भारत को लेकर विश्व क्या सोंचता है इसपर एक सर्वे किया। सर्वे का नाम था विश्व के आइने में भारत। अमेरिका, यूरोप और एशिया के भी देशों की नजर में भारत सपेरो, साधुओं, मदारियों का देश था। 2017 के एक आंकड़े के मुताबिक पूरे विश्व की 51 प्रतिशत आबादी इंटरनेट का उपयोग करती है। एशिया की तकरीबन 48 प्रतिशत आबादी इंटरनेट का उपयोग करती है। और भारत के लगभग 48 करोड़ लोग किसी न किसी रूप में इंटरनेट का उपयोग करते हैं। एशिया में हम भारतीय चीन के बाद सबसे ज्यादा इंटरनेट उपयोगकर्ता है। यह एक आश्चर्यजनक बात है कि, कंप्यूटर, इंटरनेट और डिजिटल तकनीक के हम सबसे बड़े उपयोगकर्ता ही नहीं बल्कि शोध करने से लेकर, हार्डवेयर, साफ्टवेयर बनाने में भी अग्रणी हैं। और ऐसा तब हुआ है जब भारतीयों को इससे बिल्कुल ही अछूता माना गया था। हमारी इस काबिलियत को देख कर माइक्रोसॉफ्ट के बिल गेट्स बार बार भारत आने लगे, भारत से उनका लगाव बढता गया और उन्होंने तो आई के क्षेत्र को इनफोर्मेशन टेक्नोलॉजी के बजाया इंडियन टेक्नोलॉजी कहना शुरू कर दिया।

आज इंटरनेट की स्पीड शुरूआती 56 केबीपीएस से बढ का एमबीपीएस में चली गयी है। ब्राडबैंड, लीजलाइन, 4जी जैसे तेज इंटरनेट र्सिवस उपलब्ध हैं। स्मार्टफोन भारतीयों के हाथ में हैं और वह किसी भी आवश्यकता के लिये पहले इंटरनेट की ओर रूख करता है।सबसे बड़ा बदलाव मीडिया के क्षेत्र में आया अब खबरों के लिये 75 प्रतिश्शत युवा आबादी सीधे इंटरनेट पर आश्रित है। इंटरनेट ने ई अखबार का चलन शुरू किया जिसे अब साइबर जर्नलिज्म, ऑनलाइन जर्नलिज्म, न्यू मीडिया और डिजिटल मीडिया जैसे नामों से पुकारते हैं। इसने अखबारों और समाचार जगत की परिभाषा ही बदल दी। अब इंटरनेट पर उपलब्ध एक न्यूज वेबसाइट क्षेत्रिय नही रहा बल्कि वैश्विक है। और खबरों के लिये आम भारतीय इनका ही उपयोग करता है। इंटरनेट ने टेलीप्रिंटर का लुप्त कर दिया और खबरों को पलक झपकते विश्व के एक कोने से दुसरे कोने तक पहुंचाना संभव बनाया है। अब तो इंटरनेट ने कुछ ही सेकेंडों में खबर की वीडियो क्लिप तक को वैश्विक तौर पर फैलाने का काम संभव कर दिया है।

अब यूरोप या लैटिन अमेरिका की खबरें सप्ताह भर बाद भारत नहीं पहुंचती बल्कि वायरल होती हैं और कुछ ही घंटों में यहां के जन जन तक पहुंच जाती है। बदलाव का दुसरा सबसे बड़ा कारण इंटरनेट पर सोशल मीडिया का प्रादुर्भाव रहा। ऑरकुट से शुरू होकर फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, ह्वाट्स एप्प ने तहलका मचा दिया।

# अज्ञात सा सवाल



## स्पीड न्यूज

### भुरकुंडा में झामुमो ने सीएम हेमंत सोरेन के जन्मदिन पर काटा केक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झामुमो ने भुरकुंडा में शनिवार को धूमधाम के साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का 49वां जन्मदिन मनाया। झामुमो नेताओं ने केक काटकर उनके दीर्घायु की। लोगों के बीच केक और मिठाई वितरण किया। प्रखंड अध्यक्ष राजेन्द्र बेदिया ने कहा कि हेमंत सोरेन ने राज्य के विकास के लिए कई योजना चलाई है। जिसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा है। मौके पर उदय अग्रवाल, संजय वर्मा, रोहन बेदिया, वीरेन्द्र यादव, मुकेश राउत, शौकत अंसारी, सत्यनारायण यादव, ईरशाद अंसारी, योगेन्द्र यादव, लक्ष्मी नारायण राम, रंजीत बेसरा, मुमताज अंसारी, लखन मुंडा, सतीश यादव, श्रवण यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

### रोटरी क्लब ने मनाया सावन महोत्सव



**भुरकुंडा ।** रोटरी क्लब ऑफ भुरकुंडा के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा के आवास में शुक्रवार को सावन महोत्सव में महिलाओं ने सावन की गीत गाया। महिलाओं ने आपस में तंबोला व रोमांचक खेलों के माध्यम से भी महोत्सव का जमकर आनंद उठाया। वहीं खेल प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुषमा शर्मा, रिंकी अग्रवाल, मंजु शर्मा, मंजु अग्रवाल, नरेंद्र कौर, बबीता गोयल, रीना गुप्ता, अंजली, रजनी त्रेहान, सुमन शर्मा, ममता साहजारा, रिम्पी शर्मा, राज शर्मा शामिल थीं।

### दोतल्ला पंचायत में मना आदिवासी दिवस



**भुरकुंडा (** बुध बाजार दोतल्ला पंचायत में शुक्रवार को धूमधाम से विश्व आदिवासी दिवस मना। कार्यक्रम की शुरूआत दुंदुवा सरना स्थल में रघु उरांव द्वारा विधिवत व पारंपरिक तरीके से पूजा-अर्चना कर किया गया। इसके बाद वीर शहीदों को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही महापुरूषों के बताए मार्ग पर चलने और जल, जंगल व जमीन का रक्षा का सामुहिक संकल्प लिया गया। इसके बाद मुखिया सत्यवंती देवी एवं सिद्धू-कान्हू क्लब की अध्यक्ष शेरोफेना एक्का के नेतृत्व में रैली निकाली गई। सत्यवंती देवी ने कहा कि पूरा विश्व आदिवासी संस्कृति, परंपरा को आत्मसात कर जीवन जीना चाहता है। क्योंकि आदिवासी प्रकृति के साथ सीधा जुड़ाव रखते हैं। कार्यक्रम में पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि लव कुमार महतो, उप मुखिया प्रशांत कुमार, वार्ड सदस्य रेणुका देवी, हीरामणि उरांव, जल सहिया छुवी देवी सहित दर्जनों महिला एवं बच्चे मौजूद थे।

### सांडी में पुल का गार्डवाल धंसा



**कुजू।** नगर परिषद क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड नं02 भरेच नगर सांडी ऋषि कांटा के समीप पुल के किनारे गार्डवाल धंस गया है। गार्डवाल के धंस जाने से कभी भी पुल गिर सकता है। जिससे बड़ी दुर्घटना घट सकती। यह पथ बोंगावार, बन्धिया, जोगियागढ़ का मुख्य पथ हैं। जिससे ग्रामीणों को आने जाने में डर लगने लगा है। गार्डवाल के धंसने की सूचना पाकर आजसू जिला उपाध्यक्ष जयकिशोर महतो पहुंच कर देखा। ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए तत्काल नगर परिषद के कार्यपलक पदाधिकारी को जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को जल्द समाधान होने का भरोसा दिया।

### लायंस क्लब ने लगाया टीकाकरण कैंप



**भुरकुंडा।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने राज नर्सिंग होम में शनिवार को शिशुओं एवं गर्भवती महिलाओं के लिए टीकाकरण शिविर लगाया। शिविर में बीसीजी, ओपीभी, हेपेटाईटिस बी, पैन्टा रोटा, पीसीबी, आईपीभी, ओपीभी, डीपीटी का टीकाकरण लगाया गया। क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल ने बताया कि राज नर्सिंग में प्रत्येक गुरुवार और शनिवार को लायंस क्लब द्वारा नि:शुल्क टीकाकरण शिविर लगाया जाता है, जो निरंतर जारी है। उन्होंने कहा कि क्लब अपने सामाजिक दायित्वों के तहत आगे भी क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य लाभ दिलाता रहेगा। जोन चेयरपर्सन एमजेएफ डॉ. राजेन्द्र महतो ने बताया कि वर्तमान समय में बीमारी से बचाव के लिए टीकाकरण आवश्यक है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिव लायन अंजु देवी, कोषाध्यक्ष लायन शिवा प्रसाद, लायन अशोक सिन्हा,भूपेन्द्र सिंह सैनी सहित क्लब के तमाम सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

### हर घर तिरंगा को ले भाजपा की बैठक



**कुजू।** हर घर तिरंगा को लेकर भाजपा मांडू मंडल की बैठक कुजू पूर्वी पंचायत सचिवालय में हुई। इसका संचालन मंडल के संयोजक आशीष कुमार साहू ने किया। बैठक में 11 से लेकर 13 तक हर घर तिरंगा अभियान में युद्ध स्मारक, स्वतंत्रता संग्राम के नायक की मूर्ति के आस- पास स्वच्छता अभियान के तहत साफ सफाई किया जाएगा।महेंद्र प्रजापति और राजेंद्र कुशवाहा को जिला उपाध्यक्ष बनने पर अंग वस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर बधाई दी गई। बैठक में जिला महामंत्री प्रो. खिरोधर साहू, अशोक कुमार, उपाध्यक्ष रतन साहू, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष रवि साहू, मंत्री राजेश साहू, अखिलेश्वर प्रसाद, डिंपल प्रजापति, पंचित महतो,सूरज कुमार महतो, बालगोविन्द बेदिया, मनोहर गुप्ता, गणेश सोनी, छतरधारी साहू, पवन साहू, ज्ञानी साव, भागवत करमाली, रामदेव प्रसाद, तोकेश सिंह आदि उपस्थित थे।

# आदिवासी युवतियों से दुष्कर्म मामले में चार युवक गिरफ्तार

▶▶ **बरकाकाना रेलवे यार्ड में 21 जुलाई स्क्रैप चुनने गयीं तीन युवतियों से किया थी दरिंदगी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** जिले के बरकाकाना रेलवे स्टेशन पर सीसीएल के रेलवे यार्ड में स्क्रैप चुनने गई आदिवासी लड़कियों को हवस का शिकार बनाया गया था। इसकी जानकारी रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान दी। उन्होंने बताया कि यह घटना 21 जुलाई को घटी थी लेकिन लड़कियों ने डर से घर में इसकी जानकारी नहीं दी। एसपी ने बताया कि बीते शुक्रवार को जब एक लड़की की तबीयत खराब हुई और वे लोग चिकित्सक के पास गए तो उन्हें पूरा मामला समझ में आया। इसके बाद लड़कियों ने माता-पिता को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। फिर उनके माता-पिता बरकाकाना ओपी पहुंचे। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आजाद बस्ती निवासी साजन गोराई, अमित कुमार सिंह, प्रवीण कुमार और राजा कुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया।

बिरहोर और मल्होर जाति की तीनों बच्चियां सीसीएल के रेलवे यार्ड में स्क्रैप चुन रही थीं। उन चारों युवकों ने उन्हें प्रलोभन दिया कि सीसीएल के बाउंड्री में बहुत सारा स्क्रैप पड़ा हुआ है। यदि वह लोग वहां जाएं तो उन्हें ज्यादा लोहा मिलेगा। उनके झांसे में आने के बाद लड़कियों ने युवकों के सहयोग से लगभग 12 फीट बाउंड्री फांदने का प्रयास किया लेकिन सिर्फ दो ही लड़कियां अंदर जा पाई और एक लड़की बाहर ही रह गई थी। बाउंड्री के अंदर युवकों ने लड़कियों के साथ छेड़छाड़ और दुष्कर्म किया। जब वहां बुलेट की आवाज आई तो चारों युवक उनको छोड़कर भाग गए। फिलहाल पुलिस घटना की छानबीन कर रही है। छापामारी में पतरातू एसडीपीओ बिरेन्द्र राम, पतरातू इंस्पेक्टर योगेन्द्र सिंह,बरकाकाना ओपी प्रभारी अख्तर अली, पुअनि हरगुदन होरो एवं जवान शामिल थे।

### कंपनी से लेवी मांगने मामले में पांडे गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

**रामगढ़।** भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के पटेल नगर में पीसीसी रोड बना रही कंपनी से लेवी मांगने मामले में पांडे गिरोह के सक्रिय सदस्य आलोक राज को गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि 31 जुलाई को ही पीसी रोड निर्माण कार्य के दौरान बाइक से पांच अपराधी वहां पहुंचे थे। वे लोग विकास तिवारी गैंग के सक्रिय सदस्य थे। उन लोगों ने साफ तौर पर कहा कि जब तक रंगदारी नहीं दोगे, काम नहीं कर सकते। पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र राम के नेतृत्व में एसआईटी ने छापेमारी के दौरान पतरातू थाना क्षेत्र के जयनगर सौंदा डी निवासी 19 वर्षीय आलोक राज को गिरफ्तार किया है।

### कांग्रेस नेता गोविंद यादव के पहल से खराब ट्रांसफार्मर बना



**बरही ।** बेंदगी के पोडैया गांव में पिछले एक सप्ताह से ट्रांसफॉर्मर खराब होने के कारण बिजली बाधित थी। गांव वालो की परेशानियों को देखते हुए स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता सह कांग्रेस प्रखंड महासचिव गोविन्द यादव के प्रयास से शुक्रवार को ट्रांसफार्मर बनाया गया और गांव में बिजली प्रवाहित हुई। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता सह कांग्रेस नेता गोविंद यादव ने कहा की बिजली हमारे दिनचर्या की मुख्य जरूरत है, इसके बिना जीवन अंधकार के रूप में प्रतीत होता है, पिछले एक सप्ताह से बिजली बाधित रहने के कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही थी, जिसे शनिवार को काफी मशक्कत के बाद ठीक किया गया है।

### मुन्ना सिंह ने मईयां योजना के शिविरों का किया निरीक्षण



**हजारीबाग।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने शनिवार को हजारीबाग के सदर प्रखंड में चल रहे मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के पंजीकरण शिविरों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हरहद, मोरांगी, भेलवारा, नयाखाप, पौता, और गुरहेत पंचायतों के पंचायत भवनों का दौरा किया। मुन्ना सिंह ने कहा कि यह योजना हमारी माताओं और बहनों को सशक्त बनाने के लिए बनाई गई है, और हमारी कोशिश है कि कोई भी महिला इस योजना से वंचित न रहे। हर पंचायत में यह सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य है कि सभी महिलाएं अपने अधिकार और सम्मान को समझें और उसका लाभ उठाएं। मौके पर सदर प्रमुख गणेश मेहता, विकास साहू, पंचायत समिति सदस्य रवि, पूर्व मुखिया राजन,और गोपाल यादव भी मौजूद थे।

### योग्य महिला मंईयां योजना का लाभ उठाएं : सिकंदर राणा



**बरही।** बेन्दगी पंचायत में शनिवार को मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना को लेकर पंचायत सचिवालय में शिविर लगा। मुखिया सिकंदर राणा ने पंचायत वासियों से अपील की कि महिला ज्यादा से ज्यादा संख्या में फॉर्म भरकर इसका लाभ उठायें।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने महिलाओं के लिए यह महत्वकांक्षी योजना लाई है, जिसके तहत 21 से 49 वर्ष की आहर्ता रखने वाली महिलाओं को 1000 रुपये प्रति माह प्रोत्साहन के रूप में दिया जाएगा।

### मो तस्लीम ने मदरसा में वितरण किया पाठन सामग्री



**बरही।** रसोईया धमना स्थित मदरसा में मो. तस्लीम ने शनिवार को पाठन सामग्री पहली कक्षा से लेकर आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के बीच वितरण किया। मौके पर मौलाना इस्लाम, खलील, सामाजिक मो सरताज, मो सरफराज, मो मोइम, मो मुमताज, मो जबार आदि उपस्थित रहे।

### पत्रकार सुरक्षा कानून को लेकर संदीप पांडे ने राष्ट्रपति को लिखा पत्र



**टाटीझरिया ।** झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन सह भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ सदस्य टाटीझरिया आंचलिक पत्रकार संदीप पांडेय ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लिखित पोस्ट कार्ड भेजकर पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि अब तक देश में लगभग 256 फर्जी मुकदमे, जानलेवा हमले व हत्याएं पत्रकारों को हो चुकी है । लोकतंत्र का चौथा स्तंभ पत्रकारों को कहा गया है इसकी वकालत स्वयं पूर्व से लेकर वर्तमान महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने कई अनेक अवसरों पर की है । लोकतंत्र हित पत्रकार सुरक्षित रहेंगे तभी देश की विधि व्यवस्थाए सुरक्षित रहेगा इसलिए मात्र एक उपाय पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किया जाना है। उन्होंने देश के सभी पत्रकारों से अपील की कि अपने अपने प्रदेश से राष्ट्रपति के नाम पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने को लेकर मांग पत्र प्रेषित करे ।

### आर्यभट्ट पब्लिक स्कूल में पौधरोपण



**बरही।** विश्व आदिवासी दिवस पर आर्यभट्ट पब्लिक स्कूल कारीमाटी में पौधारोपण हुआ। निदेशक कमलेश कुमार ने बताया कि विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर वन विभाग की ओर से 50 पौधा दिया गया। वनरक्षी भूपेन्द्र कुमार ने बताया कि आदिवासी दिवस पर पौधारोपण कर मानव जन को संदेश दिया है कि हर मानव एक पौधा जरूर लगाए। इस दिन पूरे भारत में आदिवासी समुदाय को समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने वाले विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। निदेशक ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस आदिवासियों के मूलभूत अधिकारों की समाजिक, आर्थिक और न्यायिक सुरक्षा के लिए प्रत्येक वर्ष 9 अगस्त को विश्व के आदिवासी लोगों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है। यह दिवस उन उपलब्धियों और योगदानो को भी स्वीकार करती है जो मूल निवासी लोग पर्यावरण संरक्षण जैसे विश्व के मुद्दों को बेहतर बनाने के लिए करते हैं। प्राचार्य जय नारायण महतो, कुलदीप यादव, ऋषि चंद्रवंशी, प्रीति कुमारी, रिया कुमारी, भूषण शर्मा, संगीता कुमारी, रिंकी कुमारी, रंजू कुमारी, निरंजन कुमार दास, पिंटू कुमार यादव, संटू राणा आदि उपस्थित थे।

# डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में पौधरोपण

**वृक्ष हमारे लिए माता पिता तुल्य : एसडीओ**




बरही। एक वृक्ष मां के नाम कार्यक्रम में डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के एनसीसी के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्राचार्य अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में धर्मेंद्र कुमार, राजेश कुमार और डॉक्टर दीपक शरण (एनसीसी ऑफिसर) के सहयोग से डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के बच्चों ने इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लिया। एसडीओ जोहन टुडू ने कहा कि वृक्ष हमारे लिए माता पिता तुल्य है। एसडीओ सुरजीत कुमार ने बच्चों से कहा कि हमें पौधों से प्रेम पूर्वक व्यवहार करना चाहिए। वृक्षारोपण के साथ ही बच्चों ने यह संदेश दिया कि वृक्ष हमारे लिए कितने आवश्यक हैं।

इनकी मदद से ही हम पर्यावरण को बेहतर बनाते हुए जीवों के संरक्षण हेतु अपना प्रयास आगे बढ़ा सकते हैं। प्राचार्य ने कहा कि इस तरह का कार्यक्रम बच्चों को अपने आसपास के वातावरण से जोड़ता है। साथ ही उनमें यह संवेदना भी पैदा करता है कि हम अपने आसपास के परिस्थितियों को सुधारने का सफल प्रयास करें। साथ ही साथ हम दूसरों के सामने एक उदाहरण प्रस्तुत करें जिससे उन्हें भी कुछ सीखने का मौका मिले और वे भी अपने पर्यावरण, अपने वातावरण को आने वाले कल के लिए बेहतर बनाने में सक्षम हो पाएं। प्राचार्य ने बच्चों से आह्वान किया कि वृक्षों को अपने परिवार का एक अभिन्न सदस्य मानते हुए उसके साथ जीने की परंपरा की शुरूआत करें जो इस दुनिया को बेहतर बनाने में हमारी मदद करेगा।

**OFFICE OF THE PROJECT DIRECTOR, I.T.D.A., KHUNTI, JHARKHAND**

Tender Reference No. :- 04/2024-25 Date:- 13/08/2024

**(EXPRESSION OF INTEREST)**

| Sl. No. | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | Name of the work | Building a Bamboo Research and Training Centre in Khunti District |
| 2 | Period of work | 12 months |
| 3 | Date of Publication of Bid on website | 13/08/2024 |
| 4 | Bid Cost | Rs. 5000/- (In form of D.D.) in favour of Project Director, I.T.D.A., Khunti |
| 5 | Last date and time of receipt of Bid | Date: 21 August, 2024, Time: 03:00 PM |
| 6 | Pre-Bid meeting | Date: 20 August, 2024, Time: 01:00 PM |
| 7 | Date and time of opening of Bid | Date: 21 August, 2024, Time: 03:30 PM |
| 8 | Bid submission place | Office of the Project Director, I,T,D,A,, Khunti |
| 9 | Bid opening place | Office of the Deputy commissioner, Khunti |

The proposal in all respects must be submitted to the Office of the Project Director, I.T.D.A., Khunti in a sealed envelope clearly mentioning on the top of it **"Building a Bamboo Research and Training Centre in Khunti District."** Proposals received beyond the last date and time will be rejected. The authority reserves the right to reject any/all proposals without assigning any reason thereof.

PR 332417 District (24-25)_D

**Project Director, I.T.D.A., Khunti**

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा नया समाहरणालय भवन,**
**ए ब्लॉक, द्वितीय मंजिल, खूँटीटोली, सिमडेगा–835223-**
फोन: 06525-225835 ई-मेल- ssasimdega@gmail.com फैक्स : 06525-225836

पत्रांक 842(समग्र) दिनांक 08.08.2024

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सत्र 2024–25**

सिमडेगा जिला में संचालित नेताजी सुभाशचन्द्र आवासीय विद्यालय, सिमडेगा में वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए पैकेजः–1 खाद्य–अखाद्य सामग्रीः–(राशन एवं अन्य वस्तुएँ), पैकेजः–2 हरी सब्जी, मछली, चिकन, दूध, पनीर इत्यादि, पैकेजः–3 पोशाक एवं अन्य वस्त्र, पैकेजः–4 स्टेशनरी इत्यादि क्रय हेतु विद्यालय के लिए खुला निविदा के माध्यम से इच्छुक निविदादाताओं से निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता नेताजी सुभाशचन्द्र बोस आवासीय, विद्यालय, सिमडेगा में दिनांक 12.08.2024 से दिनांक 24.08.2024 के अपराह्न 5:00 बजे तक कार्यालय अवधि में निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं। तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड अलग–अलग लिफाफे को एक बड़े लिफाफा में दिनांक 27.08.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट/हाथों–हाथ सीलबंद निविदा प्रपत्र नेताजी सुभाशचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, सिमडेगा के कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करेंगे। विद्यालय स्तर पर क्रय समिति द्वारा दिनांक 29.08.2024 के पूर्वाह्न 11:00 बजे, स्थानः– नेताजी सुभाशचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, सिमडेगा के कार्यालय कक्ष में निविदा खोली जाएगी। निविदा की विस्तृत जानकारी सिमडेगा के अधिकारिक वेब–साईट www.simdega.nic.in पर उपलब्ध है।

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा

PR.NO.332408 Simdega(24-25):D

**झारखण्ड सरकार**
**खान एवं भूतत्व विभाग, जिला खनन कार्यालय, रामगढ़**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गैर आयकर दाता तथा सरकार द्वारा दी गयी व्यक्तिगत लाभ की योजना हेतु आम जन के लिये निःशुल्क बालू खनिज उपलब्ध कराने का निर्णय राज्य सरकार द्वारा लिया गया है। उक्त प्रयोजनार्थ बालू खनिज की Booking झारखण्ड राज्य खनिज विकास निगम लि0 के वेबसाईट **www.jsmdc.in** से निःशुल्क दिये जाने की व्यवस्था की गई है।

इच्छुक व्यक्ति झारखण्ड राज्य खनिज विकास निगम लि0 के वेबसाईट **www.jsmdc.in** से Online Sand Booking के माध्यम से Registration कर निःशुल्क बालू की Booking कर लाभान्वित हो सकते हैं। योजना की पूर्ण जानकारी निगम के वेबसाईट **www.jsmdc.in** पर उपलब्ध है।

जिला खनन पदाधिकारी,
रामगढ़।

PR.NO.332350 Mines and Geology(24-25):D

**हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० 12/2024–25**

| Group No. | Name of work | Estimated Cost (Rs.) | Earnest Money (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Completion period for construction |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Supply Fitting Fixing & Installation of M.S Yatri Shed at five Places Under Municipal Corporation, Hazaribag | 9,94,000/- | 20,000/- | 5,900/- | 2 Month |

| | | |
|---|---|---|
| 1. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान तिथि एवं समय | : | नगर निगम कार्यालय, हजारीबाग दिनांक 17.08.2024 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 2.00 बजे अपराह्न तक |
| 2. निविदा प्राप्ति का स्थान तिथि एवं समय | : | नगर निगम, हजारीबाग दिनांक 20.08.2024 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 2.00 बजे अपराह्न तक |
| 3. निविदा खोलने का स्थान तिथि एवं समय | : | नगर निगम, हजारीबाग दिनांक 20.08.2024 को 2.00 बजे अपराह्न से अंतिम निविदा खुलने तक |
| 4. विज्ञापनदाता का पदनाम | : | नगर आयुक्त–सह–प्रशासक, नगर निगम, हजारीबाग। |

नोट :– निविदा से संबंधित शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालय अवधि में नगर निगम कार्यालय में देखा जा सकता है।

ह०/–
नगर आयुक्त–सह–प्रशासक
नगर निगम, हजारीबाग

PR 332384 Urban Development and Housing(24-24)#D

**उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला**
**(गृह रक्षा वाहिनी कार्यालय, गुमला)**

**आम - सूचना**

विज्ञापन संख्या – 01 / 2022 के तहत गृह रक्षकों में नव नामांकन हेतु दिनांक 18.07.2024 से दिनांक – 02.08.2024 तक दौड़, शारीरिक माप उँची कूद, लम्बी कूद, गोला फेंक, हिन्दी लेखन परीक्षा तथा तकनीकी परीक्षा में सफल अभ्यार्थियों की सूची औपबंधिक रूप से प्रकाशित की जा रही है।

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | पुरुष | प्रखण्ड का नाम | महिला |
|---|---|---|---|---|
| 1 | गुमला | 8,73,208,228,273,569,715,731,852 (कुल–9) | गुमला | 10,45,65,68,123,184,258,513,517 (कुल–9) |
| 2 | सिसई | 146,198,242,249,278,398,620,719,756,809 (कुल–10) | सिसई | 61,69,77,89,130,155,202,319,326 (कुल–9) |
| 3 | भरनो | 36,91,162,324,363,380,388,404 (कुल–8) | भरनो | 28,33,45,166,167,197,208,242 (कुल–8) |
| 4 | घाघरा | 73,124,136,155,161,171,237,301,319,360,504,577,637 (कुल–13) | घाघरा | 6,7,9,29,30,31,62,71,130,145,204,230,271 (कुल–13) |
| 5 | बिशुनपुर | 22,65,71,76,91,99,170,206 (कुल–8) | बिशुनपुर | 6,11,22,27,35,60,90,198 (कुल–8) |
| 6 | रायडीह | 15,40,43,113,195,208,227,246,294,296,301 (कुल–11) | रायडीह | 2,8,17,34,44,65,80,110,111,182 (कुल–10) |
| 7 | चैनपुर | 10,23,35,65,73,79,81,88,110,116,117,127,139,154,161,176,188,191 (कुल–18) | चैनपुर | 7,9,12,27,29,31,45,55,56,63,79,85,89,96, 124,126,145 (कुल–17) |
| 8 | डुमरी | 1,8,10,20,25,32,33,41,45,46,61,66,67,73,90,94,104,105,106,141,145, 154, 155,158,165,174,181,186 (कुल–28) | डुमरी | 7,17,18,20,25,26,28,31,37,45,47,52,58,67,72,75,78,79, 83,89, 101,112,113,117,120,145,148 (कुल–27) |
| 9 | जारी | 9,22,29,30,37,38,52,54,55,57,58,59,85,87,95,98,105,111,117,121,122,123,140,142,148,152,171,182,186,187 (कुल–30) | जारी | 1,2,3,4,7,10,14,17,19,24,26,27,31,32,33,35,36,40,42, 50,52,60,66, 75,91,96,101,115,116,117,118 (कुल–31) |
| 10 | पालकोट | 122,136,142,152,159,182,315,326,346,373,401 (कुल–11) | पालकोट | 3,33,62,65,83,92,156,180,183,238 (कुल–10) |
| 11 | बसिया | 63,108,133,148,275,312,325,335,361,363 (कुल–10) | बसिया | 5,20,21,26,27,69,87,218,220,221 (कुल–10) |
| 12 | कामडारा | 1,38,92,130,133,173,198,252 (कुल–8) | कामडारा | 2,6,9,27,34,49,73,84 (कुल–8) |
| 13 | गुमला शहरी (गैर तकनीकी) | 2,23,39,45,46,47,60 (कुल–7) | गुमला शहरी (गैर तकनीकी) | 1,6,7,9,10,18,21,23,30,39,49 (कुल–11) |
| 14 | गुमला शहरी तकनीकी | 4,17,33,36,40,54 (कुल–6) | गुमला शहरी तकनीकी | Nil |
| | कुल | 177 | कुल | 171 |

नोटः– महिलाओं के लिए कर्णांकित पदों में से 5 प्रतिशत पद अर्हता प्राप्त तलाकशुदा/परित्यक्ता/विधवा महिलाएँ में से चयनित महिलाओं का क्रमांक :–

**गुमला ग्रामीण** – 31,130 उपरोक्त परीक्षाफल का परिणाम अंतिम रूप से चयनित अभ्यार्थियों का तब तक औपबंधिक माना जाएगा जब तक कि महानिदेशक–सह–महासमादेष्टा, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा, झारखण्ड, राँची के स्तर से अनुमोदनोपरांत बुनियादी प्रशिक्षण करा न लिया जाय। बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके अभ्यार्थी ही गृह रक्षक के रूप में नामांकित माने जाते हैं।

अंतिम रूप से चयनित अभ्यार्थियों का चिकित्सीय जाँच परीक्षा तथा शैक्षणिक योग्यता, आवासीय एवं जाति प्रमाण पत्र संबंधी जाँच परीक्षा का आयोजन निम्नांकित प्रखण्डवार तिथि के अनुसार आयोजित की जाएगी।

| पुरुष | | | महिला | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र0सं0 | प्रखण्ड का नाम | तिथि | क्र0सं0 | प्रखण्ड का नाम | तिथि |
| 1 | गुमला सिसई | 20.08.24 | 1 | गुमला सिसई | 29.08.24 |
| 2 | भरनो घाघरा | 21.08.24 | 2 | भरनो घाघरा | 30.08.24 |
| 3 | बिशुनपुर रायडीह | 22.08.24 | 3 | बिशुनपुर रायडीह | 31.08.24 |
| 4 | चैनपुर डुमरी | 23.08.24 | 4 | चैनपुर डुमरी | 02.09.2024. |
| 5 | जरी पालकोट | 24.08.24 | 5 | जरी पालकोट | 03.09.24 |
| 6 | बसिया कामडारा | 27.08.24 | 6 | बसिया कामडारा | 04.09.24 |
| 7 | शहरी | 28.08.24 | | | |

जिला समादेष्टा,(सदस्य) गृह रक्षा वाहिनी, गुमला। पुलिस अधीक्षक, (सदस्य सचिव) गुमला। उपायुक्त, (अध्यक्ष) गुमला

PR.NO.332391 Jharkhand Council of Educational Research and Training(24-25):D

# उपायुक्त ने ध्वजाधारी धाम और झरनाकुंड का किया निरीक्षण, व्यवस्था का लिया जायजा

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** सावन माह के चौथे सोमवारी 12 अगस्त को झुमरीतिलैया के झरनाकुण्ड से ध्वजाधारी धाम तक आयोजित कांवर पदयात्रा की तैयारी का जायजा लेने शनिवार को उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने ध्वजाधारी धाम और झरनाकुण्ड का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा समेत अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान झुमरीतिलैया और कोडरमा नगर पंचायत के नगर प्रशासक को दोनों जगहों पर समुचित साफ सफाई करवाकर जगह जगह डस्टबिन की उपलब्धता सुनिश्चित करने, झरनाकुण्ड से आने वाले कच्चे मार्ग पर मोरम बिछाने आदि का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि कांवर पदयात्रा में शामिल श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दें, श्रद्धालुओं को झरनाकुण्ड से जल उठाने से लेकर ध्वजाधारी धाम पहुंचने तक कोई परेशानी न हो, इस पर विशेष ध्यान रखें। उपायुक्त ने कहा कि पदयात्रा शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो, इस पर विशेष ध्यान रखा गया है, असामाजिक तत्वों पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी रखी जायेगी। मौके पर डीसी के अलावे एसडीओ रिया सिंह, डीटीओ विजय कुमार सोनी आदि मौजूद थे।



## दण्डाधिकारियों को किया गया तैनात

**कोडरमा।** सावन के चौथे सोमवारी को झुमरीतिलैया के झरनाकुण्ड से लेकर कोडरमा स्थित ध्वजाधारी धाम तक आयोजित कांवर पदयात्रा को शांतिपूर्ण सम्पन्न करवाने को लेकर उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से निर्देश जारी कर झरनाकुण्ड से लेकर ध्वजाधारी धाम तक जगह-जगह पर पुलिस के जवानों के साथ दण्डाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया है, पुलिस पदाधिकारियों और दण्डाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति 12 अगस्त की रात्रि 2 बजे से कार्यक्रम सम्पन्न होने तक कि गयी है। डीसी, एसपी द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि 12 अगस्त को श्रद्धालुओं द्वारा झरनाकुण्ड धाम से ध्वजाधारी धाम तक पूर्वाह्न 4 बजे से लगभग 15 किलोमीटर पदयात्रा कर ध्वजाधारी धाम में जलाभिषेक करेंगे, जिसमे अत्यधिक भीड़ होने की संभावना है।

## स्पीड न्यूज

### वज्रपात से भैंसा की मौत, मुआवजे की मांग

**सिमारिया।** थाना क्षेत्र के पगार पंचायत स्थित केंवटा गांव के पूणाडींह टोला में शुक्रवार शाम को बज्रपात से सोमर भुइंया की भैंसा की दर्दनाक मौत हो गई। भैंसा को खंबे से बांधा गया था और अचानक बारिश के साथ हुए वज्रपात में उसकी मौत हो गई। सोमर भुइंया ने अंचलाधिकारी को आवेदन देकर मुआवजे की मांग की है। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में खेती नहीं कर पा रहे हैं और परिवार के बीच खाने-पीने को लेकर समस्या उत्पन्न हो गई है। सोमर भुइंया ने बताया कि वह किसान हैं और इस तरह की घटनाओं से उन्हें काफी नुकसान हो रहा है। उन्होंने सरकार से मदद की गुहार लगाई है।

### दो सौ छियासी साइकिलों का वितरण

**गिद्धौर।** प्रखंड कार्यालय परिसर में शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव के नेतृत्व में 286 साइकिल का वितरण किया गया। इस दौरान प्रखंड के कुल आठ विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को साइकिल दिया गया है। जिन विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को साइकिलें वितरित की गई हैं, उनमें मध्य विद्यालय गिद्धौर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय गांगपुर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय तिलैया, उत्क्रमित मध्य विद्यालय लुब्धिया, उत्क्रमित मध्य विद्यालय उर्दू किरकिरा, उत्क्रमित उच्च विद्यालय पिडांरकोण और उत्क्रमित मध्य विद्यालय बारियातू शामिल हैं। साइकिल वितरण का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को स्कूल आने-जाने में सुविधा प्रदान करना है।

### बाइक दुर्घटना में युवक घायल

**सिमरिया।** सिमरिया प्लस टू विद्यालय के पास एक युवक अपनी डिस्कवर बाइक से दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसका दाहिना पैर टूट गया और वह बुरी तरह घायल हो गया। घायल युवक चतरा दाढ़ा गांव निवासी जोसेफ करकेटा है, जिसके पिता का नाम ब्लासुस करकेटा है। पत्रकारों ने घायल युवक को घटनास्थल से रेफरल अस्पताल पहुँचाया, जहाँ उसका इलाज जारी है।

### स्कूली छात्र के साथ दुर्घटना, घायल

**गिद्धौर।** थाना अंतर्गत जपुआ के पास एक स्कूली छात्र नितेश कुमार, जो कारू भुइंया का पुत्र है और लगभग 14 वर्ष का है, ब्लॉक से साइकिल लेकर अपने गाँव गांगपुर जा रहा था। रास्ते में एक अज्ञात मोटरसाइकिल ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया और उसके माथे में गंभीर चोट आई। ग्रामीणों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर लाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया। यदि छात्रों को विद्यालय में ही साइकिलें प्रदान की जातीं, तो शायद यह दुर्घटना नहीं होती।

### रौशन की उड़ीसा में ट्रक दुर्घटना में मौत

**चतरा।** जिले के प्रतापपुर प्रखंड के बरूरा गांव निवासी विगन यादव के 20 वर्षीय पुत्र रौशन कुमार की शुक्रवार सुबह उड़ीसा में एक ट्रक दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। रौशन दस चक्का ट्रक में खलासी का काम करता था और बीस दिन पहले ही मजदूरी के लिए उड़ीसा गया था। उड़ीसा के सुंदरगढ़ जिले के अंतर्गत बेल पहाड़ के समीप ट्रक चालक ने अचानक एक पेड़ में धक्का मार दिया, जिससे बायीं ओर बैठे खलासी रौशन की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद उड़ीसा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया। घटना की खबर मिलते ही बरूरा गांव में मातम पसर गया और परिजन रो-रोकर बेहाल हैं। मृतक का शव शनिवार को पैतृक गांव बरूरा पहुंचेगा।

## एक नजर में

## खेलो झारखंड उद्‌घाटन समारोह में जिप उपाध्यक्ष शामिल हुए



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले के कान्हाचट्टी प्रखंड मुख्यालय में खेलो झारखंड के तत्वावधान में आयोजित खेल कार्यक्रम के उद्‌घाटन में जिला परिषद उपाध्यक्ष बृज किशोर तिवारी उर्फ बिरजू तिवारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी शामिल हुए। गांवों की प्रतिभा को मंच पर लाने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में सुदूर गांवों से बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने भाग लिया।

जिला परिषद उपाध्यक्ष श्री तिवारी ने फीता काटकर एवं गेंद को किक मारकर प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान 100, 200 और 800 मीटर दौड़ का भी आयोजन किया गया।

## तिरंगा यात्रा को लेकर की गयी बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यायलय स्थित उत्तरी पंचायत भवन में शनिवार को भाजपा प्रखंड इकाई की बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष सुनील यादव व संचालन यमुना यादव ने किया। बैठक में जिला प्रभारी के रूप में नवनियुक्त जिला महामंत्री विजय यादव उपस्तिथ थे। बैठक में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त जिला महामंत्री विजय यादव व मंडल अध्यक्ष सुनील यादव का स्वागत फूल माला पहना कर जोरदार नारों से किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य 11 अगस्त को जिला मुख्यालय में निकलने वाले तिरंगा यात्रा में मरकच्चो मंडल से अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को शामिल होने पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही हर घर तिरंगा लगाने पर भी बिचार विमर्श किया गया। मौके पर रंजीत सिंह, बेदु साव, बसंत साव, सदानंद कुशवाहा, सोनू पांडेय, सकलदेव यादव, लखन पासवान, अर्जुन यादव, पवन यादव, सुरेश यादव, विजय यादव, महेश यादव, हीरालाल यादव, मुकेश ठाकुर, कामेश्वर विश्कर्मा, अजित यादव, मुकेश राम, मोहन ठाकुर, मोहन यादव, सहदेव राणा आदि मौजूद थे।

### नंदी बाबा सेवा ट्रस्ट : शिव भक्तों के लिए महाप्रसाद की तैयारी जोरो पर

# 25वीं वर्षगांठ पर विशेष आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** सावन माह में आयोजित होने वाली कांवर पदयात्रा का सभी श्रद्धालु बेसब्री से इंतजार करते हैं। इस वर्ष 12 अगस्त को होने वाली इस यात्रा में शिव भक्तों के लिए महाप्रसाद की विशेष व्यवस्था नंदी बाबा सेवा ट्रस्ट द्वारा की गई है। इस बार की व्यवस्था विशेष रूप से इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि ट्रस्ट अपनी 25वीं वर्षगांठ मना रहा है और इसे भव्य रूप से मनाने के लिए सभी सदस्य जी-जान से जुटे हुए हैं।

**महाप्रसाद की तैयारी में जुटे श्रमदानी :** महाप्रसाद बनाने की प्रक्रिया शुक्रवार देर शाम से ही शुरू हो गई है। कोडरमा के ध्वजाधारी आश्रम, झुमरीतिलैया के पंजाबी धर्मशाला सहित पांच स्थानों पर प्रसाद बनाने का कार्य तेजी से चल रहा है। महाप्रसाद की तैयारी में विभिन्न जिलों और स्थानों से आए श्रमदानियों का भी योगदान उल्लेखनीय है। बड़ाकर, मधुपुर, देवघर, जस्सीडीह, आसनसोल, धनबाद सहित अन्य जगहों से करीब 250-300 लोग श्रमदान के लिए ध्वजाधारी पहाड़ पर पहुंचते है। यह सभी लोग पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ महाप्रसाद बनाने में जुटे हुए हैं। महाप्रसाद की तैयारी कार्यक्रम के 3-4 दिन पहले ही शुरू हो जाती है। श्रमदानियों की मेहनत और समर्पण से यह प्रसाद बनता है, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष महत्व रखता है। इस बार महाप्रसाद की तैयारियों को और भी व्यवस्थित व भव्य रूप से अंजाम दिया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक भक्त इस प्रसाद का लाभ उठा सकें।

**सोमवारी व्रतधारी भक्तों के लिए विशेष व्यवस्था :** ट्रस्ट के अध्यक्ष उदय सिंह और संजय शर्मा ने बताया कि इस वर्ष सोमवारी व्रतधारी भक्तों के लिए विशेष रूप से सूजी का शुद्ध घी का हलुआ तैयार किया जाएगा। यह प्रसाद भक्त अपने घर लेकर जा सकते हैं और वहीं इसे ग्रहण कर अपना उपवास तोड़ सकते हैं। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी भक्त को कोई असुविधा न हो और वे प्रसाद का सम्मान पूर्वक सेवन कर सकें।

**व्यवस्था में कोई कमी नहीं :** ट्रस्ट ने इस वर्ष भी महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग लाइनों की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया है, ताकि प्रसाद ग्रहण करने के दौरान किसी को भी कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। वहीं उदय सिंह और संजय शर्मा ने बताया कि इस बार की व्यवस्था पिछले वर्षों की तुलना में और भी अधिक व्यवस्थित और सुविधाजनक रहेगी। हर वर्ष की तरह, इस वर्ष भी ट्रस्ट ने यह सुनिश्चित किया है कि सभी भक्तों को प्रसाद ग्रहण करने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। नंदी बाबा सेवा ट्रस्ट के सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर ट्रस्ट ने इस महाप्रसाद को और भी भव्य रूप से आयोजित कर रही है। व्यवस्था में ट्रस्ट के सुनील कुमार सोनकर, कमल कुमार शर्मा, विकास वैष्खियार, मदन साव, विजय गोयल, जोशी कुमार, बिनोद कुमार, प्रदीप कुमार चंद्रवंशी, प्रदीप प्रजापति व अन्य सदस्य लगे हुए है।

## पुरानी पेंशन योजना की स्वीकृति पर शिक्षकों व कर्मियों ने जताया खुशी

**कोडरमा।** झारखंड सरकार के कैबिनेट में पुरानी पेंशन योजना की स्वीकृति मिलने पर जेजे कॉलेज के शिक्षकों व कर्मियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। साथ ही राज्य सरकार के प्रति आभार प्रकट किया। वहीं कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मिथलेश उपाध्याय ने राज्य सरकार को इसके लिए धन्यवाद देते हुए शिक्षकों व कर्मियों को बधाई दी। मौके पर प्रो.शैलेन्द्र कुमार, प्रो.ऋचा तिग्गा, डॉ.प्रेमी मोनिका टोप्पो, प्रो. कनिका आदि मौजूद थे।

## मरकच्चो थाना अवैध वसूली का बना अड्डा

**कोडरमा (मरकच्चो)।** भाकपा माले राज्य कमेटी सदस्य मो. इब्राहिम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा मरकच्चो थाना प्रभारी सौरभ कुमार शर्मा जब से थाना प्रभारी बनकर आए हैं, थाना को लेनदेन का अड्डा बना दिया है। थाना प्रभारी को जनता की सुरक्षा से कोई लेना-देना नहीं है। दिन रात अवैध वसूली में लगे रहते हैं। भाई भाई के जमीन विवाद बाप बेटे के विवाद को लेकर छोटे-मोटे मामले में भी लोगों को थाना पकड़ कर ले जाते हैं और डरा धमका कर मोटी रकम लेकर छोड़ते हैं।

## मंत्री सत्यानंद भोगता का हंटरगंज दौरा



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** मंत्री सत्यानंद भोगता ने हंटरगंज का एक दिवसीय दौरा किया और हंटरगंज प्रखंड के दंतार पंचायत भवन में आयोजित 'झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम शिविर' में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष बिनोद भोगता, प्रदेश महासचिव रश्मि प्रकाश, प्रखंड विकास पदाधिकारी निखिल कुमार, अंचल अधिकारी और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

## एसपी ने की क्राइम मीटिंग, विधि व्यवस्था दुरूस्त रखने का दिया निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को मासिक अपराध गोष्ठी समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जुलाई माह में किये गए कार्यो की समीक्षा के उपरांत सभी थाना, ओपी प्रभारी, संबंधित शाखा प्रभारी को निम्नांकित आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। जिसमें विगत छः माह में थाना प्रभारियों द्वारा किए गए कार्य ( विधि व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, कांड का निष्पादन, वारंट, कुर्की का निष्पादन) आदि कार्यों की समीक्षा की गई। सभी लंबित कांडो के समीक्षोप्रांत उक्त कांडों में लंबित सभी कर्रवाई पूर्ण कर कांडो का निष्पादन करने का आदेश दिया गया। माह जुलाई 2024 में प्रतिवेदित सभी कांडो का विस्तृत समीक्षोप्रांत लंबित कांडो का त्वरित निष्पादन करते हुए अंतिम प्रपत्र समर्पित करने का निर्देश दिया गया। सभी पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस निरीक्षक प्रभाग को लंबित सभी पर्वेक्षण प्रतिवेदन एक सप्ताह के अंदर समर्पित करने का निर्देश दिया गया। अवैध कोयला, बालु, पत्थर का उत्खनन, परिवहन, भंडारण पर पूर्णतः रोक लगाने के लिए सभी थाना प्रभारी, पुलिस निरीक्षक प्रभाग, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। थाना क्षेत्र के उपद्रवियों, आदतन शरारती तत्वों, सक्रिय अपराधियों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। वाहन चोरी जैसे घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु नियमित रूप से एंटी क्राइम चेकिंग करने एवं बैंक, एटीएम, ज्वैलरी शॉप जैसे स्थानों के आस-पास पेट्रोलिंग पार्टी को मुस्तैदी के साथ भ्रमणशील रहने हेतु निर्देशित किया गया।

## उपायुक्त ने की प्रर्वतन एजेंसियों के साथ बैठक, दिये कई निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में प्रर्वतन एजेंसियों के साथ बैठक की गयी। बैठक में अवैध शराब, हथियार, गोली, विस्फोटक, मादक पदार्थ एवं कैश के रोकथाम एवं बरामदगी की दिशा में स्थापित चेकपोस्ट को क्रियाशील बनाना, सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाना, प्रत्येक पदाधिकारियों को यथा थाना प्रभारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक स्तर के पदाकिारियों के साथ समन्वय स्थापित करना, चुनाव कार्य के 48 घंटे पूर्व बोर्डर सिलिंग का कार्रवाई करना, उत्पाद एवं मद्य निषेध के कांडों में वांछित शराब कारोबारियों एवं शराब की तस्करी के मार्गो का चिन्हित कर संलिप्त व्यक्तियों पर कार्रवाई करना, कीमती धातुओं समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा किया गया। उपायुक्त ने अवैध शराब, हथियार, गोली, विस्फोटक, मादक पदार्थ एवं कैश के रोकथाम एवं बरामद्गी की दिशा में स्थापित चेकपोस्ट को क्रियाशील बनाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने उत्पाद अधीक्षक को अवैध शराब के निर्माण व भंडारण को लेकर उचित कार्रवाई करने को कहा। वहीं डीटीओ को सघन वाहन जांच अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में एसपी अनुदीप सिंह, एसडीओ रिया सिंह, डीटीओ विजय कुमार सोनी, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय पुरूषोत्तम, उत्पाद अधीक्षक अजय कुमार गोंड व अन्य मौजूद रहे।

# टंडवा एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपूरा परियोजना में गिरने से मजदूर की मौत

### मृतक के आश्रितों को 50 लाख रुपये मुआवजा और नौकरी की मांग पर दिया धरना



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा।** टंडवा एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपूरा परियोजना के तीसरे युनिट के बॉयलर निर्माण का काम कर रही केपीसीएल नामक कंपनी के एक मजदूर की गिरने से मौत हो गई। मृतक मजदूर की पहचान केरेडारी थाना क्षेत्र के रहने वाले कृष्णा पासवान के रूप में की गई। घटना के बाद पूरे परिसर में अफरातफरी मच गई। घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार मृतक मजदूर तीसरे युनिट के बॉयलर में सीट लगाने का कार्य कर रहा था। इसी दौरान पैर फिसलने के कारण वह नीचे गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना में मजदूर की बॉयलर से गिरकर मौत होने के बाद कंपनी और प्रबंधन के सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। दुर्गा सोरेन सेना, प्रदूषण निजाद संघर्ष समिति के रवि सिंह, बीस सूत्री उपाध्यक्ष नीरज तिवारी और समाजसेवी रैयत रामदेव पासवान ने मृतक के आश्रितों को 50 लाख रुपये का मुआवजा और एक नौकरी देने की मांग का समर्थन किया है। उन्होंने घटना की विजिलेंस से जांच कराने की मांग की है। दुर्गा सोरेन सेना और रामदेव पासवान ने आरोप लगाया है कि प्रबंधन की लापरवाही के कारण नॉन स्किल वाले कर्मियों से स्किल का काम कराया जा रहा है, जिससे हादसे हो रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि एनटीपीसी में कई चापलूस और दलाली करने वाले लोग हाई स्केल में रखे जाते हैं, जबकि कई हाई क्वालिफिकेशन वाले स्थानीय युवकों को नॉन स्केल में रखा जाता है। यही लापरवाही संयंत्र में दुर्घटनाओं का कारण बन रही है।

## मुखिया पर लगा 20 हजार रूपया रिश्वत मांगने का आरोप



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के सतगावां प्रखंड अंतर्गत पंचायत मीरगंज के मुखिया के द्वारा अबुआ आवास के नाम पर अवैध उगाही करने की शिकायत को लेकर शनिवार को दर्जनों महिला व पुरुष कोडरमा उपायुक्त से मिलने समाहरणालय पहुंची थी, जहां ग्रामीणों के द्वारा आवेदन देकर अपनी शिकायत दर्ज कराई है। दिये गये आवेदन में ग्रामीणों के द्वारा बताया गया है कि मीरगंज पंचायत के मुखिया मंटू चौधरी के द्वारा अबुआ आवास का लाभ दिलाने के नाम पर हम गरीब परिवारों से 20 हज़ार रुपये रिश्वत मांगा जा रहा है, पैसा नहीं देने पर अबुआ आवास का लाभ नहीं मिला है, इसे लेकर असलम खान पिता स्व. मौला खान, शिवा देवी पति कोलेश्वर मुसहर, सरस्वती देवी पति गौरी भुइयां, कैली देवी पति चंद्रिका भुइयां, कुंती देवी पति लक्षण मुसहर, सुनीता देवी पति अजय मांझी, सजीना खातून पति मो उस्मान खान, रसीदा खातून पति मो. वसीम खान ने समाहरणालय में पहुंच कर उपायुक्त से शिकायत कर गरीब परिवारों को भी अबुआ आवास का लाभ देने की मांग की है। अबुआ आवास के नाम पर 20 हजार रूपये रिश्वत लेने का आरोप वहीं अबुआ आवास के लाभुक रशीदा खातून पति वसीम खान ने अपने दिये गये आवेदन में बताया गया है कि मेरा अबुआ आवास का प्रथम किस्त तीस हजार प्राप्त हो गया है, जिससे मैं अपना घर का निर्माण कर रही हूं, परन्तु मुखिया मन्दु चौधरी के द्वारा 60 हजार रूपये रिश्वत मांगा जा रहा है और बाजबरण मुझसे 20 हजार रूपये ले लिया है और बाकि 40 हजार रूपये नहीं देने पर मेरा मकान बनाने नहीं दिया जा रहा है।

# अपर समाहर्ता व सीएस ने दवा खाके किया फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ



खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। फाइलेरिया उन्मूलन के लिए जिला में सर्वजन दवा सेवन अभियान शुरू किया गया।अपर समाहर्ता और सिविल सर्जन ने अभियान की शुरूआत की। फाइलेरिया के गंभीर असर को देखते हुए सभी योग्य लाभार्थियों से फाइलेरियारोधी दवा का सेवन करने की अपील की गई। स्कूल, पंचायती राज जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, सरकारी और निजी कार्यालयों के कर्मचारी सहित सभी लोगों से सहयोग मांगा गया। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को अभियान की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए। 12 प्रखंडों और एक शहरी इंप्लीमेंटेशन यूनिट में 11 लाख 40 हजार 93 योग्य लाभार्थियों को दवा सेवन कराया जाएगा। फाइलेरियारोधी दवा का सेवन पूरी तरह सुरक्षित है, लेकिन कुछ लोगों में दवा खाने के बाद बुखार, सिरदर्द, चक्कर आदि प्रतिक्रियाएं हो सकती हैं। ऐसी स्थिति में घबराने की जरूरत नहीं है और इसकी सूचना स्वास्थ्यकर्मियों को देनी चाहिए। सर्वजन दवा सेवन के लिए तीन तरह की दवा दी जाएगी, जिसमें अल्बेंडाजोल, डीईसी और आइवरमैक्टीन शामिल है। सभी लोगों से अपील की गई कि वे स्वास्थ्यकर्मियों, सहिया और आंगनबाड़ी सेविकाओं के सामने ही दवा का सेवन करें।

## प्रमुख ने गोली खाकर फालेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का किया शुभारंभ



**सिमरिया।** शनिवार को सिमरिया प्रखंड प्रमुख रोहन साव ने रेफरल अस्पताल में मलेरिया उन्मूलन को रोकथाम हेतु कार्यक्रम का विधिवत उद्‌घाटन किया। प्रमुख ने कहा कि सरकार के द्वारा चलाए जा रहे हैं कार्यक्रम का विस्तार से प्रचार प्रसार किया जाएगा और फलेरिया से ग्रसित के अलावा अन्य लोगों को भी फलेरिया की गोली दी जाएगी जिससे किसी को फलेरिया का शिकार न होना पड़े। मौके पर प्रभारी चिकित्सक डॉक्टर अशोक करमाली डॉ अंकुर निषाद डॉ एस ए आलम डॉ. मधुर मोहन देव कुमार पाठक एएनएम रंजू शर्मा के अलावा अन्य कई लोगों ने फलेरिया की गोली खाकर शुभारंभ किया।

# एआइडीएसओ का जिला सम्मेलन पर छात्रों ने निकाली रैली, प्रतिनिधि सत्र आज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** आज 10 अगस्त 2024 को ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन पूर्वी सिंहभूम जिला कमिटी की ओर से आठवां पूर्वी सिंहभूम जिला छात्र सम्मेलन के अवसर पर जिले के विभिन्न शैक्षणिक समस्याओं को लेकर साकची आमबागान से लेकर साकची गोलचक्कर होते हुए डीसी कार्यालय तक रैली निकाली गई। तथा डीसी कार्यालय में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम जिला उपयुक्त को ज्ञापन सौंपा गया।

मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित प्रदेश सचिव सोहन महतो ने कहा कि एआईडीएसओ अपने स्थापना काल से ही शिक्षा की विभिन्न समस्याओं को लेकर आज देश के 28 राज्यों में संगठन छात्रों को संगठित कर रहा है। स्थापना काल से ही संगठन जनवादी धर्मनिरपेक्ष और वैज्ञानिक शिक्षा की मांग करता है। आज सरकारी स्कूल एवं कॉलेजों की स्थिति चिंतनीय है। सरकारी स्कूलों की बदहाल स्थिति का लाभ उठाकर अब धड़ल्ले से निजी स्कूल एवं कॉलेज खुल रहे हैं। उच्च शिक्षा का भी तेजी से निजीकरण और व्यापारीकरण किया जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भी निजीकरण का ही प्रारूप है। इस नीति द्वारा विश्वविद्यालयों की बची कुची स्वायत्तता छीन ली गई है। इस नीति के तहत पूरी शिक्षा व्यवस्था को समाप्त करने की साजिश चल रही है जिसके खिलाफ में संगठन पूरे देश भर में छात्र छात्राओं को एकजुट कर रहा है और आंदोलन संगठित कर रहा है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को रद्द करने की मांग को लेकर देशभर में आंदोलन संगठित कर रही है। संगीत मंडली द्वारा क्रांतिकारी गीतों की प्रस्तुति दी गई।कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव सोनी सेन गुप्ता ने किया। कार्यक्रम को विभिन्न कॉलेजों के छात्र प्रतिनिधि ने संबोधित किया।

कार्यक्रम में सबिता सोरेन, बबिता सोरेन, सुबोध महाली, प्रेमचंद टूडू, खुदीराम हासदा, राजेश, रीमा, पिंकी, रिंकी, पूर्णिमा सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।






साकची में रैली निकाले एआइडीएसओ के सदस्य छात्र-छात्राएं।

### एआइडीएसओ की मांगें

1. रिक्त पदो पर शिक्षकों की बहाली की जाए।
2. कोल्हान विश्वविद्यालय मे अविलंब जेनरिक पेपर की परीक्षा लिया जाए।
3. छात्रों के लिए निशुल्क बस सेवा उपलब्ध कराया जाए।
4. प्राइवेट स्कूलों में लगातार फीस वृद्धि एवं अन्य खर्चों पर अविलंब रोक लगाया जाए।
5. नशाखोरी पोर्नोग्राफी और शराब दुकान पर पूर्ण पाबंदी लगाया जाए। छात्राओं की सुरक्षा की गारंटी सुनिश्चित करें।
6. पाठ्यक्रमों में नवजागरण काल के महापुरुषों व आजादी आंदोलन के क्रांतिकारियों के जीवन संघर्ष एवं प्रेमचंद व शरतचंद्र के साहित्य को शामिल करना अनिवार्य करें।

## स्पीड न्यूज



### तुलसी भवन में दो दिवसीय देशभक्ति समूह गीत संपन्न

**जमशेदपुर।** प्रत्येक वर्ष की भाँति सिंहभूम जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन / तुलसी भवन द्वारा संस्थान के मुख्य सभागार में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय विद्यालयी छात्र – छात्राओं के लिये देशभक्ति समूह गीत एवं नृत्य प्रतियोगिता के अन्तर्गत समूह गीत प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। गीत प्रतियोगिता में नगर के 29 विद्यालयों से कुल 298 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सभी प्रस्तुतियां उच्च स्तरीय रही। कार्यक्रम का आरंभ अतिथि आरके सिंह एवं सुमिता सिंह के संग संस्थान के न्यासी मुरलीधर केडिया, अध्यक्ष सुभाष चन्द्र मुनका, उपाध्यक्ष रामनन्दन प्रसाद महासचिव प्रसेनजित तिवारी एवं कार्यकारिणी के प्रसन्न वदन मेहता ने की।

### विश्वकर्मा समाज की आम सभा स्थगित

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज की आम सभा स्थगित कर दी गयी है। समाज के महासचिव सुजीत शर्मा ने बताया कि जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज का वार्षिक आमसभा 11 अगस्त 2024 को सिदगोड़ा स्थित बिरसा मुंडा टाउन हॉल में निर्धारित की गई थी। लेकिन जिला प्रशासन ने जिला के कार्यक्रमों के कारण बिरसा मुंडा टाउन हॉल के अग्रिम बुकिंग को स्थगित करने की सुचना जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के पत्रांक संख्या 2014 के आलोक में प्रेषित किया गया है। जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज का आम सभा बिरसा मुंडा टाउन हॉल में ही होना सुनिश्चित किया गया है इसलिए टाउन हॉल की उपलब्धता के अनुसार अगला दिनांक तय किया जायेगा।

### बिरसानगर में डॉ अजय के जन्मदिन पर हेल्थ कैंप

**जमशेदपुर।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शनिवार (10 अगस्त) को पूर्व सांसद सह कांग्रेस का वरीय नेता डॉ अजय कुमार का जन्मदिन उत्साह से मनाया। ड़ॉ अजय कुमार ने कार्यकर्ताओं के साथ केक काटा। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मेरे जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं और लोगों ने जो प्यार व स्नेह दिया है। उससे मै अभिभूत हूं। इसको व्यक्त करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं है। मैं अपने कार्यकर्ताओं और लोगों के सहयोग व उनके बेहतरी के लिए प्रतिबद्ध हूं। जमशेदपुर वासियों का समर्थन और कार्यकर्ताओं के जोश के कारण जमशेदपुर मेरे सीने में हमेशा धड़कता रहता है।

### टांगराईन स्कूल में लगा प्रशिक्षण शिविर

**जमशेदपुर।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय, टांगराईन में टाटा स्टील फाउंडेशन एवम आदिवासी रोमोज अखड़ा के संयुक्त तत्वावधान में पांच दिवसीय भूमिज पारंपरिक वाद्ययंत्र एवं नृत्य संगीत कार्यशाला (6 से 10 अगस्त तक) सफलता पूर्वक संपन्न हुई। जिसमें विद्यालय के छात्र – छात्राएं पांच दिवसीय कार्यशाला में सीखे हुए नृत्य संगीत को प्रस्तुत किया। मौके पर अरविंद तिवारी ने प्रशिक्षकों एवं विद्यालय के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया।

# 27 को होगा भुवनेश्वरी मंदिर के समीप पानी टंकी का शिलान्यास

- मोहरदा पेयजल परियोजना फेज-2 को लेकर अहम बैठक
- **सरयू बोले :** 2054 तक की आबादी को ध्यान में रख कर बनायें योजना
- पेयजल व्यवस्था ठीक करने हेतु पानी की दो टंकियां बनेंगी
- भुवनेश्वरी देवी मंदिर के समीप एक तो दूसरी टंकी बिरसानगर जीएसआर के समीप बनेगी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मोहरदा पेयजल परियोजना फेज-2 के तहत पानी की दो टंकियां बनाई जाएंगी ताकि लोगों को समय से गुणवत्तायुक्त पेयजलापूर्ति हो सके। पानी की एक टंकी भुवनेश्वरी मंदिर के समीप और दूसरी टंकी बिरसानगर स्थित जीएसआर पानी टंकी के समीप बनाई जाएगी। एक नया वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और नया इंटकवेल के निर्माण पर भी चर्चा हुई। जेएनएसी में संपन्न इस बैठक की अध्यक्षता सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति के सभापति और जमशेदपुर पूर्वी के विधायक श्री सरयू राय ने की। पानी टंकी बन जाने से 500 परिवारों के हजारों लोगों को नियमित जल मिलने लगेगा। बैठक में विधायक श्री सरयू राय ने कहा कि पानी टंकियों का शिलान्यास 27 अगस्त को कर दिया जाए, जिसे मान लिया गया। बैठक में यह तय किया गया कि दो पानी की टंकियों के निर्माण के साथ ही जितने अन्य पानी की टंकियां हैं, उन सभी की मरम्मत की जाएगी। इतना ही नहीं, पानी टंकियों के चारों तरफ चहारदीवारियों का भी निर्माण कराया जाएगा। सात किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछायी जाएगी। इन सभी कार्यों पर 8 करोड़ का खर्चा आयेगा। बैठक में बताया गया कि भुवनेश्वरी मंदिर के समीप जो पानी की टंकी बनेगी, उसकी क्षमता 2.4 लाख केएल होगी। दूसरी टंकी, जो बिरसानगर स्थित जीएसआर पानी टंकी के समीप बनाई जाएगी, उसकी क्षमता 1.2 लाख केएल होगी। उन्होंने कहा कि जुस्को और जेएनएसी संयुक्त रुप से जल जागरुकता अभियान चलाना चाहिए ताकि लोग जागरुक हो सकें। उन्होंने बताया कि बैठक में बिरसानगर जोन नंबर 8 के मोची बस्ती, सुगना कालोनी, जोन नंबर 3, लालटांड़, बागुनहातु, बारीडीह, बागुननगर, मोहरदा, बिरसानगर दासपाड़ा, माछपाड़ा, डुंगरीऊपर आदि क्षेत्रों में पेयजलापूर्ति हेतु पाइपलाइन बिछाने का कार्य अगले 15 दिनों में शुरू हो जायेगा।


जेएनएसी में बैठक करते विधायक सरयू राय।

### नया इंटेक वेल और वाटर ट्रिटमेंट प्लांट बनेगा

श्री राय ने कहा कि मोहरदा फेज टू क्षेत्र का विस्तार हो रहा है। ऐसे में क्षेत्र के विस्तार को देखते हुए नया इंटकबेल और नया वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कराना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि हमें 2054 तक की आबादी को ध्यान में रखते हुए योजना बनाने की आवश्यकता है। बैठक में उपस्थित अधिकारीगण : बैठक में उप नगर आयुक्त कृष्ण कुमार, जुस्को के महाप्रबंधक आरके सिंह, जुस्को के वाटर डिवीजन के चीफ संजीव झा, कंसल्टेंट कंपनी बेस्कोप के प्रतिनिधि, विधायक सरयू राय के निजी सचिव सुधीर सिंह के अलावा जेएनएसी और जुस्को के अफसर मौजूद रहे। 31 अगस्त अथवा एक सितंबर को जमशेदपुर में निवास करने वाले सभी राज्यों के प्रतिनिधियों की बैठक होगी।

## एक नजर में

### ननिहाल में मना सीएम हेमंत सोरेन का जन्मदिन



**चांडिल।** शनिवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का चांडिल स्थित ननिहाल में केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान उनके मामा गुरुचरण किस्कू, झामुमो केंद्रीय सदस्य पप्पु वर्मा ने उनकी तस्वीर पर सीएम को केक खिलाकर उनके लंबे उम्र की कामना की। जन्मदिन पर छोटे-छोटे बच्चों के बीच पठन-पाठन सामग्री तथा चाकलेट का वितरण किया गया। पप्पू वर्मा ने कहा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने महिलाओं को सम्मान देने का काम किया है। उन्होंने कहा मंईयां सम्मान योजना से राज्य के महिलाएं को उचित सम्मान देने का काम किया गया है। इस योजना से झारखंड सरकार की महिलाओं के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है। इस मौके पर कृष्णा महतो, हरिदास महतो, राहुल वर्मा, धर्मु गोप, सुधिर किस्कू, वैधनाथ टुडु, सुदामा हेंब्रम सहित कई लोग उपस्थित थे।

### हर भाजपाई अपने घर पर तिरंगा फहराये : काली



**जमशेदपुर।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा पूरे देश में चलाए जा रहे 'हर घर तिरंगा अभियान' कार्यक्रम के निमित भाजपा मानगो मंडल के नव नियुक्त अध्यक्ष विनोद राय के अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक भाजपा मानगो मंडल कार्यालय में सुबह 10 बजे आहूत की गई है, जिसमें आज मुख्य रूप से भाजपा जिला कोषाअध्यक्ष सह मानगो मंडल के तिरंगा अभियान के प्रभारी काली शर्मा उपस्थित हुए। कृष्णा शर्मा काली ने अपने उद्बोधन में कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर हम सभी कार्यकर्ताओं को हर घर में तिरंगा लगाने की जिम्मेवारी लेनी होगी और और संगठन द्वारा दिए गए कार्यों को पूरी तरह से निभाने की बात कही। साथ ही कार्यक्रम में अन्य वक्ता के रूप में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह वरिष्ठ नेता मनोज सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन भाजपा नेता धर्मेंद्र कुमार ने किए एवं धन्यवाद ज्ञापन घनश्याम साव ने किया। कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉक्टर जटाशंकर पांडे, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह, जिला कोषाध्यक्ष काली शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता दशरथ चौबे, अशोक सिंह चौहान, नित्यानंद सिन्हा, नीलकमल शेखर, प्रो यू पी सिंह, राजीव सिंह, गंगा साहू, भाजपा मानगो मंडल अध्यक्ष विनोद राय, धर्मेंद्र कुमार व कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### उलीडीह में घर-घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर बैठक



**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में चलाये जा रहे 'हर घर तिरंगा अभियान' कार्यक्रम के नियमित आज शनिवार भाजपा उलीडीह मंडल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रविंद्र सिंह सिसोदिया की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक की गई, पुष्पांजलि अपार्टमेंट डिमना स्थित भाजपा उलीडीह मंडल प्रधान कार्यालय में संपन्न हुई जिसमें मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य मनोज कुमार सिंह उपस्थित हुए और घर-घर तिरंगा यात्रा की विस्तृत जानकारी दी और और यह भी बताया कि हम सब कार्यकताओं को किस तरह से इस योजना को घर-घर तक पहुंचना है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उलीडीह कार्यक्रम प्रभारी रेनू शर्मा, डॉक्टर संतोष गुप्ता, रेनू सिन्हा, संध्या नंदी, राजू प्रजापति, गौतम मुखर्जी, राजीव सिंह, मृत्युंजय नारायण शंभू, अनिमेष सिन्हा, राजेश गुप्ता, रवि खत्री, स्वपन चौधरी आदि उपस्थित थे।

### भाजपा बारीडीह मंडल की बैठक संपन्न



**जमशेदपुर।** देशभर में चलाये जा रहे हर घर तिरंगा कार्यक्रम के निमित्त आज भाजपा बारीडीह मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष जीवन लाल की अध्यक्षता में एक बैठक हुआ। जिसमे मंडल के प्रभारी बबुआ सिंह ने प्रदेश से निर्देशित आगामी कार्यक्रम के विषय में विस्तार से बताया गया एवं सभी मंच मोर्चा के पदाधिकारियों सम्बोधित किया गया जिला आईटी सेल के संयोजक विनोद सिंह जी ने भी सभी कार्यक्रम को सरल एप एवं नमो एप के द्वारा अपलोड करने हेतु अपील किया। कार्यक्रम का संचालन युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष कंचन दत्ता ने किया धन्यवाद ज्ञापन मंडल मीडिया प्रभारी प्रमोद मिश्रा ने किया। इस बैठक में सभी बूथों के अध्यक्ष भवन के प्रभारी, सह प्रभारियों ने उपास्थित होकर बैठक सफल बनाया।

### रजक महिला समिति ने मनाया सावन महोत्सव



**जमशेदपुर।** कार्यक्रम की अध्यक्षता ललिता देवी और एकता देवी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नम्रता रजक, खुशबू, नेहा, मीना देवी एवं रजक महिला समिति की महिलाओं ने भाग लिया।

### जुस्को स्कूल कदमा में वार्षिक समारोह संपन्न



**जमशेदपुर।** जुस्को स्कूल कदमा में शनिवार को वार्षिक समारोह किया गया। इसके मुख्य अतिथि डॉ विनीता सिंह (जेनरल मैनेजर, टीएमएच) थीं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। बच्चों ने तरह-तरह के कार्यक्रम संगीत, नृत्य, नाटक आदि से अतिथियों एवं अभिभावकों का मनमोहा। विद्यालय की प्राचार्या झुमझुमीनंदी ने विद्यालय की उपलब्धियों की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। साथी बच्चों को अलग-अलग श्रेणियां जैसे ऑलराउंडर, स्टार अचीवर, जेनरल प्रोफिशिएंसी, शत प्रतिशत उपस्थिति, मोस्ट हेल्पफुल चाइल्ड,बेस्ट इनडोर आउटडोर आदि वर्गों के लिए पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## सांसद से मिले बीएड के छात्र, कहा केवल एक मेथड की हो रही पढ़ाई

खबर मन्त्र ब्यूरो

**चक्रधरपुर।** कोल्हान विश्वविद्यालय में बीएड और स्नातक के छात्रों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बीएड कार्यक्रम के तहत केवल एक ही मेथड पेपर की पढ़ाई करवाई जा रही है, जबकि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) के मानकों के अनुसार दो मेथड पेपर की पढ़ाई अनिवार्य है। जैसा की राज्य भर के अन्य विश्वविद्यालय में करवायी जाती है। इसे लेकर शनिवार को बीएड के छात्र-छात्रा काफी संख्या में सांसद जोबा माझी के पंप रोड स्थित आवास पहुंचे। यहां सांसद ने छात्रों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और कुलपति से वार्ता कर समाधान का आश्वासन दिया। छात्रों ने सांसद को बताया कि केवल कोल्हान विश्वविद्यालय को छोड़ सभी विश्वविद्यालय में दो मेथड की पढ़ाई हो रही है। छात्रों ने बताया कि स्नातक कार्यक्रम में भी विश्वविद्यालय की गलती के कारण छात्रों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। जिसकी शिकायत छात्र विवि से गत 6 महीनों से करते आ रहे है, परंतु आज तक इस मामले में कोई सुनवाई नहीं हुई है। इस मुद्दे को लेकर विश्वविद्यालय के छात्रों ने प्रभारी कुलसचिव से भी मुलाकात की थी।

## सोना देवी विवि का नया सत्र शुरू, परिचय सत्र संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो




**जमशेदपुर।** सोना देवी विश्वविद्यालय, घाटशिला द्वारा गत 8 अगस्त को इंडक्शन कम ओरिएंटेशन प्रोग्राम 2024 का आयोजन किया गया। जमशेदपुर के माइकल जॉन ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में शैक्षिक सत्र 2024 -25 के नए छात्र - छात्राओं का स्वागत कर उन्हें अपने लिए निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आदित्यपुर प्रक्षेत्र जियाडा के क्षेत्रीय निदेशक श्री प्रेमरंजन शामिल हुए। उन्होंने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि एस डी यू बेहतर शिक्षा का एक सुनहरा माहौल उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहा है। घाटशिला क्षेत्र के लोगों में शिक्षा के प्रति जागरूकता रही है। आज व्यावसाहिकता भरे माहौल में इस क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगाना सराहनीय कार्य है। उन्होंने छात्रों से कहा कि अपने लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए आगे बढ़े और समाज हित में भी काम करें। छात्र अपनी शक्ति का इस्तेमाल असहाय की सहायता करने के लिए करें। दूसरे के विचारों का सम्मान भी करें । युवा खुले दिमाग से काम करेंगे तभी आपका भविष्य बेहतर होगा ।

सोना देवी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री प्रभाकर सिंह ने विश्वविद्यालय के शैक्षिक गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सोना देवी विश्वविद्यालय को आगे बढ़ाने में कई लोगों का सहयोग रहा है।

## पेड़-पौधों से ही जीवन है आबाद, इसकी देखभाल बच्चों की तरह करें : जोबा माझी

- सोनुवा के हाड़ीमारा गांव में मना 75वां वन महोत्सव
- सांसद ने पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों से आगे आने की अपील की

खबर मन्त्र ब्यूरो


संबोधित करतीं सांसद जोबा।

**सोनुवा /जमशेदपुर।** सांसद जोबा माझी ने कहा पेड़-पौधों से ही मानव का जीवन आबाद है। यदि पृथ्वी पर पेड़-पौधे नहीं रहेंगे तो यह पृथ्वी वीरान हो जायेगी। हमें पेड़ पौधे लगाकर बच्चों की तरह इसको पालना चाहिए। सांसद शनिवार को सोनुवा प्रखंड के हाड़ीमारा गांव में सामाजिक वानिकी प्रमंडल चाईबासा के तत्वावधान में 75वां वन महोत्सव कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा पेड़ हमें वायु देते है, लेकिन पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से मनुष्यों को शुद्ध हवा तक नहीं मिल रही है। ऐसे में वह अनेक रोगों का शिकार हो रहा है, घटते वन क्षेत्र के कारण हमारा पर्यावरण संतुलन भी डगमगाने लगा है। जिसका कालांतर में कुप्रभाव पड़ेगा। जो संपूर्ण मानव जाति के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने लोगों से पर्यावरण की रक्षा के लिए अपने आसपास पौधरोपण कर उसकी देखभाल की अपील की।

## विजया गार्डेन चित्रांश परिवार की महिलाओं ने मनाया सावन महोत्सव

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** विजया गार्डेन चित्रांश परिवार की सैकड़ों महिलाओं ने क्लब हाउस में सावन महोत्सव समारोह मनाया। इस अवसर पर सभी महिलाओं को सावन स्मारिका दी गई। साथ ही मनोरंजन और मस्ती के लिए थीम आधारित गीत-संगीत कार्यक्रम भी हुआ। इसमें मुख्य रूप से ममता धार, प्रियंका वर्मा, आभा शरण, रंजू वर्मा, अनिता वर्मा, प्रिया श्रीवास्तव, नीतू श्रीवास्तव, रिचा सिन्हा, रचना श्रीवास्तव, सुनयना वर्मा व अन्य महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर सोलह श्रृंगार एवं हरे रंग की साड़ी व लहंगा में लगभग सभी महिलायें उपस्थित थीं।

## मां भुवनेश्वरी मंदिर इलाके में विधायक सरयू बनवायेंगे लघु भारत स्मारक

- टाटा मोटर्स के अफसरों के साथ किया स्थल निरीक्षण

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने शनिवार को लघु भारत का सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, धार्मिक और पौराणिक स्मारक खड़ा करने के लिए उपयुक्त स्थल की तलाश में टाटा मोटर्स के अधिकारियों के साथ भ्रमण किया। ज्ञात हो कि श्री राय ने टाटा मोटर्स प्रबंधन के अफसरों के समक्ष प्रस्ताव रखा था कि जमशेदपुर में इस तरह का स्मारक खड़ा करने के लिए उपयुक्त स्थल का आवंटन किया जाए। विधायक के प्रस्ताव पर टाटा मोटर्स प्रबंधन ने सहमति प्रदान की और शनिवार को उपयुक्त स्थल के लिए निरीक्षण किया गया।

विधायक श्री राय ने बताया कि जमशेदपुर को देश भर में लघु भारत की ख्याति प्राप्त है। यहां पर भारत के सभी प्रांतों के निवासी कम या अधिक संख्या में निवास करते हैं। अपने-अपने राज्यों की सांस्कृतिक, धार्मिक और पौराणिक परंपराओं को जीवित रखते हैं। जमशेदपुर की विशेषता है कि साल भर किसी न किसी प्रांतीय अथवा भाषायी समूहों का कोई न कोई आयोजन यहां चलते ही रहता है।

उन्होंने बताया कि पूरे भारत की सामाजिक संस्कृति के प्रतीक के रूप में एक स्मारक खड़ा करने की परिकल्पना मन में आई। इसके लिए उन्होंने टाटा मोटर्स से वार्ता किया। परिणामस्वरुप शनिवार को निरीक्षण किया गया और मां भुवनेश्वरी और बेली व्यू स्कूल की लंबी पट्टी को प्रथम दृष्टया उपयुक्त पाया गया। यहां लघु भारत की सांस्कृतिक परंपराओं की एक जीवंत स्मारक स्थल बनाने की योजना है जो शत प्रतिशत पर्यावरण के अनुकूल होगा।

ऐसा कोई भी ढांचा ऐसा खड़ा नहीं होगा, जिसका प्रतिकूल असर पर्यावरण पर पड़े। श्री राय ने बताया कि स्थल निरीक्षण के दौरान हुई गंभीर वार्ता में एक बात उभर कर सामने आई कि देश के सभी राज्यों को इस स्थल पर अपने-अपने राज्य की विशेषताओं को स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया जायेगा। भारत सरकार और राज्य सरकार के पर्यावरण मंत्रालय तथा साहित्यकारों और कलाकारों के विशेष ज्ञान का भी उपयोग लघु भारत स्मारक स्थल पर किया जायेगा।


स्थल निरीक्षण करते विधायक सरयू राय और टाटा मोटर्स के पदाधिकारी।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## 30 श्रद्धालुओं का जत्था बाबाधाम रवाना


बाबाधाम जाते भक्त।

**चंदवा।** नवयुवक कांवरिया संघ महावीर मंडल कंचन नगरी और हरैया से शनिवार को 29 श्रद्धालुओं का जत्था बाबाधाम की धार्मिक यात्रा पर रवाना हुए। यात्रा पर रवानगी से पूर्व श्रद्धालुओं ने गुलायची बाबा मंदिर, श्री राम मंदिर हरैया मोड़ व मां उग्रतारा नगर भगवती मंदिर में मत्था टेक कर यात्रा की शुरूआत की। श्रद्धालुओं ने बताया कि यात्रा के पहले पड़ाव में हम सभी सुलतानगंज से जल उठाने के बाद पदयात्रा करते हुए बाबा नगरी देवघर बाबाधाम पहुंचेंगे जहां भगवान शिव को जलाभिषेक करेंगे। श्रद्धालुओं के जत्थे में कांवरिया संघ हरैया मोड़ के सत्येंद्र कुमार, अंशु कुमार, आनंद कुमार, विकाश गुप्ता, राहुल कुमार, भोलू कुमार, छोटू कुमार वहीं नवयुवक कांवरिया संघ महावीर मंडल कंचन नगरी चंदवा के सुनील कुमार, सरोज साह, संतोष साह, धीरज साह, संजय साह, शशि कुमार, विकास कुमार, प्रदीप साह, रागिनी देवी, प्रभा देवी, अर्पणा देवी, संतोषी देवी, ममता देवी, अंजली कुमारी, बरखा कुमारी, पिंकी कुमारी समेत 23 सदस्य शामिल हैं।

## गेरुवागढ़ा का ट्रांसफार्मर खराब


खराब ट्रांसफार्मर दिखाते ग्रामीण ।

**चंदवा।** प्रखंड के चंदवा पश्चिमी पंचायत अंतर्गत गेरुवागढ़ा अंबेडकर नगर मुहल्ले का ट्रांसफार्मर खराब होने से विद्युतापूर्ति बाधित है, जिससे उपभोक्ता परेशान है। शनिवार को भाजयुमो मंडल अध्यक्ष विनय वर्मा उर्फ रिकी ने टोले का जायजा लिया, जहां ग्रामीणों ने कहा कि ट्रांसफार्मर खराब होने से बरसात के मौसम में बिजली नहीं रहने से काफी परेशानी होती है। साँप बिच्छू का खतरा बना रहता है। बच्चों की पढ़ाई भी बाधित हो रही हैं, वहीं विद्यालय में भी पठन पाठन बाधित हो रही है। ग्रामीणों से मुलाकात कर भाजयुमो नेता ने तत्काल संज्ञान लेते हुए बिजली विभाग से यथा शीघ्र समस्या के समाधान की बात की जिस पर विभाग ने कहा कि जल्द ही ट्रांसफार्मर को दुरुस्त किया जायेगा। मौके पर कई ग्रामीण व मौजूद थे।

## सर्पदंश से युवती हुई अचेत

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के साल्वे ग्राम में सर्पदंश से एक युवती अचेत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रियंका कुमारी 20 वर्ष पिता रमेश उरांव ग्राम साल्वे थाना बारियातु निवासी अपने खेत में काम कर रही थी। इसी दौरान एक सांप ने उसे काट लिया। जिससे वह अचेत हो गयी। घटना के बाद परिजनों के द्वारा युवती को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर प्रकाश बड़ाईक के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

## फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत शिविर का हुआ आयोजन


शिविर में उपस्थित पदाधिकारी।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को फलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन बालूमाथ बीडीओ सोमा उरांव ने फीता काटकर किया। इस दौरान मौके पर उपस्थित लोगों के बीच फाइलेरिया की दवा का वितरण किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए डॉ. अमरनाथ प्रसाद ने कहा फलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 10 अगस्त से लेकर 25 अगस्त तक यह अभियान चलाया जाएगा। जिसमें घर-घर जाकर आंगनबाड़ी सेविका और सहिया दीदी लोगों को दवा खिलाने का काम करेगी। टीम द्वारा अल्बाडोंजल की निर्धारित खुराक खिलाई जाएगी। वहीं 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को दवा नहीं खिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि क्यूलैक्स मादा मच्छर के काटने से फलेरिया रोग फैलता है। मौके पर चिकित्सा कर्मी मृत्युंजय कुमार, मो. गुलाम, अनिल कुमार, मो.मजहर, पंकज कुमार, पिरामल कुमार, अमित कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

### फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत आईडीए व एमडीएम कार्यक्रम का उद्घाटन

# चंदवा में 25 अगस्त तक चलेगा विशेष कार्यक्रम

➲ फाइलेरिया उन्नमूलन कार्यक्रम की सफलता में सबकी भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर

खबर मन्त्र संवददाता

**चंदवा।** फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर 10 से 25 अगस्त तक चलने वाली मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) व आईडीए कार्यक्रम की शुरूआत शनिवार को हुई। इस मौके पर चंदवा सीएचसी परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि मुखिया संगीता लकड़ा, उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा, प्रभारी सीएचसी प्रभारी डॉ. नीलिमा कुमारी समेत अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। उद्घाटन के उपरांत फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर 10 से 25 अगस्त तक चलने वाले एमडीए व आईडीए कार्यक्रम की सफलता में जन भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर अधिकारी, पदाधिकारी, डॉक्टर, स्वास्थ्य कर्मी एवं प्रबुद्धजनों को मिलकर लोगो को जागरूक करने पर जोर दिया गया। मौके पर सीएचसी प्रभारी डॉ. नीलिमा कुमारी, डॉ. तरुण जोश लकड़ा, एमटीएस कृष्णकांत व अन्य अतिथियों ने कहा कि फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है, जिसकी पहचना होने में 5-10 वर्ष तक का लंबा समय


उद्घाटन करते पदाधिकारी।

लगता है, और जब इस बीमारी का पता लगता है तब तक काफी देर चुप हो चुकी होती है। इसलिए इसे शुरूआत में ही रोकना बेहद जरूरी है, जिसको लेकर पूरे देश में आईडीए व एमडीए कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान सीएचसी के डॉक्टरों ने दवा कैसे लेना है, किन्हें लेना है व दवा के फायदे के बारे में बताया। कहा कि डब्ल्यूएचओ के आंकड़े के अनुसार विश्व की दूसरी सबसे बड़ी बीमारी फाइलेरिया है। फाइलेरिया की बीमारी लोगों को बड़ी तेजी के साथ विकलांगता की ओर ले जाती है। यह बीमारी मच्छर के काटने से होता है। इस रोग से बचाव के लिए फाइलेरिया रोधी दवा निःशुल्क दी जा रही है। दवा के सेवन के बाद रोग का खतरा बेहद कम हो जाता है। डॉक्टर ने आगे बताया की दवा का सेवन उम्र नहीं बल्कि ऊंचाई के अनुपात में करना है। जिनकी लंबाई 90 सेंटीमीटर व 2 वर्ष से ऊपर होनी जरूरी है। गर्भवती माताओं, गंभीर रोग से पीड़ित लोगो एवं 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को दवा नहीं देनी है। चंदवा प्रखंड में एक लाख ग्यारह हजार सत्तासी (111087) लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य है, जिसको लेकर प्रखंड के 148 आंगनबाड़ी केदो को बूथ बनाया गया है, साथी रविवार से पूरे प्रखण्ड में स्वास्थ्य सहिया व सेविका-सहायिका की टीम गांव में घूमघूम कर 20-20 लोगो को दवा खिलाएगी। कार्यक्रम के अंत मे अधिकारी, पदाधिकारी, स्वास्थ्य कर्मी, जनप्रतिनिधियों, मीडिया प्रतिनिधियों व प्रबुद्ध जनों ने आईडीए व एमडीए की दवा का सेवन किया। कार्यक्रम का संचालक स्वास्थ्य कर्मी रमेश राम ने किया। मौके पर जेएसएलपीएस के सुरेंद्र कुमार, बीपीएम अमित कुमार, देवाशीष पंडा, रवि मिश्रा, प्रवीण कुमार भोला, विनीता कुमारी, सुमित कुमार, मो. हसीब, बीरबल भगत, जोशीला लकड़ा, कमला चरमाको समेत काफी संख्या में अन्य लोग मौजूद थे।

# संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी



### जीवन के लिए शिक्षा महत्वपूर्ण है: राजा दिलावर

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थाना प्रभारी राजा दिलावर ने संबोधित करते हुए कहा कि छात्र छात्रों को चरित्र निर्माण पर जोर देना चाहिए। संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी ने रामचरितमानस में भगवान राम के चरित्र का उल्लेख किया है। शिक्षा के साथ-साथ संस्कार पर भी ध्यान देना चाहिए। जीवन के लिए शिक्षा महत्वपूर्ण है। मंच संचालन लक्ष्मी दीदी जी एवं धन्यवाद ज्ञापन वीणा दीदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्य शशि कुमार सिंह, लक्ष्मण राम, नीतीश कुमार ठाकुर, खुशबू कुमारी मधुबाला कुमारी, सोनाली कुमारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम की समापन भगवान श्री राम, लक्ष्मण एवं संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी चित्र के समक्ष आरती करके किया गया।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर मे संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी की जन्म जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि थाना प्रभारी बारियातू राजा दिलावर, विशिष्ट अतिथि बारियातू थाना के एसआई सुरेश सिंह, विद्यालय समिति उपाध्यक्ष राजीव कुमार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लातेहार जिला के सह जिला कार्यवाह सत्येंद्र प्रसाद, प्रधानाचार्य जितेन्द्र रामल्ली संयुक्त रूप से मां सरस्वती, ओउम, भारत माता एवं संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ किया गया। कक्षा पंचम के छात्रों नें उपस्थित अतिथियों का स्वागत गीत गाकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि थाना प्रभारी को विद्यालय समिति के उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने तुलसी का पौधा एवं विद्या भारती का साहित्य देकर सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि थाना बारियातू के एसआई सुरेश सिंह को सह जिला कार्यवाह सत्येंद्र प्रसाद ने तुलसी पौधा एवं विद्या भारती का साहित्य देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के पूर्व विद्या भारती योजना के अनुसार कक्षा द्वितीय से तृतीय तक सुलेख प्रतियोगिता कक्षा चतुर्थ से पंचम तक चित्रकला प्रतियोगिता कक्षा षष्ठ से अष्टम तक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी को लेकर बैठक, समय-सारणी तय


बैठक करते अधिकारी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में शनिवार को झंडोतोलन समय सारणी निर्धारित करने को लेकर प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी की अध्यक्षता मे प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी नंद कुमार राम की देख रेख मे सभी राजनीतीक दल तथा प्रखंड व पंचायत प्रतिनिधियों के अलावा कई गणमान्य व कई विभाग के कर्मियों के साथ बैठक की गई। बैठक मे हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आन बान शान के साथ झंडोतोलन करने का निर्णय लिया गया। इसके पश्चात समय सारणी पर चर्चा किया गया. चर्चा के पश्चात सर्वसम्मति से प्रखंड सह अंचल कार्यलय परिसर में 8:30, पशुपालन विभाग 8:40, जेएमएम कार्यालय 8:45, मेमर्स प्रिंस भारत गैस 8:50, राजकीय मध्य विद्यालय बारियातू 8:55, झारखंड राज्य आवासीय विद्यालय व जामिया इस्लामिया इटके में 9:00, बीआरसी कार्यालय 9:05, स्वास्थ्य उपकेंद्र बारियातू 9:10, राजद कार्यालय 9:15, सभी पंचायत सचिवालय मे 9:20, बीजेपी कार्यालय 9:25, आजसू कार्यालय 9:30, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बारियातू मे सभी प्रावेट विद्यालय के समय मे झंडा तोलन करेंगे। सांसद प्रतिनिधि कार्यालय 9:40, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक 9:45, कांग्रेस पार्टी कार्यालय 9:50, लैम्पस कार्यालय 9:55, परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय 10:00, सभी प्राईवेट विद्यालय 10:05, बारियातू थाना परिसर में 10:30 बजे समय निर्धारित की गई है। मौके पर बीससूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझु, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रीगन कुमार पशु चिकित्सा प्रभारी सुशीला बागे,एएसआई नीरज दुबे,प्रिंस भारत गैस संचालक मुंसी साव सहित कई गन्य मान्य लोग मौजूद थे।

## सोलर जल मीनार टंकी का बोरिंग धसने से ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है पेयजल आपूर्ति सेवा का लाभ


खराब पड़े सोलर जल मीनार टंकी को दिखाते ग्रामीण।

**सरयू।** नवनिर्मित सरयू प्रखंड के चोरहा पंचायत अंतर्गत ग्राम पुरानी डबरी गांव के दूध मटिया टोला में 20 से 22 घरों के बीच 4 माह पहले जल जीवन मिशन योजना के तहत सोलर जल मीनार टंकी लगाया गया है। ज्ञात हो कि सोलर जल मीनार टंकी का बोरिंग धस जाने से 20 से 22 घरों में पेयजल आपूर्ति सेवा का बहाल नहीं किया गया है। जिससे ग्रामीण आक्रोशित हैं। वहीं खराब पड़े सोलर जल मीनार टंकी को ग्रामीणों ने मोबाइल फोन चार्ज करने का फायदा उठा रहे हैं। आक्रोशित ग्रामीण, तेतर लोहरा, विजय लोहरा, मिथुन लोहरा, अजय लोहरा, मोहर मनियां देवी, अंजिता देवी, सुगंती देवी, देव कुमारी देवी, संजोगीता देवी, समेत आदि लोगों ने बताया कि पुरानी डबरी के दूध मटिया टोला में 4 महिना पहले लगाया गया। सोलर जल मीनार टंकी का बोरिंग धस जाने से हमलोगों को जल जीवन मिशन योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। हमलोग इधर-उधर से पीने का पानी लाकर अपना प्यास बुझाते है। जिससे हम लोगों को काफी परेशानी होती है। वहीं दूध मटिया टोला के ग्रामीणों ने जिले के पीएचडी विभाग के अधिकारीयों से पेयजल आपूर्ति सेवा बहाल कराने को लेकर मदद की गुहार लगाई है।

## एक नजर में

### अभाविप ने चलाया सदस्यता अभियान


छात्रों को जानकारी देते रमेश उरांव।

**लातेहार।** शनिवार को रिचुघुता के राजकीय उच्च विद्यालय में सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसमें 100 छात्रों ने सदस्यता ग्रहण प्राप्त किया। छात्रों ने सदस्यता ग्रहण के समय कहा कि विद्यार्थी परिषद आज हम सभी के विद्यालय में आकर किस तरह से विद्यार्थी परिषद समाज के लिए और छात्रों के लिए काम करती है वह जानने को मिला। उसके पश्चात हम सभी ने अभाविप से प्रेरित होकर सदस्यता ग्रहण लिया। सदस्यता अभियान में मुख्य रूप से राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रामेश उरांव उपस्थित रहे। वहीं रामेश ने कहा कि देश को मजबूत करने के लिए एक राष्ट्रवादी विचारधारा को लेकर काम करना, हम सभी छात्रों को कल का भविष्य न बनाकर आज का भविष्य बनाने का विद्यार्थी परिषद के माध्यम से कर रहे हैं।

### जेबीकेएसएस नेता ने किया हुटाप पंचायत का दौरा


जानकारी देते ग्रामीण।

**चंदवा।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) ने आगामी विधानसभा चुनाव के निमित्त अपनी तैयारी को तेज कर दिया है। जेबीकेएसएस नेता ललसु भुइयां ने शुक्रवार को चंदवा प्रखंड के हुटाप पंचायत अंतर्गत खुटकट्टी गांव का दौरा किया। दौरे के क्रम में ग्रामीणों से मिलकर गांव की समस्याओं को सुना, जहां ग्रामीणों ने बताया कि गांव में सड़क की स्थिति काफी दयनीय है। ट्रांसफार्मर भी जला हुआ है। जिसे देखने वाला कोई नही है। गांव में ट्रांसफार्मर जले 3 साल हो गया है लेकिन अब तक नया ट्रांसफार्मर नही लगा है। समस्या सुनने के बाद ललसु भुइयां ने कहा कि राज्य स्थापना के लगभग 24 वर्ष पूर्ण होने को आए हैं, लेकिन लातेहार विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कई गांव ऐसे भी है जहां अभी भी विकास के किरण नहीं पहुंची है। ग्रामीण बिजली व सड़क जैसी मूलभूत सुविधा से भी महरूम है। ग्रामीणों की समस्या को लेकर वे जल्द ही विभागीय अधिकारियों से मुलाकात करेंगे व समस्या का समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा। दौरे के क्रम में दर्जनों की संख्या में ग्रामीण व पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे।

### डेढ़टंगवा घाटी में टाटा सूमो वाहन को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित ट्रक पलटी

**चंदवा।** चंदवा-चांपी-लोहरदगा पथ अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र के दुर्घटना संभावित क्षेत्र डेढ़ टंगवा घाटी में शनिवार शाम सामने से आ रही एक सूमो वाहन को बचाने के प्रयास में चावल लोड ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत मे पलट गई। हालांकि दुर्घटना में चालक व उपचालक की जान बाल बाल बच गई जबकि ट्रक में लोड चावल की बोरी बिखर गई। जानकारी के अनुसार ट्रक संबलपुर उड़ीसा से चावल लेकर सासाराम बिहार जा रही थी।

### बाईक के चपेट में आने से पिता पुत्री हुए घायल

इधर शनिवार की सुबह भी एक बाइक की चपेट में आने से हुई दुर्घटना में स्कूली आशिका कुमारी व अरविंद उरांव दोनो (पिता-पुत्री)घायल हो गए। अरविंद और अपनी पुत्री को खीस्त राजा विद्यालय छोड़ने आ रहे थे, इसी दौरान मिशन स्कूल तीखे मोड़ के समीप अचानक बाइक से आ जाने से बाइक सवार दोनो चपेट में आ गए। घटना के बाद दोनो को स्थानीय लोगो के द्वारा सीएचसी पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को छुट्टी दे दी गयी।

### धूमधाम से मनाई गई गोस्वामी तुलसीदास की जयंती


गोस्वामी तुलसीदास के बारे में जानकारी देते बच्चे।

**लातेहार।** जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य ओमकार नाथ सहाय व मधु कुमारी ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती एवं गोस्वामी तुलसीदास के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया। रामचरित मानस की रचना करने वाले संत शिरोमणि तुलसीदास जी की जयंती को लेकर स्कूल में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य ओंकारनाथ सहाय ने सभी छात्र-छात्राओं को विद्यालय के प्रत्येक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। तुलसी जी का जीवन परिचय देते हुए उनके विषय में छात्र-छात्राओं को अभूतपूर्व जानकारियां प्रदान की। उनके जीवन से संबंधित प्रेरक प्रसंग, रचनाएं भी सुनाई। मौके पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं के लिए सुलेख, चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सभी वर्गों में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को विद्या विकास समिति, झारखंड द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी आचार्य-दीदी का सराहनीय योगदान रहा।

### एसडीपीओ व थाना प्रभारी ने होटल व लॉज का किया औचक निरीक्षण, दिए कई निर्देश

**बरवाडीह।** पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के निर्देश पर गुरुवार की देर शाम बरवाडीह और बेतला के सभी होटल व लॉजों का अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वेंकटेश कुमार और थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने अपनी पुलिस टीम के साथ जांच की। गहन जांच के दौरान बाहर से आकर होटलों में ठहरने वालों में हड़कंप मचा रहा। एसडीपीओ के नेतृत्व में पुलिस की टीम शाम में जांच के लिए निकली थी और देर रात एक बजे तक एक-एक कर होटलों व लॉजों की जांच चलती रही। हालांकि, जांच के क्रम में कहीं कोई गड़बड़ी पाए जाने की बात नहीं बतायी गयी। जांच को लेकर जानकारी देते हुए एसडीपीओ वेंकटेश कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देश पर विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस- पदाधिकारी प्रतिबद्ध हैं। खासकर बरवाडीह के होटलों व लॉजों में ठहरने वाले लोगों की जांच-पड़ताल की जा रही है। होटल रजिस्टर सहित अन्य आवश्यक कागजातों की भी जांच की जा रही है। बताया कि होटल और लॉज का निरीक्षण करते हुए होटल के रजिस्टर से वहां रुके हुए अतिथियों का मिलान किया।

# फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर आइडीए-एमडीए कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

## मंत्री बैद्यनाथ राम ने कहा अभियान के दौरान आपके घर पर आने वाले स्वास्थ्य कर्मी के सामने ही दवा का सेवन करें

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** जिले में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर आइडीए-एमडीए कार्यक्रम 2024 के तहत शनिवार को सदर अस्पताल में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री बैद्यनाथ राम, उपायुक्त गरिमा सिंह व जनप्रतिनिधियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर मंत्री, उपायुक्त द्वारा फाईलेरिया रोधी दवा का सेवन कर लातेहार जिला को फाईलेरिया मुक्त बनाने की अपील की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री बैद्यनाथ राम ने कहा कि हमें अपने जिले से ही नहीं बल्कि इस देश से भी फाइलेरिया रोग का समूल नाश करने के लिए अभियान के दौरान आपके घर पर आने वाले स्वास्थ्य कर्मी के सामने ही दवा का सेवन करना है। लातेहार जिला अन्तर्गत 796385 जनसंख्या को इस वर्ष फाइलेरिया रोधी दवा खिलाकर आच्छादित किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरिया रोग के बारे में जागरूक करेंगे, साथ ही अपने सामने दवा खिलाएंगे और किसी भी स्थिति में दवा का वितरण नहीं किया जाएगा। यह दवा आपको फाइलेरिया रोग से सुरक्षित रखेगी। इसको खाना है फेंकना नहीं। एक वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती और अति गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को यह दवाएं नहीं खिलाई जाएंगी।

### दवा खिलाने के लिए जिले में कुल 1054 बूथ बनाया गया : गरिमा सिंह

उपायुक्त गरिमा सिंह द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि आज 10 अगस्त से 25 अगस्त 2024 तक लातेहार जिला अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों के द्वारा लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलायी जायगी। कार्यक्रम के पहले दिन 10 अगस्त को स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा बूथ पर लोगों को फाईलेरिया रोधी दवा डी.ई.सी., एलबेंडाजॉल एवं आइभरमेक्टिन की खुराक खिलायी जाएगी। फाईलेरियारोधी दवा खिलाने के लिए जिले में कुल 1054 बूथ बनाया गया है। दिनांक 11 अगस्त से 25 अगस्त तक स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा घर-घर जाकर छूटे हुये व्यक्तियों को फाईलेरिया रोधी दवा की खुराक खिलायी जाएगी। सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि फाईलेरियारोधी दवा का सेवन खाली पेट नहीं करें। 1 वर्ष से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती महिलाएं एवं गंभीर बीमारी से ग्रसित व्यक्ति फाईलेरिया रोधी दवा का सेवन नहीं करें। मौके पर उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह, जिला कुष्ट निवारण पदाधिकारी डॉ शोभना टोप्पो, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, राज्य प्रतिनिधि विनय कुमार, प्रवीण शर्मा, मो. शाहबाज, राज्य सलाहकार, सदर के डॉक्टर्स, कर्मी उपस्थित थे।


कार्यक्रम को संबोधित करते मंत्री बैद्यनाथ राम।

## स्पीड न्यूज

### अज्ञात व्यक्ति ने बनाया उपायुक्त गढ़वा के नाम से फर्जी अकाउंट

**गढ़वा।** किसी अज्ञात व्यक्ति ने उपायुक्त गढ़वा के नाम से फर्जी अकाउंट बनाया गया है। इस संबंध में डीसी शेखर जमुआर ने जिलेवासियों से अपील कर कहा है कि इस तरह से किसी भी फर्जी अकाउंट से कोई भी मैसेज आने पर किसी तरह की प्रतिक्रिया न दें। साथ ही फर्जी अकाउंट को ब्लॉक करें। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन के द्वारा इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### नालंदा में वज्रपात सें किसान की मौत

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के वेन थानाक्षेत्र के लालगंज खंधा में शनिवार की सुबह वज्रपात से एक किसान की मौत हो गयी। मृतक की पहचान लालगंज गांव निवासी 35 वर्षीय किसान राजबल्लम प्रसाद के रूप में की गयी है। घटना की जानकारी देते हुए पास में मवेशी चरा रहे लोंगों ने बताया कि उक्त किसान वारीश से बचने के लिए पेड़ के निकट छिप गये थे। वहीं पर वज्रपात की चपेट में आ जाने से पूरा शरीर झुलस गया और तत्काल ही घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गयी। इस संबंध में मृतक के परिवार नें बताया कि शनिवार कि सुबह खेत में खाद देने के लिए खाद लाने बाजार जा रहे थे कि रास्ते में अचानक यह हादसा हुआ और उनकी मौत हो गयी। घटना की जानकारी वेन थाना पुलिस को दी गयी। घटना की सूचना पर वेन थाना पुलिस घटनास्थल पर जाकर स्थिती की जायजा लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बिहारशरीफ भेज दिया है।

### बिजली का करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत, एक झुलसा

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के तरैया थाना क्षेत्र में शनिवार को 33 किलो वाट विधुत तार की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, तथा उसका छोटा भाई झुलस गया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि पोखरेडा गांव निवासी रंजीत महतो का पुत्र दीपू कुमार ( 17) अपने छोटे भाई प्रिंस कुमार के साथ शौच करने घर के बाहर गया था। इस दौरान विधुत विभाग द्वारा 33 किलो वाट के तार से सट रहे पेड़ के नीचे करंट लगने से झुलस गया।घटना की जानकारी मिलने पर परिजन उसे इलाज के लिए नजदिकी स्वास्थ्य केंद्र में लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने दीपू कुमार को मृत घोषित कर दिया,जबकि प्रिंस कुमार की चिकित्सा सदर अस्पताल छपरा में की जा रही है।

### एसएसबी ने दो नाबालिगों को कराया मुक्त

**सुपौल।** बिहार के सुपौल जिले में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की मानव तस्कर रोधी इकाई ने दो नाबालिगों को मुक्त करा लिया। एसएसबी 45वीं बटालियन के कमांडेंट गौरव सिंह ने शनिवार को यहां बताया कि एसएसबी सीमा की सुरक्षा के साथ साथ सीमा क्षेत्र मे रहने वाले लोगो की सुरक्षा के प्रति भी जिम्मेवार है। इसी क्रम में सीमा चौकी नेओर के क्षेत्र में एसएसबी की मानव तस्कर रोधी इकाई ने 02 नाबालिगों को मुक्त कराया है। उन्होंने बताया कि सीमा स्तम्भ 228/1 के समीप बने चेक पोस्ट पर देखा गया कि कम उम्र की महिला और पुरुष का एक संदिग्ध जोड़ा (शादी के लिबास मे) दो अन्य लोगो के साथ नेपाल की सीमा से भारत प्रभाग की ओर प्रवेश कर रहा है। भारतीय सीमा के अंदर प्रवेश करने के बाद संदेह के आधार पर उन लोगो को चेक पोस्ट पर रोका गया तथा आवश्यक पूछताछ की गई। बाल विवाह अधिनियम के मुताबिक भारत मे शादी के लिए लड़की की आयु 18 वर्ष एवं लड़के की आयु 21 से कम नहीं होनी चाहिए।

### गया में वज्रपात से एक महिला की मौत

**गया।** बिहार में गया जिले के चेरकी थाना क्षेत्र में शुक्रवार को वज्रपात से एक महिला की मौत हो गयी तथा पांच अन्य झुलस गयी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि कुरमावा गांव में बारिश के साथ वज्रपात हुआ। इस घटना में यशोदा देवी ( 45 )की मौत हो गयी तथा प्रेमी देवी, भगिया देवी, पूनम देवी, मुन्नी देवी तथा देवरानी देवी झुलस गयी।

## गढ़वा प्रखंड के विभिन्न गांवों में मंत्री ने किया जनता संवाद

# जनता का सेवा ही जनप्रतिनिधि का असली धर्म व कर्म है : मंत्री मिथिलेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शनिवार को गढ़वा प्रखंड के विभिन्न गांवों में जनता संवाद का आयोजन किया। इस दौरान मंत्री ने तिवारी मरहटिया के केवटाहा टोला आश्रम के समीप, दुबे मरहटिया गांव के पंचायत भवन में, टेनवा टोला स्थित शिव मंदिर के समीप तथा ग्राम टेढ़ी हरैया में मदरसा के समीप आयोजित जनता संवाद में ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हुए। मंत्री ने कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट निदान किया। साथ ही शेष समस्याओं की यथाशीघ्र निदान करने की बात कही।


संबोधित करते मंत्री।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि पूरे गढ़वा में किसी भी क्षेत्र में ग्रामीणों को कोई कोई समस्या न हो इसीलिए वे प्रत्येक गांव, प्रत्येक टोला में घूम घूम कर लोगों से मिल रहे हैं। उनकी समस्याओं को जान कर निदान भी कर रहे हैं। मंत्री ने कहा कि जनता का सेवा ही जनप्रतिनिधि का असली कर्म व धर्म है। जब तक क्षेत्र की जनता खुशहाल नहीं होगी, क्षेत्र में सारी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं होगी तब तक वे चैन से नहीं बैठेंगे। मंत्री ने कहा कि आप सबों के आशीर्वाद से काफी कम समय में पूरे गढ़वा में बेहतर विकास कार्य हुआ है। जिस दिन से गढ़वा की जनता मुझे अपना सेवक चुना है उस दिन से दिन रात एक करके वे पूरे गढ़वा की समस्याओं को दूर करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि जब तक गढ़वा के एक एक गांव की सारी समस्याओं का निदान नहीं हो जाता तब तक वे चैन से बैठने वाले नहीं हैं। मंत्री ने कहा कि पिछली बार आप सबों ने सेवा का मौका दिया उसका परिणाम आज दिख रहा है। आनेवाले विधानसभा चुनाव में बहुरूपियों के चक्कर में नहीं फसें। सोच समझ कर कार्य करने वाले को ही वोट दें।

**मौके पर उपस्थित लोग**

मौके पर मुख्य रूप से झामुमो में जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी, बीडीओ, सीओ, मुखिया पूनम तिवरी, परेश तिवारी, नीरज तिवारी, मनोज तिवारी, प्रभा शंकर दुबे, जितेंद्र राम, छोटू पासवान, अनुज दास, सुनीता देवी, बंधु राम, जितेंद्र चौधरी, रवि तिवारी, मनीष द्विवेदी, देवकांत तिवारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## अग्रवाल परिवार ने 200 जरूरतमंदों के बीच किया भोजन का वितरण



वितरण करते लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** अग्रवाल परिवार गढ़वा के तत्वावधान में शनिवार को शहर के रंका मोड़ स्थित संकट मोचन के समीप 200 जरुरतमंदो के बीच भोजन का वितरण किया गया। मौके पर संतोष अग्रवाल ने कहा अग्रवाल परिवार सदा जरुरतमंदो और दिन हिनों की सेवा करता रहता है। पुरुषोत्तम अग्रवाल ने कहा कि जरुरत मंद लोगों को भोजन करा कर आंनद की अनुभूति होती है। मौके पर चंद्र प्रकाश अग्रवाल, विनय कश्यप, आशुतोष अग्रवाल, मानस अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## ओबीसी एकता अधिकार मंच ने किया जनसंवाद

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के कांडी प्रखंड के अधौरा गांव में ओबीसी एकता अधिकार मंच, झारखंड प्रदेश के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद के नेतृत्व में जनसंवाद कार्यक्रम किया गया। मौके पर ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि झारखंड अलग होने के बाद यहां पिछड़ा एवं ओबीसी आबादी 60 प्रतिशत से अधिक है फिर भी सामाजिक आर्थिक आधार पर ओबीसी को मात्र 14 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था लागू की गई है जो उचित नहीं है। झारखंड में रहने वाले पिछड़े एवं अति पिछड़े वर्ग के द्वारा जातीय जनगणना के आधार पर 52 प्रतिशत आरक्षण की मांग के समर्थन की आवाज उठानी जरूरी है। सरकार को पिछला वर्ग के लोगों को सभी क्षेत्रों में आरक्षण लागू करना होगा, चाहे वह सरकारी संस्था हो या गैर सरकारी संस्था। सत्ताधारी राजनीतिक लोग चुनावी फायदे के लिए गुणवत्ताहीन तरीके से उपयोग कर रहे हैं। हम सबको एकजुट होना होगा और अपने हक अधिकार के लिए लड़ना होगा। मौके पर जगन्नाथ साहू, इसराइल अंसारी, जगदीश साव, गुड्डू चंद्रवंशी, गोरखनाथ चौधरी, पिंटू यादव, अमर प्रसाद, विजय कामदेव, संजीत कुमार गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे।


संबोधित करते केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद।

## अनियमित बिजली आपूर्ति से ग्रामीण परेशान

खबर मन्त्र संवाददाता

**रमना।** क्षेत्र में ग्रिड तो बना इससे नियमित बिजली आपूर्ति झारखण्ड बिजली वितरण निगम को मिल भी रही है लेकिन पॉवर ट्रांसफॉर्मर का अचानक से तेल चु जाने के कारण गुरुवार से ही भागोडीह पॉवर सबस्टेशन से बिजली आपूर्ति बंद है। जिससे इस प्रखंड में पिछले 24 घंटा से बिजली आपूर्ति बाधित है। बिजली उपभोक्ताओं के लिए सरकार 200 यूनिट मुफ्त बिजली दे रही है। जिससे की कम बिजली खपत करने वाले उपभोक्ताओं का लाभ मिल सके। लेकिन बिजली वितरण निगम की घोर लापरवाही से रमना प्रखंड के लोग त्राहि त्राहि कर रहे। गत तीन चार दिन से दिन और रात में बिजली वितरण निगम के द्वारा बिजली आपूर्ति में अनियमितता के कारण गर्मी से लोगो का हाल बेहाल है।


बिजली ठीक करते कर्मी।

बिजली वितरण निगम का ऐसा हाल है कि हलकी बूंदा-बांदी के बाद ही 33 हजार में फॉल्ट हो जा रहा है। इस सम्बन्ध में एसडीओ सुमेश कुमार बताया कि पॉवर ट्रांसफॉर्मर बहुत वाइब्रेट करता है, जिससे तेल लिक होते रहता है और बारिश का मौसम होने की वजह से पता नहीं चला। इसमें तेल डाल दिया गया है जल्द ही विद्युत आपूर्ति बहाल हो जाएगी।

## बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति का उपाध्यक्ष भाजपा और जदयू जिलाध्यक्ष मनोनीत

एजेंसी

**अररिया।** अररिया जिला बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण झा और जदयू के जिलाध्यक्ष आशीष पटेल का मनोनयन किया गया है।साथ ही समिति के सदस्यों का भी मनोनयन हुआ है।इसको लेकर शनिवार को भाजपा नगर इकाई की ओर से प्रदेश इकाई को आभार व्यक्त करते हुए भाजपा के आदित्य नारायण झा और गंगा ऋषिदेव को शॉल ओढ़ाकर और फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। शिवपुरी वार्ड नंबर 9 में कविता देवी के आवास पर अंग वस्त्र के साथ सम्मानित किया गया। बधाई देने वालो में अररिया विधानसभा प्रभारी सह जिला उपाध्यक्ष नवीन यादव नगर अध्यक्ष संजय अकेला, अनिल श्रीवास्तव, संजीव पासवान, पूनम यादव, राजभूवन यादव, सतीश कुमार, बूचनी देवी, महिला मोर्चा के नगर अध्यक्ष रीना जैन, कविता देवी कनकलता झा समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## झंडोतोलन को लेकर बीडीओ ने की बैठक


बैठक करते बीडीओ।

**सगमा।** प्रखण्ड में झंडोतोलन का समय निर्धारित किया गया। इसे लेकर प्रखंड सभागार में बीडीओ सत्यम कुमार की अध्यक्षता में प्रखंड कर्मियों के साथ पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रखंड कार्यालय अंचल कार्यालय व सभी पंचायत सचिवालय में स्वतंत्रता दिवस पंद्रह अगस्त के दिन तिरंगा ध्वज फहराने के लिए उपस्थित लोगो के साथ विचार विमर्श किया। जिसमे सर्व समिति से झंडोतोलन का समय निर्धारित करते हुए सभी पंचायत सचिवालय में प्रखंड कर्मियों को प्रतिनियुक्त किया गया है । इस क्रम में प्रखंड कार्यालय पर 9 बजकर दस मिनट अंचल कार्यालय मे 9 बजकर पच्चीस मिनट पंचायत सचिवालय कटहर कला मे 9 बजकर पैतालीस मिनट पंचायत सचिवालय बीरबल 9 बजकर पचास मिनट पंचायत सचिवालय सगमा 9 बजकर पचपन मिनट पंचायत सचिवालय घघरी 10 बजकर पांच मिनट पंचायत सचिवालय सोनडीहा 10 बजकर दस मिनट सगमा स्थित भैया रुद्र प्रताप देव उच्च विद्यालय में 10 बजकर पंद्रह मिनट पर झंडोतोलन किया जाएगा। बैठक में पंचायत सचिव सुरेंद्र ठाकुर, सूर्यदेव सिंह, प्रिया कुमारी, पंचाती राज पदाधिकारी दीपक कुमार, मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा, मुखिया प्रतिनिधि राजेंद्र राम, मुखिया प्रतिनिधि हनुमंत कुमार यादव, मुखिया प्रतिनिधि अशोक कुमार राम, मनोरंजन कुमार आदि उपस्थित थे।

## 13 साईकिल की चोरी मामले का उद्भेदन, पांच गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** उन्नति का पहिया योजना के तहत कल्याण विभाग द्वारा छात्र-छात्राओं के बीच वितरण के लिए प्रखंड मुख्यालय के अंदर कैंपस में रखी गई 13 साईकिल की चोरी के मामले में भवनाथपुर थाना पुलिस ने चोरी के दर्ज कांड का त्वरित उद्भेदन करते हुए 12 साईकिल को बरामद कर चोरी की घटना में संलिप्त पांच चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसकी जानकारी शनिवार को थाना परिसर में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान श्री बंशीधर नगर एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने दी। छापेमारी के दौरान पुलिस टीम को सूचना मिली की अरसली के लामी टोला में अनिल बियार का लड़का एक नया साईकिल खरीदा है। सत्यापन में ज्ञात हुआ कि उक्त साईकिल बनखेता के विमलेश कुमार यादव उर्फ विक्की पिता विजय प्रसाद यादव ने बेची है, जिसके आधार पर पुलिस ने जब उससे पूछताछ कि तो उसने बताया कि उसे बुका के शंभू राउत उसका भाई तथा दोस्तो ने भवनाथपुर प्रखंड कार्यालय से साईकिल चोरी कर उसे सात साईकिल बेचने के लिए दिया था। उन्होंने बताया कि जब शंभू राउत को पकड़कर सख्ती से पूछताछ की गई तो इसमें संलिप्त अन्य आदित्य कुमार उर्फ अजीत राउत पिता गोखुल राउत, विकास कुमार पिता बीरबल राउत तथा बबल राउत पिता लखन राउत को गिरफ्तार किया गया। कहा कि उपरोक्त चोरों द्वारा चोरी की साईकिल को बनखेता के अलग अलग बच्चो को बेच दिया था, जिसमे मिले पैसा को शंभू और विकास खा पीकर खत्म कर दिया तथा अधिकांश पैसा उधार था। चोरों के निशानदेही पर चोरी गए 13 साईकिल में से 12 साईकिल को जब्त करते हुए उपरोक्त पांचों चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। प्रेसवार्ता में थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, एसआई प्रदीप उरांव, पुअनि नारायण प्रसाद, निरंजन प्रसाद शर्मा एवं पुलिस के जवान शामिल थे।


प्रेस कॉन्फ्रेंस करते एसडीपीओ।

## चेचरिया पंचायत के 200 से अधिक लोग झामुमो में शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** मेराल प्रखंड अंतर्गत चेचरिया पंचायत के दो सौ अधिक लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया। शनिवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर सभी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहना कर एवं मिठाई खिलाकर झामुमो में शामिल किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने सभी लोगों को पार्टी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दिलाया। मंत्री ने कहा कि पार्टी में शामिल होने वाले सभी लोग काफी ऊजार्वान हैं। ये सभी लोग अपने अनुभव से पार्टी को और मजबूती प्रदान करेंगे। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से अंबिका चौधरी, उपेंद्र चौधरी, मोहित चौधरी, सीताराम चौधरी, पवन देव चौधरी, राम सरीख राम, बलराम चौधरी, मुनेश्वर चौधरी, द्वारिका चौधरी, शुकुल राम, अजय राम, शिवनाथ चौधरी, बच्चा पासवान, राजेश चौधरी, कमालुद्दीन अंसारी, सरजू चौधरी, त्रिवेणी चौधरी, सीताराम चौधरी, भरदुल चौधरी, कृष्णा चौधरी दिलीप सिंह, रामप्रवेश सिंह सहित 200 से अधिक लोगों का नाम शामिल है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, दिलीप गुप्ता, अंकित पांडेय, सलीम जफर सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।


पार्टी में शामिल लोगों के साथ मंत्री मिथलेश ठाकुर।

## खबर एक नजर में

### बेगूसराय में गला रेतकर पति-पत्नी और बेटी की हत्या, बेटे की हालत नाजुक



**पटना।** बिहार के बेगूसराय में शुक्रवार रात एक ही परिवार के तीन लोगों की गला रेतकर हत्या कर दी गई। घटना बछवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत रसीदपुर के चिरंजीवीपुर गांव की है। पुलिस के मुताबिक, सोए अवस्था में अपराधियों ने एक ही परिवार के चार लोगों का धारदार हथियार से गर्दन काट दी। इसमें पति-पत्नी और बेटी की मौत हो गई है जबकि पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पीएससी में भर्ती कराया, उसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। इतना ही नहीं अपराधियों ने चारों के शरीर पर एसिड भी डाल दिया। मरने वालों की पहचान संजीवन महतो, संजीता देवी और सपना कुमारी के रूप में हुई है। बेटे अंकुश कुमार की हालत गंभीर है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बछवाड़ा थाने के मुताबिक, संजीवन महतो के परिवार के सदस्य घर में सो रहे थे। इस बीच अपराधियों ने घर में घुसकर धारदार हथियार से पति-पत्नी और उनके पुत्र-पुत्री की गर्दन काट दी। पति-पत्नी और पुत्री की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि संजीवन महतो ने दो शादी की थी। पहले से एक बड़ा लड़का है। ग्रामीणों का कहना है कि आपसी रंजिश में ही अपराधियों ने इस बड़ी घटना को अंजाम दिया है। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने बछवाड़ा थाना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस वारदात की जांच-पड़ताल कर रही है।

### लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास की बैठक



**भागलपुर।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास संगठन जिला नवगछिया की बैठक शनिवार को जिला अध्यक्ष अवधेश पासवान की अध्यक्षता में जिला प्रधान कार्यालय जमुनिया में हुई। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष सह गोपालपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सुरेश भगत ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने पूरे बिहार के कार्यकताओं को लोकसभा में पांचों के पांचों सीट जीतने पर प्रशस्ति पत्र के माध्यम से सम्मानित करने का निर्णय लिया है। साथ ही उन्होंने कहा कि यह सम्मान बिहार में 2025 के विधानसभा चुनाव में के लिए कार्यकताओं का मनोबल ऊंचा करेगा। पार्टी गठबंधन में रहकर बिहार विधानसभा का चुनाव लड़ेगी और बेहतर प्रदर्शन करेगी। प्रदेश महासचिव सह जिला प्रभारी संगीता तिवारी ने कहा कि आज पार्टी आप कार्यकताओं के बल पर नित नई ऊंचाई को छू रही है। उन्होंने कहा की 2025 का विधानसभा चुनाव गोपालपुर विधानसभा में कोई लोजपा का कार्यकर्त्ता ही लड़ेगा। इस मौके पर प्रधान महासचिव मिथिलेश क्रांति, जिला उपाध्यक्ष कैलाश यादव, प्रभास पासवान, अमरजीत यादव, महासचिव युगल चौरसिया, संसदीय बोर्ड जिला अध्यक्ष ललन महतो, अर्जुन शाह, निरंजन कुमार, अधिवक्ता प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अशोक कुमार ठाकुर, महासचिव जय नारायण यादव, प्रखंड अध्यक्ष अजय यादव, राज किशोर पासवान एवं जिला के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित हुए। जिन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### राजद जिलाध्यक्ष मनीष यादव ने की तेजस्वी यादव से मुलाकात



**फारबिसगंज/अररिया।** अररिया राजद जिलाध्यक्ष मनीष यादव ने नेता प्रतिपक्ष व बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से सरकारी आवास पर पहुंच कर औपचारिक मुलाकात की। उन्होंने अररिया जिला संगठन के विषय सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। इस संदर्भ में मनीष यादव ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव 2025 को ध्यान में रखते हुए मैंने उनसे पंचायत, प्रखंड व जिले के स्तर पर कुछ जरूरी बदलाव की अनुमति मांगी है। मैंने बड़े हीं अदब व विनम्रता से कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी रखे जिसको लेकर उनका सकारात्मक भाव रहा। संगठन में अनुशासन और अन्य कई विषयों को लेकर मैंने उनका ध्यान आकृष्ट कराया। मेरी इन बातों को हमारे नेता ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने बताया की जल्द ही तेजस्वी यादव बिहार के विभिन्न विधानसभा दौरे पर निकलने वाले हैं और उम्मीद है कि अगले महीने अररिया का कार्यक्रम भी तय होगा।

### नवादा में अंतर्जिला गिरोह के 6 लुटेरे गिरफ्तार, देसी कट्टा व लूट की बाइक बरामद

**नवादा।** नवादा पुलिस ने शनिवार को अंतर्जिला लुटेरा गिरोह का पदार्फाश किया है। पिछले दिनों नवादा जिले के हिसुआ में हथियार का भय दिखाकर राहगीर से बुलेट लूटकांड में कार्रवाई करते हुए नवादा पुलिस ने विभिन्न जिले के 6 अंतर्जिला अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में बख्तियारपुर का कुख्यात और 16 गंभीर कांडों का आरोपी लक्ष्मण पासवान और राजगीर बैंक डकैती का आरोपी गोल्डी सिंह जैसा कुख्यात शामिल है। गिरफ्तार अपराधियों में नालंदा जिले के दीप नगर थाना क्षेत्र के दारोगा बिगहा निवासी मैहर कुमार, बख्तियारपुर के पुरानी बाजार निवासी लक्ष्मण पासवान, बिहार शरीफ के सावगढ़ के निवासी गोल्डी सिंह, बेगूसराय जिले के सांभो सरलाही गांव का विकास कुमार, नालंदा के सिलाव थाना क्षेत्र के पाकी निवासी चुन्नू सिंह और पटना छडुचक निवासी नितिंद्र कुमार शामिल है। लूटकांड में शामिल अन्य तीन की गिरफ्तारी के लिए में पुलिस की छापेमारी जारी है। इस कांड में गिरफ्तार मितेंदर की निशानदेही पर पटना जिला अंतर्गत गौरी चौक से अभियुक्त के घर से एक देसी कट्टा बरामद किया गया है, जिसके विरुद्ध गौरीचक थाना अंतर्गत अलग से आर्म्स एक्ट के अंतर्गत कांड दर्ज किया गया। गया जिले में डकैती की योजना बनाने के आरोप में इन सभी अपराधियों के विरुद्ध कांड दर्ज की जा रही है।

### 261 ग्राम स्मैक के साथ दो कारोबारी गिरफ्तार

**किशनगंज।** स्मैक कारोबारी के विरुद्ध सदर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। जिला पुलिस कप्तान सागर कुमार के निर्देश पर गठित टीम ने खगड़ा में आरोपित के ठिकाने पर छापेमारी की। टीम ने 261 ग्राम स्मैक के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार आरोपितों में एक महिला भी शामिल है। पुलिस ने खगड़ा निवासी रहमान अंसारी उर्फ मोहम्मद रहमान उर्फ सुबोध व जहनाज खातून उर्फ डॉली को गिरफ्तार किया है। जब्त स्मैक की कीमत 55 लाख रुपये आंकी गई है। एसपी सागर कुमार ने शनिवार को प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि शहर में लगातार स्मैक बेचे जाने की सूचना मिल रही थी। जिससे युवा वर्ग नशे के आदि हो रहे थे। सूचना मिलते ही सदर थानाध्यक्ष संदीप कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया। टीम ने खगड़ा में आरोपी के आवास में छापेमारी कर स्मैक के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। मौके से पुलिस ने 1 लाख 40 हजार रुपये, एक मोबाइल व रजिस्ट्री से सम्बंधित तीन दस्तावेज बरामद किया है। पुलिस पकड़े गए आरोपितों से पूछताछ कर रही है। पुलिस की टीम के द्वारा जब आरोपित के घर छापेमारी की गई तब पुलिस भी यह देख कर हैरान रह गई की स्मैक की डिलिवरी के लिए स्मैक की छोटी-छोटी पुड़िया को तैयार किया जा रहा था। स्मैक की छोटी-छोटी पुड़िया तैयार कर इसे बेचा जाता है। एक एक पुड़िया की कीमत 250 से 400 होती है।

स्पीड न्यूज

## ब्राजील में क्रैश, 61 लोगों की मौत

**साओ पाउलो।** ब्राजील के साओ पाउलो प्रांत में एक यात्री विमान के रिहायशी इलाके में शुक्रवार रात दुर्घटनाग्रस्त होने से विमान में सवार सभी 61 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों और विमानन कंपनी ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि यह विमान साओ पाउलो से 80 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में स्थित विन्हेडो में रिहायशी इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हुआ लेकिन यह जानकारी नहीं है कि इस दुर्घटना में कोई स्थानीय नागरिक भी मारा गया है अथवा नहीं।राष्ट्रपति लुइस इनासियो लूला डी सिल्वा ने दक्षिण ब्राजील में एक समारोह में एक मिनट का मौन रखने का आग्रह किया और उन्होंने तीन दिन के शोक की घोषणा की।

## 1389 अग्निवीर नौसेना में शामिल

**नयी दिल्ली।** अग्निवीरों के चौथे बैच की पासिंग आउट परेड के बाद 214 महिला अग्निवीरों सहित 1389 अग्निवीर के आईएनएस चिल्का में शुक्रवार को नौसेना में शामिल हो गये। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि अग्निवीरों को 16 सप्ताह का कठोर नौसैनिक प्रशिक्षण दिया गया है। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने इस मौके पर आयोजित दीक्षांत परेड की समीक्षा की।

## इजरायल का गाजा के स्कूल हमला, 100 मरे

**गाजा।** गाजा शहर के एक स्कूल पर हुए इजरायली हमले में कम से कम 100 लोगों की मौत हो गई जबकि दर्जनों अन्य घायल हो गए। आईडीएफ ने शनिवार को कहा कि उसने गाजा शहर के एक स्कूल पर हवाई हमला किया उसने यह दावा दिया कि स्कूल में फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के लड़ाके मौजूद थे।

# कोलकाता में प्रशिशु महिला डॉक्टर की रेप के बाद हत्या

एजेंसी

**कोलकाता।** स्नातकोत्तर प्रशिक्षु महिला डॉक्टर की मौत के मामले में कोलकाता पुलिस ने शनिवार को बताया कि प्रारंभिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या से पहले यौन उत्पीड़न की पुष्टि हुई है। पुलिस ने संजय राय नाम के एक सिविक वालंटियर को शुक्रवार की रात गिरफ्तार किया है। पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। उसे इसका कोई पछतावा भी नहीं है और उसने कहा है कि उसे फांसी दे दी जाए।

आरोपी की गिरफ्तारी ईयरफोन के माध्यम से हुई है। सीसीटीवी फुटेज में आरोपी कैद भी हुआ है। उधर वीडियोग्राफी के बीच मृतका का पोस्टमार्टम किया गया। इसमें हत्या से पहले यौन उत्पीड़न की पुष्टि हुई है।

अदालत ने आरोपी को 14 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। कोलकाता स्थित एक सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सेमिनार हाल से शुक्रवार सुबह एक स्नातकोत्तर प्रशिक्षु महिला डॉक्टर का अर्द्धनग्न शव मिला था।

कोलकाता के पुलिस आयुक्त विनीत गोयल ने शनिवार को कहा कि यह सुनिश्चित किया जाएगा कि महिला स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर के यौन उत्पीड़न और हत्या के आरोपित को दोषी पाए जाने पर कठोरतम सजा मिले।

## सिविक वालंटियर संजय राय गिरफ्तार



हत्या के विरोध में प्रदर्शन करतीं महिला डॉक्टर।

**ईयर फोन से पकड़ा गया आरोपी :** पुलिस के मुताबिक घटनास्थल सेमिनार हॉल से एक टूटा हुआ ब्लूटूथ ईयरफोन मिला था, जो संजय राय का है। सीसीटीवी फुटेज में घटना से पहले संजय को गले में ईयरफोन लटकाकर सेमिनार हाल में प्रवेश करते देखा गया है। 30 मिनट बाद उसे बिना ईयरफोन के हाल से निकलते देखा गया है। इसके अलावा अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज में भी संजय की तस्वीरें कैद हुई हैं। इससे पता चला है कि संजय का अस्पताल में हमेशा आना-जाना लगा रहता था।

## दोषियों को फांसी दी जाये: ममता

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण और घिनौना बताया और कहा कि दोषियों को कठोर से कठोर सजा दी जाएगी। उन्हें सीबीआई जांच से भी कोई आपत्ति नहीं है। ममता ने कहा कि मैंने मामले को फास्ट-ट्रैक कोर्ट में ले जाने का निर्देश दिया है। अगर जरूरत पड़ी तो दोषियों को फांसी दी जाए, हालांकि मैं फांसी की सजा की समर्थक नहीं हूं।

**भाजपा ने की सीबीआई जांच की मांग :** बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने इस घटना की सीबीआई जांच की मांग की।

दूसरी ओर इस घटना के खिलाफ राज्यभर के सरकारी अस्पतालों के चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों ने भारी विरोध प्रदर्शन किया और न्याय की मांग की। अस्पताल में विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस के साथ उनकी धक्कामुक्की भी हुई।

**कठोरतम सजा सुनिश्चित की जाएगी:** गिरफ्तार व्यक्ति कथित तौर पर परिस्थितिजन्य साक्ष्यों और रात की ड्यूटी के दौरान मौजूद रहे अन्य डॉक्टरों से मिले विवरण के आधार पर इसमें शामिल लगता है।

**वीडियोग्राफी के बीच हुआ पोस्टमार्टम :** गोयल ने कहा कि पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी की गई और प्रक्रिया के दौरान मृतका के परिवार के सदस्य मौजूद थे। आरोपित को शनिवार को सियालदह अदालत में किया गया। जहां से उसे 14 दिनों की पुलिस हिरासत में भेजने का निर्देश दिया।

# सोमनाथन होंगे कैबिनेट सेक्रेटरी

▶▶ झारखंड कैडर के आइएएस राजीव गौबा 30 को होंगे रिटायर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस)के वरिष्ठ अधिकारी टीवी सोमनाथन को कैबिनेट सचिव नियुक्त किये जाने का निर्णय किया है। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के शनिवार को जारी सर्कुलर के अनुसार, सोमनाथन इस माह के अंत में अपना नया कार्यभार ग्रहण करेंगे। सोमनाथन, राजीव गौबा का स्थान लेंगे। झारखंड कैडर के 1982 बैच के आईएएस राजीव गौबा 30 अगस्त 2019 से कैबिनेट सचिव के पद पर कार्यरत हैं। विभाग के अनुसार मंत्रिमंडल की नियुक्तियों संबंधी समिति ने तमिलनाडु कैडर के 1987 बैच के आईएएस सोमनाथन को कैबिनेट सचिव बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। उनका कार्यकाल 30 अगस्त से दो साल के लिये रखा गया है। परिपत्र में कहा गया है कि कैबिनेट सचिव का पद संभालने से पहले वह कैबिनेट सचिवालय में विशेष कार्य अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे और 30 अगस्त को कैबिनेट सचिव का कार्यभार संभालेंगे।



तमिलनाडु कैडर के 1987 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी टीवी सोमनाथन को अप्रैल 2021 में वित्त सचिव नियुक्त किया गया था। इससे पहले 2015 से 2017 के बीच कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय (एमओसीए) में संयुक्त सचिव रहे सोमनाथन प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में आर्थिक नीतियों के क्रियान्वयन की देखरेख कर रहे थे।

# 109 उन्नत फसलें आज जारी करेंगे प्रधानमंत्री

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को राष्ट्रीय राजधानी में एक कार्यक्रम में 60 से अधिक प्रकार की फसलों की उच्च उपज देने वाली, जलवायु अनुकूल और जैव-सशक्त 109 किस्मों को जारी करेंगे। सरकार का मानना है कि उन्नत और बीज और पौधों की खेती-बाड़ी और इस क्षेत्र में सरकार की अन्य पहलों से किसानों की अच्छी आय सुनिश्चित होगी और उनके लिए उद्यमिता के नए अवसर प्राप्त होंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय की शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईआईएआर) में पूर्वाह्न 11 बजे आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री किसानों और वैज्ञानिकों से बातचीत भी करेंगे। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री 61 फसलों की 109 किस्मों को जारी करेंगे। जिनमें 34 खेती की और 27 बागवानी फसलों की किस्में शामिल होंगी। जिन सफसलों के नए बीज और किस्मे जारी की जानी हैं उनमें मोटे अनाज, चारा फसलें, तिलहन, दलहन, गन्ना, कपास,और मोटे अनाजों की फसलें शामिल हैं।

## बांग्लादेश के चीफ जस्टिस व केंद्रीय बैंक गवर्नर ने दिया इस्तीफा

**ढाका।** बांग्लादेश के मुख्य न्यायाधीश और केंद्रीय बैंक के गवर्नर ने इस्तीफा दे दिया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि छात्रों के विरोध प्रदर्शन के कारण प्रधानमंत्री शेख हसीना को अपने शासन के दौरान नियुक्त अधिक अधिकारियों को निशाना बनाने के लिए भागने के लिए मजबूर होना पड़ा। कानून मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि मुख्य न्यायाधीश ओबैदुल हसन ने इस्तीफा दे दिया, छात्रों ने उन्हें ऐसा न करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी थी।



## राष्ट्रपति को मिला तिमोर-लेस्ते का सर्वोच्च पुरस्कार

**नयी दिल्ली ।** तिमोर-लेस्ते की यात्रा पर गई राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को राष्ट्रपति जोस रामोस-होर्ता ने देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार ग्रैंड-कॉलर ऑफ द ऑर्डर ऑफ तिमोर-लेस्ते से सम्मानित किया है। मुर्म को यह पुरस्कार सार्वजनिक सेवा में उपलब्धियों, शिक्षा, व महिलाओं के सशक्तीकरण के प्रति समर्पण के लिए दिया गया है।

## रोज 10 मिनट आत्मरक्षा के लिए दें : कंगना रनौत



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने कहा कि हर रोज 10 मिनट आत्मरक्षा के लिए दें,दूसरों के हथियारों के आगे झुकना आपकी लड़ाई में अक्षमता का नतीजा नहीं होना चाहिए। कंगना ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम की स्टोरी पर एक नोट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने लिखा कि शांति हवा या सूरज की रोशनी में नहीं है, जिसे आप अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझते हैं और मुफ्त में आपके पास आ जाएगी। महाभारत हो या रामायण दुनिया के इतिहास में सबसे बड़ी लड़ाइयां शांति के लिए लड़ी गई हैं। अपनी तलवारें उठाएं और उन्हें धारदार रखें।


ADVT.

# शारदा ग्लोबल स्कूल में 'स्टीम' फेस्ट की धूम

## नर्सरी से लेकर 12वीं तक के छात्रों ने विभिन्न विषयों पर आधारित प्रोजेक्ट्स एवं मॉडल्स की सहायता से दिखाई अपनी प्रतिभा

सम्पूर्ण शिक्षा एक महत्वपूर्ण एवं वह शक्तिशाली उपकरण है जो हमें ज्ञान, उच्चतम सोच और सकारात्मकता की ओर बढ़ाता है। 'स्टीम' एक अन्तः विषयक लेकिन एकीकृत दृष्टिकोण है जिसका उद्देश्य छात्र को सम्पूर्ण विकास की ओर निर्देशित करना है तथा उनको भविष्य के वैज्ञानिक, इंजीनियर, कलाविद, गणितज्ञ और प्रौद्योगिकी नवप्रवर्तक बनने के लिए प्रशिक्षित करना है। 'स्टीम' शिक्षा सन् 2000 के दशक की शुरूआत से ही मानकीकृत प्राथमिक और माध्यमिक पाठ्यक्रम का हिस्सा रही है। तकनीकि और वैज्ञानिक पाठ्यक्रम में कला विषयों को जोड़ने से छात्र वास्तविक दुनियाँ के लिए तैयार और अधिक अनुकुलनशील बनते हैं। यह रचनात्मक, विस्तृत दृष्टिकोण, भारतीय संस्कृति एवं साहित्य को जानने, समझने एवं जीवन को बहुत नजदीक से देखने के दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करना है जो कार्यस्थल पर समस्या समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



दीप प्रज्ज्वलित करते मुख्य अतिथि राहुल पुरवार (आई॰ए॰एस॰), मोना पुरवार, आर॰ के॰ झा॰, विद्यालय के डायरेक्टर दीपक बंका, अनुज रंजन, रंजना स्वरूप, जशमित कौर (प्राचार्या) एवं दीपा बंका









शारदा ग्लोबल स्कूल अपने छात्रों को उच्च योग्य संकाय एवं अद्यतन उच्च सुविधाएँ प्रदान करता है जिसका उद्देश्य छात्रों को ऐसे रूप में तैयार करना है जिनमें वैज्ञानिक ज्ञान एवं कौशल के साथ- जीवन के विविध उतार-चढ़ाव को समझने एवं जीवन की चुनौतियों का सामना करने की क्षमता विकसित हो सके। विद्यालय के 2400 बच्चों ने 972 प्रोजेक्ट्स एवं मॉडल्स के द्वारा विज्ञान, इंजीनियरिंग, कला, गणित और प्रौद्योगिकी के नए-नए रूप प्रदर्शित किए। जो आगे आने वाले समय के लिए विशिष्ट स्थान रखते हैं।

'स्टीम' फेस्ट में कला के विविध रूपों के साथ ही नृत्य एवं संगीत के माध्यम से छात्र भारत की प्राचीन साहित्य एवं संस्कृति से ही परिचित नहीं होते वरन् वे अपनी प्राचीन आध्यात्मिकता से भी परिचित होते हैं और उनसे अपना जुड़ाव तथा उनके महत्व से भी परिचित होते हैं। सम्पूर्ण शिक्षा प्रत्येक छात्र में चरित्र, क्षमता, ज्ञान, विज्ञान के साथ-साथ करूणा को बढ़ावा देती है। सम्पूर्ण शिक्षा छात्रों के लिए कैरियर के नए द्वार खोलती है। 'स्टीम' अर्थात् सभी विषयों का ज्ञान छात्रों में गुणात्मक विकास की ओर ले जाती है। हमारे भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के शब्दों में - ''हमारी शिक्षा व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए कि छात्र आधुनिक युग की चुनौतियों का मुकाबला करने में सक्षम हो सके।''

'स्टीम' फेस्ट के मुख्य अतिथि श्री राहुल पुरवार (आई॰ए॰एस॰), प्रिन्सिपल सेक्रेटरी हायर एण्ड टेक्नीकल एजूकेशन तथा गेस्ट ऑफ ऑनर 'श्रीमती मोना पुरवार तथा शिक्षाविद् श्री आर॰ के॰ झा॰ प्रभारी प्रधानाचार्या देहली पब्लिक स्कूल राँची रहे। इसके अतिरिक्त स्पेशल इन्वाइटी के अन्तर्गत श्री विपुल मुंजाल एवं श्रीमती प्रेरणा मुंजाल तथा श्री प्रणव रॉय सर, विद्यालय के डायरेक्टर श्री दीपक बंका, श्री अनुज रंजन, विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डा॰ (श्रीमती) रंजना स्वरूप, प्राचार्या श्रीमती जसमीत कौर, श्रीमती दीपा बंका, अभिभावकगण एवं शिक्षकवृन्द तथा छात्र उपस्थित थे। छात्रों द्वारा बनाए गए मॉडल्स की अतिथियों ने भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि एक ही छत की नीचे साइन्स, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग तथा कला एवं मैथ्स पर आधारित मॉडल्स छात्रों में हरदम कुछ नया करने की प्रेरणा देते रहेंगे।




अभिभावकगण ने विद्यालय मैनेजमेन्ट, शिक्षकों की मेहनत और छात्रों के अथक परिश्रम की प्रशंसा करतु हुए कहा कि शारदा ग्लोबल स्कूल अपने छात्रों के जीवन में विविधता के रंग भरता है ताकि छात्र परिवार समाज एवं देश के प्रति अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहकर विद्यालय की छवि ग्लोबल स्तर पर स्थापित कर सकें, क्योंकि समग्र रूप से प्राप्त शिक्षा ही वह नींव जिसपर छात्र अपने भविष्य का निर्माण करते हैं।











